RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 96
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




सूर्यकुमार यादव टेस्ट खेलने को तैयार
स्पोर्ट्स-12

# मेरे पास 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद का सुरक्षा कवचः मोदी

## लोकसभा में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना, कहा- 'तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल यह है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं...'

- 2004 से 2014 तक का काल आजादी के इतिहास में सबसे अधिक घोटालों का दशक रहा
- प्रधानमंत्री के जवाब के बाद सदन ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया
- राहुल ने लगाया आरोप, पीएम कर रहे अडाणी का बचाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर देते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि देश की जनता नकारात्मकता स्वीकार नहीं कर सकती और उनके ऊपर लगाए गए झूठे आरोपों पर कभी भरोसा नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके पास 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद का सुरक्षा कवच है जिसे कोई भेद नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के 2004 से 2014 तक का काल आजादी के इतिहास में सबसे अधिक घोटालों का दशक रहा है और संप्रग सरकार के इन दस साल के कार्यकाल में कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर कोने में भारत के लोग असुरक्षित महसूस करते थे। मोदी ने 2जी, सीडब्ल्यूजी और अन्य घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि इन दस साल में वैश्विक मंचों पर भारत की साख इतनी कमजोर हो गई थी कि दुनिया उसकी बात सुनने को तैयार नहीं थी। अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर कांग्रेस सहित विपक्ष के आरोपों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन पर लोगों का भरोसा अखबार की सुर्खियों और टेलीविजन पर चमकते चेहरों से नहीं हुआ है बल्कि उन्होंने देश के लिए पूरा जीवन खपा दिया है, पल-पल खपा दिया है तथा देश के लोग झूठे आरोपों पर भरोसा नहीं करने वाले हैं।

प्रधानमंत्री के सदन में जवाब के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में मोदी ने जो वक्तव्य दिया उसमें सच्चाई नहीं थी और वह उद्योगपति गौतम अडाणी का बचाव कर रहे हैं। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, भाषण में सच्चाई नहीं है। अगर (अडाणी)मित्र नहीं हैं तो यह कह देते कि जांच होगी। राहुल ने ट्वीट भी किया, न जांच कराएंगे, न जवाब देंगे। प्रधानमंत्री जी बस अपने मित्र का साथ देंगे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा, देशवासियों का जो मोदी पर भरोसा है वो इनकी (विपक्ष की) समझ से बाहर है और इनकी समझ से ऊपर की बात है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि जो अहंकार में डूबे रहते हैं, उनको लगता है कि मोदी को गाली देकर ही हमारा रास्ता निकलेगा और गलत आरोप लगा कर ही आगे बढ़ पाएंगे। प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान सदन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। कांग्रेस का नाम लिए बिना उसके घटते जनाधार पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने प्रसिद्ध कवि दुष्यंत की पंक्तियां पढ़ीं, तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल यह है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं...।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जिन माताओं, बहनों, बेटियों को उज्ज्वला योजना, जनता को मुफ्त अनाज, आवास आदि योजनाओं का लाभ मिला हो, वे ऐसी गालियों, झूठे आरोपों पर कैसे भरोसा करेंगे। अपने लगभग डेढ़ घंटे के भाषण में मोदी ने कहा कि दुनिया में कोरोना महामारी सहित अनेक संकटपूर्ण हालात के बीच देश को जिस तरह से संभाला गया, उससे पूरा देश आत्मविश्वास से भर रहा है एवं पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा और भरोसा है। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद सदन ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया। भारत राष्ट्र समिति के सदस्यों ने प्रधानमंत्री का जवाब शुरू होने से पहले सदन से बहिर्गमन किया। विपक्ष को नकारात्मकता फैलाने के विरूद्ध सचेत करते हुए मोदी ने कहा, भारतीय समाज नकारात्मकता को सहन कर लेता है, स्वीकार नहीं करता है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के क्रम में उनके कश्मीर जाने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो हाल में जम्मू-कश्मीर (शेष पेज 8)

### प्लास्टिक बोतलों को रिसाइकिल कर बनाई सदरी पहन संसद पहुंचे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी प्लास्टिक की बोतलों को रिसाइकिल करके बनाई गई सामग्री से निर्मित सदरी (जैकेट) पहनकर बुधवार को संसद पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी सुबह राज्यसभा में हल्के नीले रंग की सदरी पहने नजर आए। अधिकारियों ने बताया कि मोदी की सदरी प्लास्टिक की बोतलों का पुनर्चक्रण(रिसाइकिल) करके बनी सामग्री से तैयार की गई है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने सोमवार को बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह के दौरान प्रधानमंत्री को यह जैकेट भेंट की थी। उन्होंने इस कार्यक्रम में इंडियन ऑयल की अनबॉटल्ड पहल के तहत विभिन्न पोशाक लॉन्च की।अधिकारियों ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के प्रधानमंत्री (शेष पेज 8)

# गाजियाबाद कोर्ट परिसर में घुसा तेंदुआ, 10 पर हमला



कोर्ट परिसर में ग्रिल के गेट को बंद कर रोका गया तेंदुआ और हमले में घायल को ले जाते लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- दो वकीलों, एक हेड कांस्टेबल, एक मोची व महिला समेत दस लोगों को किया लहूलुहान, रात आठ बजे किया काबू

**गाजियाबाद** शहर के बीचों-बीच स्थित कोर्ट परिसर में बुधवार को तेंदुआ घुस गया और उसने दो वकील, एक पुलिसकर्मी, चार आम लोगों समेत 10 लोगों पर हमला कर दिया। इससे वे लहूलुहान हो गए। रात में करीब आठ बजे तक भारी मशक्कत के बाद तेंदुए को काबू कर लिया गया। वहां मौजूद हर व्यक्ति की जुबां पर यही सवाल था कि आखिर भीड़ भरे कोर्ट परिसर में आखिर तेंदुआ कहां से आ गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाजियाबाद कोर्ट में दोपहर बाद खाली जगह पर तेंदुआ देखा गया। बताया जा रहा है कि यह तेंदुआ आईएमटी की तरफ से कोर्ट परिसर में आया और उसने सीजेएम कोर्ट के ऑफिस न. 050-के सामने जूते पॉलिश करने वाले युवक पर हमला कर दिया। इससे चारों तरफ हड़कंप मच गया। भीड़ और शोर होने से तेंदुआ उत्तेजित हो गया और बौखलाकर इधर-उधर भागने लगा।

कभी वह अदालत परिसर में बनी कोर्ट में घुस जाता तो कभी नीचे आ जाता। इस दौरान कुछ वकील ठंडे और फावड़े लेकर तेंदुए से भिड़े भी मगर उन पर हमला कर दिया। किसी के चेहरे, किसी के सिर तो किसी की गर्दन पर सीधा वार किया। जब वह भूतल पर आकर एक जगह छिप गया तो उसे (शेष पेज 8)

# राहुल ने सदन को गुमराह कियाः रविशंकर प्रसाद

- केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा-गंगा की तरह पवित्र है प्रधानमंत्री की सोच और समर्पण भाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को लोकसभा में कांग्रेस नेता पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि उस व्यक्ति ने प्रधानमंत्री पर आरोप मढ़े हैं जो खुद भ्रष्टाचार के मामले पर जमानत पर है।

वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और समर्पण का भाव गंगा नदी की तरह पवित्र है। प्रसाद ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर निचले सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए यह दावा भी किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सदन को गुमराह किया और वह हताश हैं क्योंकि मोदी सरकार में डील और कमीशन बंद हो चुका है।

राहुल गांधी ने मंगलवार को अडाणी समूह से जुड़े मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर कुछ आरोप लगाए थे और यह दावा किया था कि 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा के आने के बाद उद्योगपति गौतम अडाणी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी की टिप्पणी में पीड़ा, गुस्सा और हताशा दिख रही थी...यात्रा में आप किससे मिलते हैं इसका असर होता है। आपके साथ विध्वंसक तत्व चलते हैं तो (शेष पेज 8)

# त्रिपुरा में योगी की ललकार बुलेट ट्रेन की गति से विकास

- चुनावी रैली में यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा- डबल इंजन की सरकार ने बढ़ाई प्रगति की रफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** अगरतला, लखनऊ



त्रिपुरा के कुमारघाट में एक चुनावी रैली में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**त्रिपुरा** में दो दिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तीन जनसभाओं में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा। योगी अगरतला के धालेश्वर स्थित महायोगी श्रीश्री गोरक्षनाथ मंदिर भी गए।

यहां उन्होंने शिवावतारी महायोगी गुरु श्री गोरक्षनाथ के दर्शन-पूजन कर सुखी-स्वस्थ जीवन की कामना की। सूर्यमणिनगर विधानसभा क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ ने विधायक व भाजपा प्रत्याशी रामप्रसाद पाल के लिए वोट मांगा। बोले कि त्रिपुरा विकास का नया मॉडल बन रहा है। पांच वर्ष में डबल इंजन सरकार ने बुलेट ट्रेन की गति से विकास कार्य किया। कोरोना के दौरान फ्री में टेस्ट, उपचार, वैक्सीन के साथ ही अब तक फ्री राशन दिए जा रहे हैं।

मोदी के नेतृत्व में विकास की योजनाओं को बढ़ाया जा रहा है। सीएम ने पूछाकि पहले संतों से कैसा व्यवहार होता था। मैं भी संत परंपरा और नाथ संप्रदाय से जुड़ा हूं। देश के सबसे बड़े राज्य में जनता की सेवा के साथ अयोध्या में भगवान राम मंदिर के निर्माण को बढ़ा रहे हैं। यह केवल भाजपा ही कर सकती है। 500 वर्ष के इंतजार के बाद अगले वर्ष तक भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होगा। रामलला अपने मंदिर में विराजमान होंगे तो आप अयोध्या आइए दर्शन कीजिए, आपके स्वागत में पूरा उत्तर प्रदेश तैयार रहेगा। यह नया भारत है, यहां आतंकवाद, हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। अगरतला एयरपोर्ट का नाम महाराजा (शेष पेज 8)

# भारत समेत कई देशों में चीन ने भेजा था जासूसी गुब्बारा

**पीएनएस/एजेंसी।** वाशिंगटन/नई दिल्ली

- एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया दावा, हाल ही में अमेरिका ने ऐसे एक गुब्बारे मार गिराया था
- लद्दाख में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चुशुल-डुंगती-फकचे-डेमचोक सड़क पर काम शुरूः जयशंकर

**चीन** ने भारत और जापान समेत कई देशों को निशाना बनाकर जासूसी गुब्बारों के एक बेड़े को संचालित किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। उधर, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ 33 महीने से जारी सीमा गतिरोध के बीच बुधवार को कहा कि भारत ने स्पष्ट सामरिक कारणों से चीन के साथ लगती उत्तरी सीमाओं पर बुनियादी ढांचे के तेजी से विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।

जयशंकर ने संवाददाताओं के एक समूह को बताया कि लद्दाख क्षेत्र में 135 किलोमीटर तक फैली रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चुशुल-डुंगती-फुकचे-डेमचोक सड़क पर काम पिछले महीने शुरू हुआ था। जयशंकर ने बताया कि चीन के साथ लगती सीमा पर सैनिकों की तैनाती बनाए रखने के लिए आवश्यक 16 प्रमुख दर्रो को रिकॉर्ड समय में और पिछले वर्षों की तुलना में बहुत पहले खोल दिया गया है। अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख में सीमावर्ती क्षेत्रों से लगे कुछ पर्वतीय दर्रों को भीषण सर्दी के महीनों में भारी हिमपात के कारण बंद कर दिया जाता है।

वहीं मीडिया रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ ही दिन पहले अमेरिकी सेना ने अमेरिका के संवेदनशील प्रतिष्ठानों के ऊपर मंडरा रहे एक चीनी निगरानी गुब्बारे को नष्ट कर दिया था। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत (शेष पेज 8)

# आरबीआई ने रेपो 0.25 से बढ़ा 6.5% की, बढ़ेगी ईएमआई

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

- अगले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.4% रहने का अनुमान रखा

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की आखिरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में एक बार फिर नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की। इससे मुख्य नीतिगत दर बढ़कर 6.50 प्रतिशत हो गई है। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इस दर में वृद्धि का मतलब है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिया जाने वाला आवास और वाहन ऋण तथा कंपनियों के लिए कर्ज महंगा होगा और मौजूदा ऋण की मासिक किस्त (ईएमआई) बढ़ेगी। यह लगातार दूसरी बार है जब मुख्य ब्याज दर में धीमी दर से वृद्धि की गई है। हालांकि, आरबीआई ने मुख्य मुद्रास्फीति (मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र की महंगाई) ऊंची रहने की भी बात कही है। इसके साथ आने वाले समय में नीतिगत दर रेपो में और वृद्धि का संकेत दिया है। केंद्रीय बैंक ने अगले वित्त वर्ष में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है। यह चालू वित्त वर्ष के सात प्रतिशत के वृद्धि दर के अनुमान से कम है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विचार करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। मौद्रिक नीति समिति के छह सदस्यों में से चार ने रेपो दर बढ़ाने और उदार रुख को वापस लेने पर ध्यान देने के पक्ष में मतदान किया। आरबीआई मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए इस साल मई से लेकर अबतक कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। इससे पहले, मई में रेपो दर 0.40 प्रतिशत तथा जून, अगस्त तथा सितंबर में 0.50-0.50 प्रतिशत तथा दिसंबर में (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,663 | ↑ 377 | |
| निफ्टी | 17,871 | ↑ 150 | |
| सोना | 57,463 | ↑ 335 | /10g |
| चांदी | 68,075 | ↑ 516 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कैलाश-मानसरोवर यात्रा को लेकर संशय बरकरार

**पिथौरागढ़।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के बारे में इसे संचालित करने वाली नोडल एजेंसी को अभी तक विदेश मंत्रालय से कोई सूचना नही मिली है, जिसके कारण लगातार चौथे साल इस वार्षिक तीर्थयात्रा के संचालन पर संशय के बादल मंडरा रहे है। पिथौरागढ़ जिले मे स्थित लिपुलेख दर्रे के जरिए हर साल यह यात्रा होती है। हालांकि, कोविड-19 महामारी की वजह से 2020 से यह यात्रा स्थगित है। यात्रा की नोडल एजेंसी कुमाऊंमंडल विकास निगम के अधिकारी एपी. वाजपेई ने बताया, विदेश मंत्रालय से अब तक यात्रा के बारे में कोई सूचना नही मिली है। निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी ने कहा, 1981 में लिपुलेख दर्रे के माध्यम से शुरूहुई इस यात्रा में 2019 तक हर साल करीब 1,000 श्रद्धालु तिब्बत में स्थित पवित्र कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा करते रहे है।

# सिख कैदियों की रिहाई को लेकर प्रदर्शनकारियों व पुलिस में झड़प



चंडीगढ़ में पुलिस से भिड़ते प्रदर्शनकारी।

**संजय कुमार मेहरा।** चंडीगढ़

- दर्जनों घायल, पानी की बौछार और लाठीचार्ज के बाद मची अफरा-तफरी, प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त

**चंडीगढ़** में बुधवार को बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर सिख संगठन के प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच भिड़ंत के बाद अफरा-तफरी मच गई। जहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया वहीं सिख संगठन के सदस्यों ने पुलिस और निजी वाहनों को जमकर निशाना बनाया। दोनों पक्षों की तरफ से हुई इस हिंसक झड़प में दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह सारा घटनाक्रम पंजाब-चंडीगढ़ की सीमा पर हुआ। (शेष पेज 8)

# देशवासी 14 फरवरी को मनाएं 'काउ हग डे'

- केंद्रीय पशुपालन व डेयरी मंत्रालय के अधीन भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने पत्र जारी कर लोगों से की अपील

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**वेलेंटाइंस** डे से पहले भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने आम लोगों से अनुरोध किया कि वे 14 फरवरी को काउ हग डे यानी गाये को गले लगाने का दिन मनाएं। इससे भारतीय संस्कृति की रीढ़ कही जाने वाली गाय के पालन और कल्याण को लेकर जागरूकता बढ़ेगी और लोगों के घरों में समृद्धि व खुशहाली आएगी।

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अधीन आने वाले भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने दावा किया है कि गायों को गले लगाने से न केवल भावनात्मक समृद्धि आएगी बल्कि इससे लोगों को व्यक्तिगत और सामूहिक खुशी मिलेगी। अपनी अपील को बोर्ड ने ट्विटर पर पोस्ट किया है, जहां उसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ लोगों ने इस विचार को बेहतरीन बताया है तो कई ने कहा कि ऐसी कवायद से कोई फायदा नहीं होने वाला। बीते 6 फरवरी को सचिव एसके दत्ता द्वारा हस्ताक्षरित इस अपील के शुरू में लिखा गया है कि जैसा कि हम सब जानते हैं कि गाय भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ समझी जाती है। यह हमारे जीवन को बेहतर बनाती है और पशु कल्याण एवं जैव विविधता का प्रतिनिधित्व भी करती है। यही नहीं, गाय में एक मां की तरह प्रकृति का पालन करने का गुण होता है। इसलिए इसे कामधेनु और गौमाता के रूप में जाना जाता है, जो मानवता को समृद्धि प्रदान करती है। अपील में कहा गया है कि गुजरते समय के साथ पश्चिम संस्कृति हावी हो रही है और वैदिक परंपराएं लगभग विलुप्त होने के कगार पर हैं। पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध ने हमारी भौतिक संस्कृति और विरासत को लगभग भुला दिया है। पत्र में कहा गया है कि गाय को गले लगाने से भावनात्मक समृद्धि आएगी, जिससे हमारी व्यक्तिगत और सामूहिक खुशी बढ़ेगी।

इसलिए सभी गौ प्रेमी गौमाता के महत्व को ध्यान में रखते हुए तथा जीवन को सुखी और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण करने के लिए 14 फरवरी को 'काउ हग डे' के रूप में मना सकते हैं। इस अपील में यह भी स्पष्ट कहा गया है कि यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के साथ और पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के निर्देश पर जारी किया गया है। हाल के वर्षों में धार्मिक नेता आसाराम के अनुयायियों ने भी देशवासियों से 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन (शेष पेज 8)

# नोएडा में बनेगा लुलु मॉल, कंपनी 2500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

- ग्रेटर नोएडा में प्रोजेक्ट को दी गई जमीन, करीब 6000 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे
- स्थानीय किसान फल, सब्जी, दुग्ध उत्पादों को अच्छे दामों पर कंपनी फूड पार्क को बेच सकेंगे



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लखनऊ के बाद नोएडा में भी लुलु ग्रुप मॉल बनाएगा। इसके लिए बुधवार की सुबह नोएडा विकास प्राधिकरण और लुलु ग्रुप के बीच समझौता हुआ है।

दोनों ओर से किए गए समझौते के मुताबिक लुलु ग्रुपनोएडा शहर में 2500 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। आपको बता दें कि लुलु ग्रुप ने लखनऊ में मॉल बनाकर तैयार किया है, जो ऑपरेशनल है। ग्रेटर नोएडा में लुलु प्रोजेक्ट को जमीन दी जा चुकी है। मंगलवार को झांसी में मॉल बनाने के लिए इस समूह ने समझौता किया है। फूड प्रोसेसिंग सेक्टर और मॉल बनाने वाली प्रमुख कंपनी लुलू ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से भी अक्टूबर 2022 में जमीन मांगी थी। कंपनी के प्रतिनिधियों ने 20 अक्टूबर 2022 को सीईओ ऋतु माहेश्वरी से मुलाकात की और अपनी परियोजना से अवगत कराया था। लुलू ग्रुप ने बताया था कि ग्रेटर नोएडा में विश्वस्तरीय मॉल बनाना चाहते हैं। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कंपनी के प्रतिनिधियों ने सीईओ ऋतु माहेश्वरी से मुलाकात की और अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया। कंपनी प्रतिनिधियों ने इस मॉल को बनाने में करीब 1.500 करोड़ रुपये का निवेश करने की जानकारी दी थी।

करीब 6000 युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा में लुलू ग्रुप का यह दूसरा प्रोजेक्ट है।

कंपनी इससे पहले ईकोटेक-10 में देश का सबसे बड़ा फूड पार्क बना रही है। यह फूड पार्क 20 एकड़ क्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। इससे स्थानीय किसान फल, सब्जी, दुग्ध उत्पादों को अच्छे दामों पर कंपनी फूड पार्क को बेच सकेंगे। उनको फसलों की अच्छी कीमत प्राप्त हो सकेगी।

फूड पार्क से करीब 1700 युवाओं के लिए रोजगार के द्वार भी खुलेंगे। कंपनी इन उत्पादों का निर्यात मध्य एशिया व अन्य देशों को करेगी।

अत्याधुनिक तकनीकों वाला यह प्रदेश का सबसे बड़ा फूड पार्क होगा। इस फूड पार्क में 20000 मिट्रिक टन क्षमता का स्टोरेज भी होगा। अगर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मॉल बनाने का प्रस्ताव मंजूर होता है तो गौतमबुद्ध नगर में लुलु ग्रुप की तीन परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी। इस समूह का जिले में निवेश 4500 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा में अचानक ठप हुई गैस आपूर्ति, लोग परेशान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट सोसायटी में रहने वाले लोगों को सुबह से एक अजीब तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन सोसाइटी में सुबह से ही घरेलू गैस की आपूर्ति ठप हो जाने से ऑफिस पर और काम पर जाने वाले लोग को परेशानियों का सामना करना पड़ा और स्कूल जाने वाले बच्चों के परिवार वालों के सामने समस्या खड़ी हो गई कि बिना लंच के वह कैसे अपने बच्चों को स्कूल भेजें। सोशल मीडिया पर लगातार लोगों की शिकायतें मिलने के बाद घरेलू गैस आपूर्ति सप्लाई करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने बयान जारी कर कहा कि गैस आपूर्ति प्रभावित होने के पीछे कुछ तकनीकी कारण है, इंजीनियर काम कर रहे हैं।

बहुत ही जल्द सेवा शुरू हो जाएंगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में रहने वाली शरीन खान के लिए आज का सुबह काफी परेशानियों लेकर आईए गैस न आने की वजह से ब्रेकफास्ट नहीं बन सका। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में रहने वाली शरीन खान के लिए आज का सुबह काफी परेशानियों लेकर आईए गैस न आने की वजह से ब्रेकफास्ट नहीं बन सका। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में रहने वाली शरीन खान के लिए आज का सुबह काफी परेशानियों लेकर आई, जब सुबह उठकर ब्रेकफास्ट और लंच बनाने की तैयारी में जुटी, तभी अचानक गैस की आपूर्ति ठप हो गई।

## राजस्थान की शराब बिहार में बेचने वाले दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार करके राजस्थान ब्रांड की 50 पेटी शराब बरामद की है। खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी लंबे वक्त से बिहार में तस्करी की शराब पहुंचाते थे।

क्राइम ब्रांच गाजियाबाद को सूचना मिली कि काले रंग की कार राजस्थान से गाजियाबाद में आने वाली है, जिसमें अवैध शराब रखी है। तलाशी में कार से राजस्थान मार्का 50 पेटी शराब मिली। पुलिस ने इस मामले में अकबर खान निवासी झारखंड और आकाश श्रीवास्तव निवासी गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी फिलहाल फरीदाबाद में रह रहे हैं। वे राजस्थान के नरेश नामक व्यक्ति के जरिये शराब खरीदते हैं।

## कोर्ट केस को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त

- सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सभी विभागों के साथ बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लगातार हो रहे कंटेप्ट और अदालत के मामलों को लेकर प्राधिकरण सख्त है। इसको लेकर आज नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सभी विभागों के साथ बैठक की। बैठक में सभी ओएसडी मौजूद रहे।



उन्होंने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर जिन मामलों में प्रतिवेदन किए जाने है उनको तत्काल बनाया जाए उसे दाखिल किया जाए। कोर्ट में जितने मामले चल रहे है उनमे मजबूत पैरवी की जाए। ताकि प्राधिकरण की साख बनी रहे। इस कार्य के लिए शनिवार और रविवार को भी विभागीय काम किया जाएगा। सोमवार तक का ये अल्टीमेटम है।

इसके बाद विभागों के एचओडी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। बैठक में प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह समान्य प्रशासन ओएसडी अविनाश त्रिपाठी कार्मिक, ओएसडी प्रसून द्विवेदी के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इन सभी ने अपने अपने विभाग के अदालत में चल रहे केसों की संख्या और उनके स्टेटस के बारे में सीईओ को जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सबसे ज्यादा विवादित मामले सामान्य प्रशासन में रेहड़ी पटरी के मिले। इनकी संख्या करीब 160 रही। इसके बाद भूलेख विभाग के 60 मामले सामने आए। इन सभी में प्राधिकरण की ओर से जवाब दिया जा रहा है। बता दे प्राधिकरण को हाल ही में 295 करोड़ का मुआवजा एक करोड़ रुपए की जमीन के लिए देना पड़ा था। ये मामला रेड्डी विरन्ना से जुड़ा था। इसके बाद कई और मामले सामने आए जिसमें इसी केस को आधार बनाकर रिट फाइल की गई। ऐसा बार बार न हो इसके लिए उन्होंने अदालती पैरवी बेहतर तरीके से की जाए। सीईओ ने निर्देशित किया कि इन मामलों में जो प्रतिवेदन तैयार करने है उन सभी को जल्द तैयार किया जाए।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS_T1518FBGD
REG. NO. HR38Z2646-YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE 4,64,271.27

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 24.02.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :JAGDISH SINGH KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 919582795967
EMAIL-jagdish.singh@kotak.com



**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**

सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 17–18, रोज–का–मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा–122103, भारत
ई–मेल : investor.relations@okplay.in, वेबसाइट : www.okplay.in

**31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु पृथक्कृत और समेकित अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31–12–2022 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31–12–2021 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: नौ माह समाप्त 31–12–2022 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: नौ माह समाप्त 31–12–2021 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत: वर्ष समाप्त 31–03–2022 लेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही 31–12–2022 अलेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही 31–12–2021 अलेखापरीक्षि | समेकित: नौ माह समाप्त 31–12–2022 अलेखापरीक्षि | समेकित: नौ माह समाप्त 31–12–2021 अलेखापरीक्षित | समेकित: वर्ष समाप्त 31–03–2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,622.36 | 3,001.42 | 2,112.61 | 9,700.19 | 4,455.43 | 7,640.77 | 4,700.40 | 4,019.35 | 2,728.22 | 12,831.56 | 6,007.48 | 10,236.27 |
| 2 | शुद्ध लाभ/(हानि), अपवाद मदों तथा कर से पूर्व | 451.73 | (133.61) | (193.43) | 131.35 | (1,518.22) | (1,124.10) | 431.51 | (97.03) | (225.88) | 34.03 | (1,413.27) | (1,053.72) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 446.91 | (142.80) | (193.95) | 105.97 | (1,521.95) | (1,132.26) | 426.69 | (106.22) | (226.41) | 8.65 | (1,417.05) | (1,061.93) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 446.91 | (142.80) | (193.95) | 105.97 | (1,521.95) | (821.88) | 448.68 | (129.92) | (226.41) | 6.94 | (1,417.05) | (771.83) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय/(हानि) [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है ] | 446.91 | (138.70) | (193.95) | 105.97 | (1,521.95) | (817.78) | 448.68 | (129.92) | (226.41) | 6.94 | (1,417.05) | (767.73) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 | 1,920.81 |
| 7 | अन्य इक्विटी (संचेय, पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) | - | - | - | 2,589.13 | 1,778.99 | 2,483.17 | - | - | - | 1,968.31 | 1,403.57 | 1,964.78 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू. में) | 2.33 | (0.72) | (1.01) | 0.55 | (7.92) | (4.26) | 2.34 | (0.68) | (1.18) | 0.04 | (7.38) | (4.00) |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 2.33 | (0.72) | (1.01) | 0.55 | (7.92) | (4.26) | 2.34 | (0.68) | (1.18) | 0.04 | (7.38) | (4.00) |

टिप्पणियां :
1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.okplay.co.in) पर उपलब्ध है।
2) उपरोक्त पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणाम बुधवार, 08 फरवरी, 2023 को आयोजित संबंधित बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
राजन हांडा
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन – 00194590)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 08 फरवरी, 2023


## ऑर्थोट्रापिक किडनी ट्रांसप्लांट से मरीज को मिला नया जीवन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



किडनी खराब होने से तीन साल डायलिसिस करा रहे पूर्व पुलिस ऑफिसर को ऑर्थोट्रापिक किडनी ट्रांसप्लांट कर नया जीवन दिया है। यह ऑपरेशन गजियाबाद के वैशाली स्थित मैक्स अस्पताल में डॉ. अनंत कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस टीम में डॉक्टर मनीषा दस्सी, डॉक्टर शैलेंद्र गोयल, डॉक्टर विमल दस्सी और डॉक्टर उपवन चौहान थे।

डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि मरीज अजय मलिक किडनी के अंतिम स्टेज की बीमारी से जूझ रहे थे। उनकी पत्नी ने किडनी दान करने की इच्छा जताई, लेकिन उनकी किडनी का आकार बढ़ गया था। ऐसे में यह सर्जरी अधिक जटिल थी। मरीज की जान बचाने के लिए मरीज और डोनर की स्थिति को ध्यान में रखते हुए टीम ने बहुत ही रेयर किस्म की ट्रांसप्लांट सर्जरी यानी ऑर्थोट्रॉपिक किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी की। जिसमें ऑपरेशन के बाद मरीज का जीवन बेहतर हो जाता है। डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि रोबोटिक और लैप्रोस्कोपी की मदद से किडनी को मरीज के अंदर ठीक उसी जगह लगाया गया जहां उनकी अपनी किडनी हुआ करती थी। ऑर्थोट्रॉपिक प्रक्रिया में बहुत डीप जाकर सर्जरी की जाती है. जबकि सामान्य हीटरोटॉपिक सर्जरी की प्रक्रिया में किडनी को पेट के बराबर में इंप्लांट किया जाता है। इस प्रक्रिया में छोटा चीरा लगाने के साथ जोखिम भी कम हो जाता है। उन्होंने बताया कि सर्जरी के 7 दिन बाद मरीज और डोनर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। वर्तमान में मरीज के शरीर में भी किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद से कोई समस्या नहीं हुई।


**MAX Healthcare**

**सार्वजनिक सूचना**

**मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने हेतु**

एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि नीचे दिए गए मैक्स मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर, पंचशील पार्क जनवरी, 2019 से दिसंबर, 2019 तक की अवधि में अस्पताल में अपने मरीजों के उपचार और/या निष्पादित जांच और/या मृत्यु से संबंधित मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट करेगा।

इसके अलावा सेंटर जनवरी-2019 से दिसंबर-2019 तक के डेथ रिकॉर्ड को नष्ट करेगा।

जो कोई भी मरीज ऊपर वर्णित अवधि से संबंधित अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि हासिल करना चाहते/चाहती हैं वे नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संपर्क व्यक्ति से सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे (सोमवार से शनिवार) के बीच लिखित रूप में अनुरोध कर सकते/सकती हैं। ऐसे सभी अनुरोध-आवेदन नीचे तालिका में यथा-उल्लिखित संबंधित व्यक्ति को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 3 (तीन) महीने के भीतर अवश्य पहुंच जाने चाहिए। मेडिकल रिकॉर्ड के लिए अनुरोध के लिए रोगी के स्व-प्रमाणित फोटो पहचान पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मरीज अपनी ओर से मेडिकल रिकार्ड के लिए आवेदन करने और/या इन्हें संगृहीत करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भी, मरीज और अधिकृत व्यक्ति के फोटो पहचान और हस्ताक्षर सबूत की स्व-अभिप्रमाणित प्रति के सहित उसके लिए विधिमान्य प्राधिकार-पत्र/मुख्तारनामे के साथ, अधिकृत कर सकते/सकती हैं। मृत मरीजों के मामले में, मेडिकल रिकॉर्ड में दर्ज परिचर उसके लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं/किसी और व्यक्ति को आवेदन करने के लिए अधिकृत कर सकते/सकती हैं। कृपया ध्यान दें कि ऐसे रिकॉर्ड की आपूर्ति करने के लिए मानक प्रभार लागू होंगे।

| अस्पताल का नाम और पता | संपर्क व्यक्ति के विवरण | नष्ट किये जाने वाले मेडिकल रिकॉर्ड की अवधि |
|---|---|---|
| मैक्स मल्टी स्पेशियलिटी सेंटर पंचशील पार्क, एन-110, पंचशील पार्क, नई दिल्ली-110017 | श्री राकेश कुमार शर्मा SAT: rakesh.sharma@maxhealthcare.com मोबाइल-9811298534 कार्यालय 011-46097200 | पी.एन.डी.टी. दस्तावेज़ जनवरी 2019 से दिसंबर 2020 तक ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. दस्तावेज़ जनवरी 2019 से दिसंबर 2019 तक |
| मैक्स इंस्टिट्यूट कैंसर केयर, लाजपत नगर 26A, 2nd फ्लोर, रिंग रोड लाजपत नगर, नई दिल्ली -110024 | श्री राकेश कुमार शर्मा SAT: rakesh.sharma@maxhealthcare.com मोबाइल-9811298534 कार्यालय 011-46097200 | ओ.पी.डी एवं आई.पी.डी दस्तावेज़ - जनवरी -2019 से दिसंबर - 2019 |



**Piramal Capital & Housing Finance**

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 25600000503 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) विशाल खुराना (कर्जदार) नेहा खुराना (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 32,11,064/– (रूपए बत्तीस लाख ग्यारह हजार चौंसठ मात्र) एनपीए (04–08–2018) | यूनिट नंबर 1804, तल संख्या 18, टावर टी–18, निराला एस्टेट, प्लॉट नंबर जीएच 04, टेकजोन–4, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (एलसी नंबर : 11900002367 नोएडा शाखा) भरत सचदेव (कर्जदार) कल्पना दास (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 1,25,938/– (रूपए एक लाख पच्चीस हजार नौ सौ अड़तीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर डब्ल्यूजैड–21, (प्लॉट नंबर 23), आरएचएस तृतीय तल छत के साथ, गली नंबर 4, केएच नंबर 1, ग्राम नंगली जालिब कृष्णा पुरी, दिल्ली, नई दिल्ली–110018 |
| (एलसी नंबर : 25600000753 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) मुश्कबर फातिमा सैयदा (कर्जदार) सुरेन्द्र मोहन (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 31,92,945/– (रूपए इकतीस लाख बानवे हजार नौ सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (04–10–2019) | यूनिट नंबर फ्लैट 1703 (आर0190बी91703) टावर/ब्लॉक बी9, टावर एटी ईको विलेज–2, जीएच–1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 26600000863 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) दिनेश कुमार (कर्जदार) सुमन (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 14,26,216/– (रूपए चौदह लाख छब्बीस हजार दो सौ सोलह मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर 251/2–सी, द्वितीय तल, एलएचएस फ्लैट, ब्लॉक नंबर 4, खसरा नंबर 1824/415, ग्राम चंद्रावली श्री राम नगर, शाहदरा, नई दिल्ली– 110032 |
| (एलसी नंबर : 25600000719 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) सुरजीत सिंह (कर्जदार) आशालता सामंत (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 1,55,06,633/– (रूपए एक करोड़ पचपन लाख छह हजार छह सौ तेतीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 806, आठवां तल, नालंदा हाइट्स ताज नगरी फेज–2, फतेहाबाद रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश–283111 |
| (एलसी नंबर : 27400000573 भिवाडी शाखा) स्वप्ना शर्मा (कर्जदार) पंकज शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 3,90,307/– (रूपए तीन लाख नब्बे हजार तीन सौ सात मात्र) एनपीए (31–10–2021) | यूनिट नंबर 204, टावर नंबर 15 बी, एलआईजी द्वितीय तल, रीको आनंदम नीमराणा, अलवर नीमराणा अलवर, राजस्थान–301706 |
| (एलसी नंबर : 26600001276 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) निखिल कुमार वर्मा (कर्जदार) राजरानी देवी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 29,92,044/– (रूपए उन्तीस लाख बानवे हजार चौवालीस मात्र) एनपीए (30–08–2022) | 1/5745, पुराना एम सी नंबर 1261–ए/5, अपर ग्राउंड बिना छत, गली नंबर 15, केएच नंबर 232/1, बलबीर नगर, शाहदरा, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : 09600001602 नई दिल्ली पश्चिम शाखा) विनोद कुमार खंडेलवाल (कर्जदार) ममता खंडेलवाल (सह–कर्जदार 1) पवन खंडेलवाल (सह–कर्जदार 2) | 27–12–2022/रू. 10,86,630/– (रूपए दस लाख छियासी हजार छह सौ तीस मात्र) एनपीए (29–09–2022) | फ्लैट नंबर 102, आरजैडएच–734–ए (प्लॉट नंबर8) प्रथम तल, रियर एलएचएस, केएच नंबर 56/17 एवं 18, गली नंबर 14, ग्राम पालम, राज नगर–II, दिल्ली, नई दिल्ली– 110045 |
| (एलसी नंबर : 13100001893 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) विनोद कुमार गर्ग (कर्जदार) उमा गर्ग (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 1,00,62,226/– (रूपए एक करोड़ बासठ हजार दो सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (09–10–2022) | सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजैड–316, प्लॉट नंबबर ए–172, ब्लॉक–ए, खसरा नंबर 2051, ग्राम तिहाड़ अब कालोनी हरि नगर के नाम से जानी जाती है, नई दिल्ली– 110033 |
| (एलसी नंबर : 24900001390 दिल्ली जनकपुरी शाखा) विजय गुप्ता (कर्जदार) अल्पना गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 22,85,768/– (रूपए बाईस लाख पिचासी हजार सात सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (29–09–2022) | प्लॉट नंबर 25 और 26, भू तल, पाकेट––, सेक्टर–24, रोहिणी, नई दिल्ली– 110085 |
| (एलसी नंबर : 20000042563 नोएडा सेक्टर–2 शाखा) मनोहर लाल (कर्जदार) मनशील कुमार (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 10,33,152/– (रूपए दस लाख तेतीस हजार एक सौ बावन मात्र) एनपीए (09–10–2022) | एच नंबर 1810, द्वितीय तल, बिना छत, गली नंबर 6, केएच नंबर 2388/1317/638, रामा ब्लॉक भोलानाथ नगर, शाहदरा, नई दिल्ली– 110032 |
| (एलसी नंबर : 25500001595 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) सदानंद चौधरी (कर्जदार) प्रवीण कुमार पटेल (सह–कर्जदार 1) संध्या चौधरी (सह–कर्जदार 2) | 27–12–2022/रू. 23,76,585/– (रूपए तेईस लाख छहत्तर हजार पांच सौ पिचासी मात्र) एनपीए (30–10–2022) | आरजैडएफ–757/18/3, यूजीएफ (फ्रंट साइड बिना छत) गली नंबर 2, केएच नंबर 47/18/2, ग्राम पालम राज नगर–2, पालम कालोनी, नई दिल्ली– 110075 |
| (एलसी नंबर : 13100002024 नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा) तसलीम अहमद सलमानी (कर्जदार) इसरत (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 17,17,053/– (रूपए सत्रह लाख सत्रह हजार तिरेपन मात्र) एनपीए (30–10–2022) | 1/9387, तृतीय तल, छत के साथ, गली नंबर 7, केएच नंबर 354, ग्राम उलधानपुर शाही मोहल्ला, वेस्ट रोहतास नगर, शाहदरा, नई दिल्ली– 110032 |
| (एलसी नंबर : 25600000752 कड़कड़डूमा नोएडा शाखा) हरेन्द्र कुमार (कर्जदार) अर्चना यादव (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 10,72,400/– (रूपए दस लाख बहत्तर हजार चार सौ मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 807, जी एफ टावर ए 8 सिग्नेचर ग्लोबल, सोलेरा–2, गुरूग्राम, हरियाणा–122104 |
| (एलसी नंबर : 01400004696 नई दिल्ली शाखा) अजय जैन (सह–कर्जदार 2) मोना जैन (गारंटर 1) | 27–12–2022/रू. 79,60,181/– (रूपए उनासी लाख साठ हजार एक सौ इक्यासी मात्र) एनपीए (30–10–2022) | सम्पत्ति सं. एफ–601, केएच नंबर 136/85 तथा 135/85, ग्राम मीरपुर तुर्क, करावल नगर खजूरी खास मेन रोड, शाहदरा, नई दिल्ली– 110094 |
| (एलसी नंबर : 11900002757 नोएडा शाखा) जुगेन्द्र सिंह (कर्जदार) पूनम देवी (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 30,76,037/– (रूपए तीस लाख छहत्तर हजार सैंतीस मात्र) एनपीए (30–10–2022) | डी–54, लाल बाग कालोनी, केएच नंबर 166 एवं 167, ग्राम अहमद नगर, नवादा, परगना लोनी, निकट सब्जी मंडी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (एलसी नंबर : 26600001235 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) प्रिंस (कर्जदार) गीता मोंगा (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 24,45,812/– (रूपए चौबीस लाख पैंतालीस हजार आठ सौ बारह मात्र) एनपीए (09–10–2022) | 5126/12, तृतीय तल, हर्षफूल सिंह बिल्डिंग घंटाघर सब्जी मंडी, नई दिल्ली– 110007 |
| (एलसी नंबर : 19900042001 फरीदाबाद सेक्टर–19 शाखा) दीपक कुमार प्रधान (कर्जदार) चंदन प्रधान (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 22,16,875/– (रूपए बाईस लाख सोलह हजार आठ सौ पचहत्तर मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर 608, छठा तल टावर टी4, सेक्टर–70, फरीदाबाद, हरियाणा–121001 |
| (एलसी नंबर : 09200002128 रोहिणी शाखा) इंदरपाल सिंह भाटिया (कर्जदार) तेजिन्दर कौर (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 15,54,468/– (रूपए पंद्रह लाख चौवन हजार चार सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (29–09–2022) | फ्लैट नंबर 13/100 जनता (स्लम) प्रथम तल, डीडीए फ्लैट ब्लॉक 13, निकट कबूल नगर गुरूद्वारा डबल स्टोरी, कबूल नगर, जी टी रोड, शाहदरा, नई दिल्ली– 110032 |
| (एलसी नंबर : 26600001605 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) पंकज जैन (कर्जदार) सोनिया जैन (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 38,90,018/– (रूपए अड़तीस लाख नब्बे हजार अठारह मात्र) एनपीए (30–08–2022) | पी–44/1, प्रथम एवंद्वितीय तल बिना छत, केएच नंबर 194, ग्राम घोंडली, गली नंबर 3, शंकर नगर एक्सटेंशन, शाहदरा, नई दिल्ली– 110051 |

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| (एलसी नंबर : 25500002203 नेताजी सुभाष प्लेस शाखा) सूर्य प्रभा सौरभ (कर्जदार) मनीषा पासवान (सह–कर्जदार 1) | 27–12–2022/रू. 20,88,322/– (रूपए बीस लाख अठासी हजार तीन सौ बाईस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | सम्पत्ति सं. 1131–बी/2, द्वितीय तल, बैक साइड, खसरा नंबर 93, गली नंबर 11, गोविंदपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली– 110019 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी34180 नोएडा सेक्टर–2 शाखा) भारती शर्मा (कर्जदार) | 27–12–2022/रू. 11,89,000/– (रूपए ग्यारह लाख नवासी हजार मात्र) एनपीए (08–11–2022) | अपार्टमेंट नंबर 002, टावर ई–1, जीएचपी–001, यूनिहोम्स–II, सेक्टर–117, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (एलसी नंबर : 20000043101 नोएडा सेक्टर–2 शाखा) रजनीश कुमार शुक्ला (कर्जदार) | 27–12–2022/रू. 49,84,292/– (रूपए उन्चास लाख चौरासी हजार दो सौ बानवे मात्र) एनपीए (29–09–2021) | बी–3/बी–11, 11वां तल, प्लॉट नंबर जीएच–05/बी, शुभकामना टेकहोम्स, सेक्टर–137, टाइप बी, एक्सप्रेसवे, नोएडा, उत्तर प्रदेश– 201301 |
| (एलसी नंबर : 196डीईएल36980 दिल्ली–सफदरजंग शाखा) मुख्तार सिंह (कर्जदार) | 27–12–2022/रू. 21,94,550/– (रूपए इक्कीस लाख चौरानवे हजार पांच सौ पचास मात्र) एनपीए (08–11–2022) | एच/फ्लैट नंबर 503, 5वां तल, प्लॉट नंबर ब्लॉक सी, रीजेन्सी हाइट्स, सेक्टर–90, ग्राम चंडीगढ़ मोहाली, चंडीगढ़, पंजाब–140901 |
| (एलसी नंबर : 200एनओडी38710 नोएडा सेक्टर–2 शाखा) रोहित वर्मा (कर्जदार) | 27–12–2022/रू. 22,52,784/– (रूपए बाईस लाख बावन हजार सात सौ चौरासी मात्र) एनपीए (08–11–2022) | एच/फ्लैट नंबर सी1–303, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 10, संस्कृति, सेक्टर–01, ग्राम ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश– 201308 |
| (एलसी नंबर : पीएचएलपीजीयूआर06000552 गुरूग्राम शाखा) नीलम नीलम (कर्जदार) कुलदीप सिंह पुत्र राजेन्द्र (सह–कर्जदार 1) जी टेक लर्न प्रा. लि. (सह–कर्जदार 2) | 27–12–2022/रू. 37,03,269/– (रूपए सैंतीस लाख तीन हजार दो सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (07–07–2022) | 519, 5वां तल, प्लैटीनम टावर, सेक्टर–47, सोहना रोड, मालिबु टाउन, गुरूग्राम, हरियाणा, भारत 122001 |
| (एलसी नंबर : 03100011227 अहमदाबाद शाखा) विनय कुमार राधामोहन सिंह (कर्जदार) रंजना सिंह (सह–कर्जदार 1) शांतिलाल डाभी (सह–कर्जदार 2) | 29–12–2022/रू. 11,90,979/– (रूपए ग्यारह लाख नब्बे हजार नौ सौ उनासी मात्र) एनपीए (09–01–2022) | फ्लैट नंबर ए/46, शालीन हाइट्स–4, निकट ओमशांतिनगर, लाम्भा–वातवा रोड, नरोल अहमदाबाद, गुजरात–382405 |
| (एलसी नंबर : 196डीईएल37623 दिल्ली–सफदरजंग शाखा) आशा यादव (कर्जदार) राजेश यादव (सह कर्जदार 1) | 29–12–2022/रू. 13,69,603/– (रूपए तेरह लाख उनहत्तर हजार छह सौ तीन मात्र) एनपीए (30–06–2021) | एच/फ्लैट नंबर 8सी, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर एलआईजी फ्लैट, प्रशादनगर, ग्राम करोल बाग, नई दिल्ली–110005 |
| (एलसी नंबर : 09200001159 रोहिणी शाखा) वीरेन्द्र मोहन (कर्जदार) सुरेन्द्र मोहन (सह–कर्जदार 1) मोहिन्दर मोहन (सह–कर्जदार 2) शील प्रभा (गारंटर 1) मोहन्स एंटरप्राइजेज (गारंटर 2) | 29–12–2022/रू. 40,31,662/– (रूपए पंद्रह लाख चौवन हजार चार सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (30–10–2022) | फ्लैट नंबर 2 बी 051, 5वां तल, टावर नंबर 2, ब्लॉक बी जी सी ग्रैंड वैभव खंड, प्लॉट नंबर 2सी , इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश |
| (एलसी नंबर : 26600000763 दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा) पवन कुमार (कर्जदार) मुकेश सोलंकी (सह–कर्जदार 1) एन एस इंडस्ट्रीज (सह–कर्जदार 2) | 29–12–2022/रू. 77,43,269/– (रूपए सतहत्तर लाख तेतालीस हजार दो सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | मकान नंबर बीयू–32, प्रथम तल छत के अधिकार नहीं, ब्लॉक–बीयू, पीतमपुरा, निकट डीडीए मार्किट, नई दिल्ली– 110034 |
| (एलसी नंबर : 09600000976 नई दिल्ली पश्चिम शाखा) राज कुमार सुखवानी (कर्जदार) वासदेव सुखवानी (सह–कर्जदार 1) ज्योति सुखवानी (सह–कर्जदार 2) पुष्पा सुखवानी (गारंटर 1) लाइफकेयर मेडिका (गारंटर 2) | 29–12–2022/रू. 1,19,47,189/– (रूपए एक करोड़ उन्नीस लाख सैंतालीस हजार एक सौ नवासी मात्र) एनपीए (30–10–2022) | यूनिट नंबर एसईए–02–12एपी2, 12ए तल(13वां तल) टावर नंबबर 2, सी कोर्ट, पट्टा भूमि–1, जेपी ग्रीन्स, ब्लॉक–जी, सूरजपुर कासना रोड, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201306 |
| (एलसी नंबर : 09600000976 नई दिल्ली पश्चिम शाखा) राज कुमार सुखवानी (कर्जदार) वासदेव सुखवानी (सह–कर्जदार 1) ज्योति सुखवानी (सह–कर्जदार 2) पुष्पा सुखवानी (गारंटर 1) लाइफकेयर मेडिका (गारंटर 2) | 29–12–2022/रू. 64,68,194/– (रूपए चौंसठ लाख अड़सठ हजार एक सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (30–10–2022) | यूनिट नंबर एसईए–02–12एपी2, 12ए तल(13वां तल) टावर नंबबर 2, सी कोर्ट, पट्टा भूमि–1, जेपी ग्रीन्स, ब्लॉक–जी, सूरजपुर कासना रोड, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201306 |
| (एलसी नंबर : 196डीईएल35691 दिल्ली–सफदरजंग शाखा) अभिषेक तनेजा (कर्जदार) रिंकी डावर (सह कर्जदार 1) | 29–12–2022/रू. 13,35,390/– (रूपए तेरह लाख पैंतीस हजार तीन सौ नब्बे मात्र) एनपीए (09–10–2022) | फ्लैट नंबर 186, 18वां तल, टावर–9, पाम ओलिम्पिया, प्लॉट जीएच–02, ग्रेटर सेक्टर 16 सी, ग्राम ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश –201307 |
| (एलसी नंबर : 1890000330 बहादुरगढ़ शाखा) चंद्र प्रकाश (कर्जदार) अश्वनी कुमार (सह कर्जदार 1) दीपक मेहता (सह–कर्जदार 2) संगीता मेहता (गारंटर 1) | 29–12–2022/रू. 22,43,614/– (रूपए बाईस लाख तेतालीस हजार छह सौ चौदह मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट : 24 एसएफ (फ्रंट साइड) ब्लॉक–ए, गोवर्धन पार्क, ग्राम हस्तसाल, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 |
| (एलसी नंबर : 09200001971 रोहिणी शाखा) लक्ष्मी (कर्जदार) मनप्रीत सिंह (सह–कर्जदार 1) हरकृष्ण सॉल्यूशन (सह–कर्जदार 2) | 29–12–2022/रू. 48,21,595/– (रूपए अड़तालीस लाख इक्कीस हजार पांच सौ पिच्यानवे मात्र) एनपीए (08–11–2022) | तृतीय तल, बी–133, पंचवटी अपार्टमेंट्स, एफ ब्लॉक, विकास पुरी, नई दिल्ली–110018 |
| (एलसी नंबर : 13300000670 कनॉट प्लेस शाखा) मनमोहन लाखन (कर्जदार) हीरा कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 29–12–2022/रू. 42,29,971/– (रूपए बयालीस लाख उन्तीस हजार नौ सौ इकहत्तर मात्र) एनपीए (09–10–2022) | प्लॉट नंबर 28, प्रथम तल एवं द्वितीय तल (छत के साथ), ब्लॉक एफ, पाकेट 18, सेक्टर–15, रोहिणी, नई दिल्ली–110032 |
| (एलसी नंबर : पीएचएचएलएनओआई0500114गुरूग्राम शाखा) संदीप कुमार रोशन (कर्जदार) | 29–12–2022/रू. 38,69,737/– (रूपए अड़तीस लाख उनहत्तर हजार सात सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (31–01–2022) | फ्लैट नंबर 39, टाइप एस1ए, टावर डी, सिद्धार्थ विहार, एनएच–24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 09–02–2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड


## पुलिस ने मेवाती गिरोह के चार बदमाशों को पकड़ा

**नोएडा।** थाना फेस 1 पुलिस ने अन्तर्राज्यी मेवाती वाहन चोर गिरोह के 04 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये सभी नोएडा के ओखला पक्षी विहार के गेट के पास से चोरी की योजना बना रहे थे। इस दौरान नौ बदमाशों की जानकारी थी। पुलिस की घेराबंदी देख पांच बदमाश फायर करते हुए वहां से फरार हो गए। पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस ने इनकी पहचान राहुल उर्फ मोनू, इंसाफ, चांद और सलमान के रूप में हुई है। इनके कब्जे से चोरी की क्रेटा कार एवं मोटर साइकिल एवं होंडा सिटी कार बरामद की है। इस गिरोह के अन्य साथी टाटा 407 एवं बुलेरो पिकअप लेकर मौके से फरार हो गए। फरार बदमाशों ने थाना सेक्टर-24, थाना सेक्टर-58, थाना फेस 1 व थाना सेक्टर-20 से चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की चोरियां की है।

## कॉन्स्टेबल को कार से कुचलने की कोशिश

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-125 एमिटी यूनिवर्सिटी के सामने एक काली रंग की पन्नी चढ़ी लाल रंग की कार ने ट्रैफिक कॉन्स्टेबल को कुचलने का प्रयास किया। कॉन्स्टेबल ने कूदकर अपनी जान बचाई। उसको चोट भी लगी है। मौके से छात्र फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कार चालक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान कुनाल निवासी दिल्ली हुई है। वह एमिटी से बीए कर रहा है।

कॉन्स्टेबल आलोक ने काली पन्नी लगी कार को रुकने का इशारा किया। कुनाल ने कार रोकने की बजाय उसकी स्पीड बढ़ाते हुए कॉन्स्टेबल को कुचलने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर कार को आगे रोक लिया। कॉन्स्टेबल की शिकायत पर कुनाल को गिरफ्तार किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# जासूसी मामले में बढ़ी सिसोदिया की मुसीबत

## एलजी ने सीबीआई को दी उपमुख्यमंत्री पर केस दर्ज करने की अनुमति, फाइल राष्ट्रपति को भेजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आबकारी नीति घोटाले में फंसे उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अब दिल्ली सरकार के फीडबैक यूनिट मामले में सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज करने की मंजूरी उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दे दी है। एलजी सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास मामले को भेजा है।

सूत्रों के अनुसार उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गृह मंत्रालय के माध्यम से सिसोदिया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के लिए मामला राष्ट्रपति के भास भेजा है।

आरोप के मुताबिक, आम आदमी पार्टी की सरकार ने वर्ष 2016 में फीडबैक यूनिट बनाई थी, जिसका इस्तेमाल राजनीतिक जासूसी के लिए किया जाता था।

सीबीआई ने 12 जनवरी को विजिलेंस डिपार्टमेंट को एक रिपोर्ट सौंपी थीं, जिसमें मनीष सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के लिए उपराज्यपाल से मंजूरी मांगी थी।

सीबीआई ने मनीष सिसोदिया के अलावा पूर्व विजिलेंस डायरेक्टर आरके सिन्हा, दिल्ली सरकार के फीडबैक यूनिट के अधिकारी प्रदीप कुमार पुंज, सतीश व मुख्यमंत्री के सलाहकार गोपाल मोहन के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की अनुमती मांगी है।



### वर्ष 2015 में बनाई गई फीडबैक यूनिट

वर्ष 2015 में आम आदमी पार्टी की सरकार ने कथित तौर पर सतर्कता विभाग को मजबूत करने के लिए एक फीडबैक यूनिट बनाई। एक शिकायत पर सीबीआई द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में दावा किया गया है कि एफबीयू ने राजनीतिक खुफिया जानकारी भी एकत्र की है। सीबीआई के अधिकारियों के मुताबिक फीडबैक यूनिट के लिए 1 करोड़ रुपए का सिक्रेट फंड भी आवंटित किया गया था।

### भाजपा ने आप पर लगाए गंभीर आरोप

*नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार 2015 में अपनी स्थापना से ही राजनीतिक विरोधियों के प्रति द्वेष भावना से काम करती है और उनके दमन में विश्वास करती है। इसी मकसद से 1 फरवरी 2016 को केजरीवाल सरकार ने फीड बैक यूनिट की स्थापना राजनीतिक विरोधियों, केन्द्रीय मंत्रियों, सांसदों, उपराज्यपाल कार्यालय, मीडिया हाउसों, प्रमुख व्यापारियों ही नहीं न्यायाधीशों तक पर नजर रखने के लिये की थी।*



वीरेन्द्र सचदेवा

*सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने एफबीयू. की स्थापना भी बिना प्रशासनिक एवं आर्थिक मंजूरी केवल अपने कैबिनेट की स्वीकृति के आधार पर कर दी जिसमें बिहार पुलिस से लाये गये 17 पुलिस एवं अन्य कर्मी रखे गये। इनका मुखिया एक सेवानिवृत्त सीआईएसएफ का डीआईजी बनाया गया जिनसे वरिष्ठ एक दर्जन अधिकारी एसीबी एवं सतर्कता विभाग में उपलब्ध थे। प्रारम्भ से ही दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग ने इस पर आपत्ति की पर सितम्बर 2016 में जब अश्वनी कुमार सतर्कता निदेशक बने तो उन्होंने एफबीयू से काम का लेखा जोखा मांगा पर वह अपने काम की कोई रिपोर्ट नहीं दे पायी।*



स्कूल में छात्र-छात्राओं से बातचीत करते शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया।

# शिक्षा मंत्री ने की छात्रों से पढ़ाई पर चर्चा

- बोले- बच्चे बड़े सपने देखने लगे है क्योंकि सरकारी स्कूलों में मिल रही सभी सुविधा
- सिसोदिया ने तीन स्कूलों का किया दौरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों के बच्चे किसी से कम नहीं हैं। दिल्ली सरकार के स्कूलों में अब सीखने-सीखाने का मतलब पूरी तरह से बदल गया है।

छात्र-छात्राएं सीखने के लिए केवल किताबों पर निर्भर नहीं है बल्कि स्कूल उन्हें मौका दे रहा है कि वे विभिन्न नए तरीकों से पाठ्य सामग्री ढूंढ़ पढ़े। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बुधवार को सर्वोदय कन्या विद्यालय सेक्टर-16 रोहिणी, स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस, रोहिणी सेक्टर-17 व सर्वोदय कन्या विद्यालय प्रह्लादपुर का दौरा कर यह बात कही। साथ ही वह हैप्पीनेस क्लासरूम में शामिल हुए और बच्चों के साथ पढाई व आगामी परीक्षाओं को लेकर उनकी तैयारियों को लेकर उनसे चर्चा की।

इस दौरान बच्चों ने उपमुख्यमंत्री से कहा वह अब बड़े सपने देखने लगे है, उन्हें विश्वास है कि वह उसे पूरा कर सकते है क्योंकि उनके पास भी वे सभी सुविधाएं मौजूद है जो किसी अच्छे स्कूल में होती हैं।

बच्चों के साथ चर्चा करते हुए शिक्षामंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में अब सीखने-सीखाने का मतलब पूरी तरह से बदल गया है। भारतीय संविधान को पढ़कर व सीखकर स्कूल के बच्चों ने परिवार में सबके कर्तव्य-जिम्मेदारी और हक के लिए बना डाला घर का ही एक संविधान। साथ ही छात्रों ने संविधान के विषय में सीखने के लिए स्कूल में ही एक संविधान सभा बनाई है ताकि वो रटकर सीखने के बजाय हर पहलू को अच्छे ढंग से समझ सकें। यहाँ चर्चा के दौरान बच्चों ने बताया कि अब वो हर एक कॉन्सेप्ट्स को रिसर्च ओरिएंटेड तरीके से सीखते है और सीखने के लिए किताबों से इतर जाते हुए विभिन्न मॉड्यूल्स की प्रयोग करते है।

उपमुख्यमंत्री ने देखा कि स्कूल में 9वीं क्लास के छात्र सरकार की नीतियों से सीखने के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस के लिए कई नीतियाँ बना भी रहे है। यह देखकर खुशी हो रही है कि इतनी छोटी उम्र से ही स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे न केवल नीतियों को समझ रहे है बल्कि नीतियों का निर्माण भी कर रहे है जो इस चीज का उदाहरण है कि बच्चों की पढाई केवल स्कूलों तक सीमित नहीं है बल्कि वे अपने आसपास के वातावरण, वहां की समस्याओं, चुनौतियों से भी सीख रहे है और उन मुश्किलों-चुनौतियों को समझते हुए उन्हें दूर करने के लिए नीतियां बना रहे।

# आबकारी नीति मामले में सीए और कारोबारी गिरफ्तार

- सीबीआई और ईडी की अलग-अलग कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के लेखा परीक्षक बताए जा रहे चार्टर्ड अकाउंटेंड (सीए) बुच्ची बाबू गोरंटला को गिरफ्तार किया है। झ

वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की आबकारी नीति में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में पंजाब के कारोबारी गौतम मल्होत्रा को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हैदराबाद निवासी गोरंटला को आबकारी नीति मामले के संबंध में पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया था। अधिकारियों ने बताया कि वह सहयोग नहीं कर रहा था और जवाब देने में टालमटोल कर रहा था, जिसके बाद उसे मंगलवार शाम गिरफ्तार कर लिया गया। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और उसके कार्यान्वयन में गोरंटला की भूमिका से हैदराबाद स्थित थोक एवं खुदरा लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ पहुंचा। एजेंसी सीए को एक विशेष अदालत में पेश करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने आरोप लगाया कि गौतम मल्होत्रा जवाब देने में टालमटोल कर रहे थे और कार्टेलाइजेशन के आरोपों के संबंध में उनकी भूमिका दिल्ली सरकार द्वारा तैयार की गई आबकारी नीति के सिलसिले में ईडी की जांच के दायरे में है।

व्यवसायी को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया जाएगा, जहां ईडी उसकी हिरासत की मांग करेगी। गौतम मल्होत्रा का शराब बनाने और वितरण का कारोबार पंजाब के साथ-साथ दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी फैला हुआ है। ईडी ने पिछले साल पंजाब के फरीदकोट और कुछ अन्य स्थानों पर मल्होत्रा के समूह से जुड़े परिसरों पर छापा मारा था। आबकारी नीति 2पिछले साल अगस्त में खत्म कर दिया गया था और दिल्ली के उपराज्यपाल ने बाद में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से इसमें हुई कथित अनियमितताओं की जांच करने को कहा था।

### जिगोलो बनाने का झांसा देकर हजारों युवाओं से ठगी

**नई दिल्ली।** जिगोलो के रूप में काम करने का लालच देकर ऑनलाइन नौकरी की तलाश कर रहे हजारों युवाओं से ठगी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आरोपियों में से एक व्यक्ति खुद को प्रवासी भारतीय महिला ग्राहक के रूप में पेश करता था और युवाओं को लुभाने के लिए महिला की आवाज में बात करता था।

# रैपो पहुंचा रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों का दूसरा बैच



- लोक व्यवस्था प्रबंधन में 15 दिनों तक प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण

**पीएनएस/** नई दिल्ली/मेरठ

द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो), मेरठ में विशेष प्रशिक्षण के लिए रेलवे सुरक्षा बल के 15 राजपत्रित अधिकारियों के दूसरा बैच संस्थान पहुंचा। जहां ये अधिकारी दो सप्ताह का प्रशिक्षण लेंगे। प्रशिक्षण का शुभारंभ रैपो मेरठ के प्रांगण में 6 फरवरी को अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, रैपो द्वारा किया गया।

अखिलेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से इन अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण एवं लोक व्यवस्था प्रबंधन के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षित किया जायेगा। इन अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था की ड्यूटियों के दौरान उपयोग होने वाले लैस लीथल वैपन एवं मुनेशन के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी तथा लैस लीथल वैपन एवं मुनेशन से फायरिंग का अभ्यास कराया जायेगा। इस अवसर पर श्री अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका तथा भारतीय रेलवे की संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ की भूमिका को ध्यान में रखते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के आधुनिक तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी। वर्ष 2022 से वर्तमान तक रेलवे सुरक्षा बल के 24 अधिकारियों एवं 310 कार्मिकों कुल 334 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है दंगा नियंत्रण एवं प्रबन्धन संस्थान, द्रुत कार्य बल, लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) मेरठ अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में लोक व्यवस्था प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

# आंबेडकर अस्पताल में महिलाओं के लिए विशेष ओपीडी शुरू

- ओपीडी में बाल रोग विशेषज्ञ भी रहेंगे मौजूद, लाखों लोगों को होगा फायदा : सिसोदिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार सभी नागरिकों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने और स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत ढांचे को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में दिल्ली सरकार ने दक्षिणपुरी के अम्बेडकर नगर अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग और बाल रोग की विशेष ओपीडी शुरू की है। ओपीडी में प्रसूति एवं स्त्री रोग और बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।



यहां सभी उम्र की महिलाओं को किशोरवस्था से लेकर मासिक धर्म की शुरुआत और गर्भावस्था से लेकर मीनोपॉज सम्बन्धी स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाएं चौबीसों घंटे मिलेगी। खासकर दक्षिण दिल्ली की महिलाएं और बच्चे विश्वस्तरीय किफायती स्वास्थ्य सेवा को लाभ उठा पाएंगे। भविष्य में अस्पताल में अन्य विशिष्ट सेवाओं को भी चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जाएगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दक्षिणपुरी स्थित अम्बेडकर नगर अस्पताल नवनिर्मित 600 बिस्तरों वाला अस्पताल है।

वर्तमान में अम्बेडकर नगर अस्पताल बड़ी संख्या में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। यहां कोविड रोगियों को आईसीयू, फ्लू क्लिनिक, फार्मेसी और आईपीडी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में अब अम्बेडकर नगर अस्पताल में गैर-कोविड सेवाओं का विस्तार करने के लिए प्रसूति एवं स्त्री रोग और बाल रोग चिकित्सा (पीडियाट्रिक) की दो विशिष्टताओं की ओपीडी सेवाएं शुरू की जा रही हैं। इससे इलाके के लाखों लोग लाभान्वित होंगे।

भविष्य में अस्पताल में अन्य विशिष्ट सेवाओं को भी चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जाएगा। सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है।

# राजीव गांधी कैंसर संस्थान में गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज

- अस्पताल प्रशासन ने हाईकोर्ट में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


राजीव गांधी कैंसर संस्थान ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह एक मार्च से अस्पताल के बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में 25 प्रतिशत और आंतरिक रोगी विभाग में 10 प्रतिशत तक गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराएगा।

अस्पताल के वकील ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष यह बयान दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि संस्थान ने पिछले दो दशकों में गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज नहीं किया है।

अदालत ने अस्पताल के स्वैच्छिक रुख को संज्ञान में लिया और उसे निर्देश दिया कि वह गरीबों को मुफ्त इलाज मुहैया करे। पीठ ने कहा कि बयान को ध्यान में रखते हुए, अस्पताल को ओपीडी में 25 प्रतिशत और आईपीडी में 10 प्रतिशत तक ईडब्ल्यूएस रोगियों का मुफ्त इलाज करने का निर्देश दिया जाता है।

# युवक की गोली मारकर हत्या

- घटना मोरी गेट इलाके में हुई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के मोरी गेट इलाके में 40 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि पुलिस को मोरी गेट स्थित बस कार्यालय की दुकान संख्या-22 में एक शव होने की सोमवार को सूचना मिली।

शव की पहचान उत्तर प्रदेश के औरैया निवासी अखिलेश तिवारी के तौर पर हुई। तिवारी एक ट्रैवल एजेंसी में काम करता था। पुलिस के मुताबिक, परिवार वालों के बयान दर्ज करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सब्जी मंडी शवगृह भेजा गया। उन्होंने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक को सिर में एक गोली मिली। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड विधान की धारा 302 (हत्या) और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# झपटमार के हमले में शहीद एएसआई के परिजन को दिए एक करोड़ रुपये

- सीएम ने सौंपा चेक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली पुलिस के दिवंगत कर्मी शंभू दयाल के परिवार के सदस्यों को बुधवार को एक करोड़ का चेक सौंपा।

दयाल की एक यहां झपटमार द्वारा चाकू घोंपने से मृत्यु हो गई थी। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) दयाल पर पूरे देश को गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने उनके परिवार को एक करोड़ रुपए का चेक दिया है। उम्मीद करते हैं कि इससे उनकी कुछ हद तक मदद होगी। हम यहां परिवार के लिए हैं।

ज्ञात रहे कि दयाल ने चार जनवरी को एक झपटमार को पकड़ा था और वह उसे मायापुरी थाने ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में झपटमार ने उनपर चाकू से हमला कर दिया जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान एएसआई ने दम तोड़ दिया। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। मृत पुलिस कर्मी की बड़ी बेटी गायत्री ने केजरीवाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता दिल की बीमारी से पीड़ित थे। उनके हार्ट में स्टंट डाला गया था फिर भी उन्होंने छुट्टी नहीं ली।



शहीद एसआई के परिवार को चेक सौंपते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

# सर्दी में प्रदूषण से मिली राहत, हवा की सेहत में हुआ सुधार

## अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या वर्ष 2016 में 109 के मुकाबले 2022 में 160 हुई

- गंभीर श्रेणी के दिनों की संख्या में आई 77 प्रतिशत की कमी : गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सर्दी में लोगों को प्रदूषण से कुछ राहत मिली है। अब अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या वर्ष 2016 के मुकाबले 109 से बढ़कर वर्ष 2022 में 160 हो गई है।

इसके साथ ही सबसे गंभीर श्रेणी की संख्या में भी वर्ष 2016 से 2022 के बीच गिरावट दर्ज की गई है। सात साल पहले जहां 26 दिन थे अब वह 2022 में घटकर केवल 6 दिन रह गए हैं। इस प्रकार इसमें 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में विंटर एक्शन प्लान को लेकर बुधवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा हुई। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में विंटर एक्शन प्लान से संबंधित प्रमुख जानकारियाँ साझा करते हुए बताया कि दिल्ली में प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहा है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद उनकी सरकार ने प्रदूषण स्तर को कम करने की लगातार कोशिश कर रही है।

इसी दिशा में हर वर्ष की तरह इस बार भी विंटर एक्शन प्लान के रूप में सर्दियों के मौसम में होने वाली प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की गई। विंटर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित किये गए 15 बिंदुओं के आधार पर विशेष कदम भी उठाए गए। जिसके परिणाम स्वरूप दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। सरकार और विभिन्न विभागों की प्रमुखता के साथ काम करने का असर देखने को मिला है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।

यह दिल्ली वालों के सतत प्रयासों का नतीजा है संसद के पटल पर रखे गए आर्थिक सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। उन्होंने कहा कि 10 साल पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध, ई-वाहन को बढ़ावा, प्रदूषण बढ़ने पर निर्माण कार्यों पर रोक, ग्रीन एरिया बढ़ाना, पटाखों पर प्रतिबंध, पराली जलने पर रोक, ग्रीन वॉर रूम की स्थापना, औद्योगिक इकाइयों का पीएनजी (स्वच्छ ईंधन) द्वारा संचालन और सरकार द्वारा किए जा रहे तमाम प्रयासों की वजह से हवा की सेहत में सुधार हुआ है।

# तीसरी कक्षा की छात्रा का यौन उत्पीड़न, शिक्षक हिरासत में

- पीटी शिक्षक पर आरोप, बच्ची को लालच देकर ले गया एकांत स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में तीसरी कक्षा की आठ वर्षीय एक छात्रा का स्कूल परिसर में कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने को लेकर 40 वर्षीय एक शिक्षक को हिरासत में लिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्थित एक सरकारी स्कूल में 2016 से सेवारत खेल शिक्षक से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह यह शिक्षक बच्ची को कथित तौर पर लालच देकर एक एकांत जगह पर ले गया और उसका यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने बताया कि जब बच्ची की मां को उसका व्यवहार कुछ संदिग्ध लगा, तब यह मामला सामने आया। उनके अनुसार, बच्ची ने मां को आपबीती सुनाई और तब उसके माता-पिता ने बुधवार को पुलिस से संपर्क किया। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी दिल्ली) अमृता गुगुलोथ ने बताया कि चार-पांच दिन पहले हुई इस वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर भेजी गई। उन्होंने बताया कि पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपी शिक्षक के विरूद्ध पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पार्षदों ने अधिकारियों पर मनमर्जी और बाहरी नागरिकों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

## विकास कार्यों में बाहरी नागरिकों के हस्ताक्षेप पर तुरन्त रोक लगाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना।

**नगर** परिषद के पार्षदों ने अधिकारियों पर मनमर्जी से कार्य करने और बाहरी नागरिकों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पार्षदों ने वार्ड में होने वाले विकास कार्य बाहरी नागरिकों के हस्ताक्षेप पर तुरन्त प्रभाव से बंद किए जाने की मांग की है।

बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें सभी 21 वार्ड के नप पार्षद मौजूद थे। बैठक में पार्षदों ने अपनी बातें साझा करते हुए हुए आरोप लगाया कि अधिकारी मनमर्जी से ऐसे काम करते हैं जिनकी जानकारी पार्षदों को भी नहीं होती है। वार्ड में होने वाले विकास कार्यों में बाहरी नागरिकों के हस्ताक्षेप करने का भी आरोप लगाया। बाहरी लोगों को परिषद अधिकारियों द्वारा बढ़ावा देने की बात सदन में उठी।

पार्षदों ने चेयरपर्सन से तुरन्त प्रभाव से विकास कार्यों में बाहरी लोगों के हस्ताक्षेप पर रोक लगाने की मांग करते हुए इसे किसी भी सूरत में बरदाश न करने की चेतावनी दी। वार्ड 12 की पार्षद ताहिरा ने वार्ड में सफाई, सीवर चोक, स्ट्रीट लाइट, रिपेयर कार्य, नाले चोक आदि

समस्याओं का समाधान न होने की बात रखी। उन्होंने यह भी कहा कि वार्डों में विकास कार्यों की जानकारी पार्षदों को नहीं होती। अधिकारी अपनी मनमर्जी से विकास कार्य का ठेका छोड़ देते हैं। पार्षद मुकेश व परमिंदर ने कहा कि विभागों के अधिकारी फोन उठाने में भी गुरेज करते हैं। चेयरपर्सन अंजू देवी ने कहा कि पार्षदों की सभी समस्याओं का समाधान प्रमुखता से किया जाएगा। वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य होंगे। बाहरी नागरिकों को विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं होगा। घोषणा की कि परिषद अधिकारियों की मनमर्जी बरतने को लेकर भी जल्द ही बैठक ली जाएगी। इस अवसर पर पार्षद हरीश नंदा, सुनीता गर्ग प्रतिनिधि अशोक गर्ग, वाईस चेयरपर्सन प्रतिनिधि कमल सिंह , सौरभ गोयल एडवोकेट आदि मौजूद थे।

# नायब तहसीलदार समेत छह पर दस्तावेज में हेराफेरी करने का मामला दर्ज

### बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए किया गैर कानूनी काम, तहसीलदार शिखा गर्ग की ओर से दर्ज कराया गया केस



**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना।

तहसीलदार शिखा गर्ग ने नायब तहसीदार व पांच अन्य के खिलाफ गैर कानूनी तरीके से सरकारी रिकार्ड के दस्तावेज में हेराफेरी करने का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि मातहतों ने बिल्डर से मोटा पैसा खाने की लालच में गैर कानूनी कार्रवाई अंजाम दी।

सोहना तहसीलदार शिखा गर्ग की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक यश दीप बिल्डर्स एलएलपी सेक्टर 44 गुरुग्राम स्थित प्लॉट का प्रार्थी बलवान सिंह बरुवे ने रेजोलूशन 3 जून 2019 को दर्ज कराया था। प्रार्थी बलवान सिंह ने 13 जनवरी 2023 को वसीका नंबर 1961 हदिनांक 3 जून 2019 की सत्यापित नकल मांगी थी। उक्त नकल की प्रार्थी को अपने दिल्ली उच्च अदालत में चल रहा मामले के लिए जरुरत थी। लेकिन नायब तहसीलदार सहित अन्य आरोपियों की मिलीभगत के कारण प्रार्थी को मांगी गई नकल कॉपी नहीं दी गई। कॉपी देने के ऐवज में प्रार्थी से मोटा सुविधा शुल्क वसूलने की नीयत रही थी।

प्रार्थी को तहसील में कार्यरत रजिस्ट्रेशन लिपिक रजनी, उसके सहायक नीरज व एक अन्य त्यागी के नाम के व्यक्ति समेत सभी आरोपी दस्तावेज देने के नाम पर बार-बार टालमटोल करते रहे। प्रार्थी को जिस रजिस्टर से दस्तावेज की नकल देनी थी उसके नहीं मिलने का बहाना बनाकर उसे लगातार टालते रहे। पीड़ित प्रार्थी ने फरवरी के पहले सप्ताह में एक बार फिर नकल लेने के लिए प्रार्थनापत्र व हलफनामा लगाया। हलफनामा लगने के बाद उक्त दस्तावेज की नकल छह फरवरी को देने का भरोसा दिलाया गया। रजिस्ट्री लिपिक रजनी ने प्रार्थी से 6 फरवरी को कहा कि उसकी नकल बनवा देगी। जिसको लेकर प्रार्थी को रिकार्ड से उक्त दस्तावेज में हेराफेरी करने का शक हुआ। 6 फरवरी को ही तहसीलदार द्वारा मांगने पर लिपिक व उसके सहायक नीरज व त्यागी से रजिस्टर को देखने का आग्रह किया। नीरज व त्यागी ने उक्त रजिस्टर को तलाश करके जब तहसीदार को पेश किया। तहसीलदार शिखा गर्ग को उक्त रजिस्टर से जिस दस्तावेज की नकल मांगी गई थी। वह बदली हुई नजर आई, जहां पर तहसीदार के स्तर पर अनहस्ताक्षरित कॉपी को चस्पा किया गया था। आरोप है कि इस संबंध में नायब तहसीलदार ने लिपिक को कोई भी कार्रवाई करने की खुली छुट दे दी।

### दीपक अग्रवाल-विजय छाबड़ा पर हेराफेरी कराने का आरोप

तहसीलदार ने दीपक अग्रवाल व विजय छाबड़ा पर फर्जी रेजोलूशन करने में माहिर बताया है। तहसीदार ने बताया कि दीपक अग्रवाल व विजय छाबड़ा की बदौलत से यह कार्य संपन्न हो सका। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ 2021 में थाना कोतवाली गोरखपुर उत्तर प्रदेश में, 2019 में 530 नंबर मामला थाना कैंट गोरखपुर, 2002 में 237 नंबर मुकदमा थाना पिपराइच गोरखपुर, 2000 में 444 नंबर मुकदमा थाना पिपराइच गोरखपुर में दर्ज है। तहसीलदार ने बताया कि प्रार्थी को सभी आरोपियों ने मिलकर व हरीश पुस्तक विक्रेता की सहायता से संबंधित वसीका में खुर्दबुर्द करके मेरे मामले को प्रभावित करने उद्देश्य से सरकारी रिकार्ड में असल कागजातों की हेराफेरी की है। जिसमें नायब तहसीदार लछीराम का भी आरोपियों की मदद करने की बात सामने आ रही है। शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी हैं।

मामला अभी तक मेरे संज्ञान में नहीं आया है। मैं इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी नहीं रखता हूं। न ही मेरे सामने आरोपी दस्तावेज कभी सामने आए है।

**( लछीराम नायब तहसीलदार सोहना )**

# फाइनेंस कंपनी के 11 अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज

### फाइनेंस की राशि से अधिक वसूलने, गाड़ी छीनने और चालक का अपहरण कर रंगदारी मांगने का है आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**भोंडसी** थाना पुलिस ने नोएडा निवासी की शिकायत पर फाइनेंस कंपनी के 11 अधिकारी-कर्मचारी व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ गैर कानूनी तरीके से गाड़ी छिनने और चालक का अपहण करने का नामजद केस दर्ज कराया है। शिकायकतकर्ता ने कंपनी के कर्मचारियों पर जान से मारने की धमकी देने और रंगदारी वसूलने का भी आरोप लगाया है।

सेक्टर-31 नोएडा थाना गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश निवासी जयचंद अवाना ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि उसने अपने भाई राजकुमार के नाम पर एक ट्रक धारा फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस कराया था। आरोप है कि कंपनी अधिकारी व कर्मचारियों ने मिलीभगत करते हुए उससे गलत तरीके से फाइनेंस की गई नकदी की वसूली और उसके फाइनेंस एकाउंट में गडबड़ करके अधिक ब्याज वसूल रहे थे। जबकि वह कंपनी को समय पर पूरी भुगतान कर रहा था। फाइनेंस कंपनी की इस जालसाजी को देख उसने कंपनी को अपने वकील के माध्यम से 21 जून 2022 को एक नोटिस डाक के माध्यम से तथा दूसरा स्वयं फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में देकर आया था। उसके पास नोटिस लेने वाले कर्मचारी से रिसिविंग के सबूत भी है। जिसका कंपनी की तरफ से कोई जबाव नहीं दिए जाने पर उन्होंने गौतमबुद्ध नगर की अदालत में फाइनेंस कंपनी के खिलाफ याचिका दायर कर दी। फाइनेंस कंपनी को अदालत ने नोटिस जारी करके बुलाया। इसके बाद जिसमें कंपनी के निदेशक विनय कुमारमथूरिया, अरुण कुमार, संजीव कुमार, राजेन्द्र सिंह, शिवराज सिंह, घंश्याम सिह चौहान, मनीष कुमार, गजेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिह, अभिनव, आरके सिंह व अन्य ने उन पर दबाव बनाना शुरू किया। 17 दिसम्बर 2022 को भोंडसी थाना क्षेत्र में इनावा गाड़ी में सवार 5-6 लोगों ने रोड पर जबरन रुकवा और चालक को अपनी गाड़ी में बैठाते हुए गाड़ी छीन ली। जब आरोपियों को उक्त गाड़ी का मामला अदालत में विचाराधीन होने की जानकारी दी गई तो अपहरण किया चालक को छोड़ने की ऐवज में 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगी गई।

# पुलिस ने गुम हुए 38 लाख रुपये के 201 मोबाइल ढूंढकर मालिकों को सौंपे



गुरुगाम में गुम हुए मोबाइल असल मालिक को सौंपते एसीपी अपराध प्रीतपाल सांगवान।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।

### अपने गुम हुए मोबाइल पाकर मालिकों के खिले चेहरे

गुरुग्राम पुलिस ने एक बार फिर से तकनीक का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में गुम हुए 201 कीमती मोबाइल ढूंढकर असल मालिकों को सौंपे हैं। इन मोबाइलों की कीमत करीब 38 लाख रुपये है। साइबर सेल मुख्यालय, पश्चिम, दक्षिण व मानेसर की पुलिस टीमों ने यह उपलब्धि हासिल की है। तलाश किए गए मोबाइल सहायक पुलिस आयुक्त अपराध प्रीतपाल सांगवान ने उनके असल मालिकों को सम्मानपूर्वक लौटाया।

जब भी किसी का मोबाइल गुम होता है तो उसे मोबाइल संबंधी पूरी जानकारी के साथ शिकायत दर्ज करानी होती है। इससे पुलिस को मोबाइल की तलाश करने में मदद मिलती है। प्रीतपाल सांगवान ने कहा कि आज के समय में मोबाइल हर व्यक्ति की मुख्य जरूरत बन गया है। बैंकिंग लेनदेन समेत अनेक जरूरी काम मोबाइल से ही किए जा रहे हैं। ऐसे में जब किसी का मोबाइल गुम हो जाता है तो उसका सारा डाटा भी साथ में गुम हो जाता है।

पुलिस अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पूरी गंभीरता से लोगों के मोबाइल तलाश करती है। उन्होंने बताया कि साल के पहले दो महीने में ही पुलिस ने 38 लाख रुपये के 201 मोबाइल तलाश करके लोगों को सौंप दिए हैं। वर्ष 2022 में पुलिस ने करीब सवा करोड़ रुपये कीमत के 700 मोबाइल तलाशकर असल मालिकों को सौंपे थे।

# आज गुरुग्राम आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**गुरुग्राम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को जिला के गांव बोहड़ाकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में शिरकत करेंगी। वे यहां वीमन एज फाउंडेशन ऑफ ए वैल्यूएबल सोसायटी राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी। राष्ट्रपति का हरियाणा में आगमन पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वागत करेंगे। गुरुग्राम में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम से एक दिन पहले बुधवार को डीसी निशांत कुमार यादव तथा सीपी कला रामचंद्रन ने ओम शांति रिट्रीट सेंटर का दौरा किया। डीसी ने गुरुग्राम से बोहड़ाकलां तक राष्ट्रीय राजमार्ग व संपर्क सड़क की सफाई व मरम्मत के कार्यों का जायजा लिया। इसके साथ ही राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल से जुड़े कार्यों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य आयोजन स्थल दादी प्रकाशमणी ऑडिटोरियम परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सम्मेलन में पहुंचने वाले विशिष्टजनों, प्रतिभागियों व अन्य गणमान्य लोगों के बैठने की व्यवस्था आदि आवश्यक इंतजामों को लेकर दिशा निर्देश दिए। सीपी कला रामचंद्रन ने सुरक्षा इंतजामों, पार्किंग व्यवस्था व राष्ट्रपति के आगमन के दौरान यातायात प्रबंधन आदि कार्यों से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# जीयू व विद्यासागर इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज के बीच साइन एमओयू

## विमहांस के साथ एमओयू करने वाला हरियाणा का पहला विवि बना जीयू



गुरुग्राम विश्वविद्यालय और विद्यासागर इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज के बीच करार पर हस्ताक्षर के बाद फाइलों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के साइकोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों को क्लीनिकल एवं अकादमिक प्रशिक्षण दिलाने के लिए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुग्राम विश्वविद्यालय और विद्यासागर इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (विमहांस, नई दिल्ली) के बीच एमओयू साइन किया गया।

गुरुग्राम विवि की और से कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह एवं विमहांस की और से प्रमोद त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रशासक,विमहांस ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य गुरुग्राम विश्वविद्यालय के साइकोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों को विद्यासागर इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज में क्लीनिकल एवं अकादमिक प्रशिक्षण देना है, जिससे छात्र उचित प्रशिक्षण प्राप्त कर मानव व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करके मानसिक रोगों से ग्रस्त रोगियों का बेहतर इलाज कर सकेंगे। इस एमओयू के तहत मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं मनोवैज्ञानिक मदद मुहैया कराई जाएगी। इस करार में दोनों संस्थान मिलकर विवि के सुकून वेलनेस क्लिनिक के माध्यम से मानसिक तनाव से संबंधित रोगियों के लिए निशुल्क चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध करवाएंगे।

इस मौके पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि इस समझौते के पश्चात अब गुरुग्राम विवि आरसीआई स्वीकृत कोर्सों के संचालन के लिए आवेदन कर सकता है। कुलपति ने बताया कि छात्रों को क्लीनिकल और अकादमिक प्रशिक्षण देने के मामले में गुरुग्राम विवि हरियाणा का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने विमहांस के साथ यह एमओयू किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### करुणाश्रय के तहत छात्रों ने बाल देखभाल संस्थानों का लिया जायजा



गुरुग्राम में बाल देखभाल संस्थान में पहुंचे स्कूल ऑफ बिजनेस के विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम और स्कूल ऑफ बिजनेस सुशांत यूनिवर्सिटी गुरुग्राम की करुणाश्रय पहल के अंतर्गत इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों ने बाल देखभाल संस्थानों का जायजा लिया। सुशांत यूनिवर्सिटी की सहायक प्रोफेसर डॉ. गीतू सिंघल के मुताबिक यह इंटर्नशिप एक सप्ताह की है। इस दौरान विद्यार्थियों की विभिन्न एनजीओ, बाल देखभाल संस्थाओं और कोर्ट की विजिट रखी गई है। सामाजिक विसर्जन में विद्यार्थियों को पता चलता है कि समाज उनसे क्या उम्मीद करता है। साथ ही यह एक व्यक्ति की ताकत और इच्छा को पेश करने के लिए एक अच्छे उत्प्रेरक के रूप में भी काम करता है। एक सोशल इंटर्नशिप छात्र को भविष्य का पूर्वावलोकन देती है, इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह उम्मीदवार को अपनी क्षमताओं के साथ उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने लक्ष्यों को ठीक करने में मदद करता है और पाठ्यक्रम पूरा होने से पहले सभी अंतरालों को पूरा करता है। विद्यार्थी बाल देखभाल संस्थाओं का जायजा लिया और वहां के इंचार्ज ने उन्हें वहां की कार्य प्रणाली के बारे में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों के द्वारा बाल देखभाल संस्थाओं में रह रहे बालकों की करियर काउंसलिंग भी करवाई।

### देश के गौरव पर्वतारोही मनदीप को नवीन गोयल ने किया सम्मानित



गुरुग्राम में पर्वतारोही मनदीप को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने दक्षिण अफ्रीका में माउंट किलिमंजारो चोटी पर तिरंगा फहराकर लौटे पर्वतारोही मनदीप का सम्मान किया। उन्हें आगे भी इसी तरह से देश का गौरव बढ़ाने की प्रेरणा दी। विशेष बात यह है कि पर्वतारोही मनदीप ने नवीन गोयल की तस्वीर लगा बैनर माउंट किलिमंजारो चोटी पर फहराकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मनदीप को सम्मानित करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने सेना में, कला, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, चिकित्सा, खेल और दुर्गम क्षेत्रों में जाकर अपनी प्रतिभा का सदा लोहा मनवाया है। हमारे युवा कुंदन में तपकर सोना बनकर निकलते हैं। उनकी मेहनत के बल पर ही देशभर में हमारे युवाओं का नाम अग्रिम पंक्ति में आता है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में माउंट किलिमंजारो पर 26 जनवरी 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा फहराकर मनदीप ने देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। अपनी इस सफलता को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के साथ साझा करते हुए हिसार जिला के गांव भोजराज निवासी मनदीप ने बताया कि बचपन से ही उसे माउंटेनियरिंग का शौक था। वह तब किताबों में ही इसके बारे में पढ़ता व वीडियो देखता था। माउंटेनियरिंग के बारे में उसने नरेंद्र कुमार से प्रेरणा मिली और अपनी जर्नी शुरू की। मंदीप के मुताबिक अपने मांउटेनियरिंग की शुरूआत उन्होंने 2022 में की। मनदीप ने अटल बिहारी इन्स्टीट्यूट मनाली में बेसिक मांउटेनियरिंग कोर्स किया। उसके बाद उन्होंने मांउट यूनम 6119 मीटर, माउंट फ्रेंडशिप जैसे माउंटेन को क्लाइंब किया। नये साल यानी 2023 में मंदीप भोजराज ने कुछ बड़ा करने की सोची और 26 जनवरी 2023 को माउंट किलिमंजारो पर तिरंगा फहराकर इतिहास रचा। मंदीप भोजराज के पिता सतबीर सिंह किसान है। ताऊ किशनचन्द एवं रामकुमार सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक से सहायक प्रबन्धक के पद से सेवानिवृत हैं। परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें सदा प्रेरित किया। मंदीप तीन भाई बहन हैं। बड़ा भाई सन्दीप व छोटी बहन रेखा है। मंदीप ने अपनी स्कूली शिक्षा गांव से ही पूरी की और अब वह भिवानी से बीटेक कर रहे है। मंदीप का कहना है कि उनका अगला लक्ष्य माउंटेन एवरेस्ट पर देश का झंडा फहराने का है।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफनगर निगम की बड़ी कार्रवाई

**गुरुग्राम।** सरकार द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, बिक्री एवं भंडारण करने वालों के खिलाफ नगर निगम गुरुग्राम द्वारा बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। इसके तहत नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान करने के साथ ही काफी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त भी किया गया है। बुधवार को नगर निगम गुरुग्राम की विशेष टीमों ने सेक्टर-14, सेक्टर-17 तथा सदर बाजार क्षेत्रों में दबिश दी। जांच के दौरान 49 व्यक्तियों को नियमों का उल्लंघन पाया गया तथा उन पर 49000 रुपये का जुर्माना किया गया। टीमों ने इन क्षेत्रों से 550 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक से बनी वस्तुओं को जब्त करने में भी सफलता हासिल की। इस प्लास्टिक को दो गाड़ियों में भरकर नगर निगम गुरुग्राम के सेक्टर-42 स्थित निगम कार्यालय में पहुंचाया गया है। टीम में सफाई निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, हरीश शर्मा, जितेन्द्र कुमार, दीपक डागर, बलजीत सिंह व गौरव शामिल थे।

# फोनपे बना सीमा पार UPI भुगतान को सक्षम करने वाला भारत का पहला फिनटेक प्लेटफॉर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** दिल्ली।

भारत की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी PhonePe ने यह घोषणा की है कि उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर UPI पेमेंट की सुविधा शुरू कर दी है। इस सुविधा का फायदा, विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीय PhonePe उपयोगकर्ता ले पाएंगे और विदेशों में किसी भी तरह की खरीदारी के लिए UPI से तुरंत पेमेंट कर सकेंगे। PhonePe की इस नई सुविधा की मदद से संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, नेपाल, और भूटान में मर्चेंट आउटलेट्स पर स्थानीय QR कोड स्कैन करके पेमेंट किया जा सकेगा। खरीदारी के बाद, उपयोगकर्ता भारत में मौजूद अपने बैंक से सीधे विदेशी मुद्रा में पेमेंट कर सकेंगे। यह बिलकुल वैसा ही है जैसा कि वे अब तक अपने अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड की मदद से पेमेंट कर पाते थे। PhonePe पहला ऐसा फिनटेक ऐप है जिसने भारत में यह सुविधा शुरू की है।

UPI इंटरनेशनल को विदेशों में यात्रा करने वाले लाखों भारतीयों के लिए सुरक्षित और आसान लेनदेन की सुविधा के लिए डिजाइन किया गया है। ऐतिहासिक रूप से, भारतीय ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय मर्चेंट आउटलेट पर भुगतान करने के लिए विदेशी मुद्रा या उनके क्रेडिट या विदेशी मुद्रा कार्ड का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। इस सुविधा के साथ, वे अब यूपीआई का उपयोग करके भुगतान करने के लिए अपने इंडियन बैंक खाते का उपयोग कर सकते हैं। इस वर्ष के दौरान, एनपीसीआई ने एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) के सहयोग से यूपीआई इंटरनेशनल को और अधिक देशों में लाने की योजना बनाई है, साथ ही उन क्षेत्रों में अधिक से अधिक व्यापारी स्वीकृति को भी सक्षम किया है जहां यह सुविधा वर्तमान में चल रही है। इस बारे में, PhonePe के सीटीओ और को-फाउंडर, राहुल चारी ने कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमने पिछले 6 सालों में, भारत में आए UPI पेमेंट से जुड़े इस बदलाव को अनुभव किया है जिसने हमारी जिंदगी को पूरी तरह से बदल दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर UPI पेमेंट की सुविधा इस दिशा में हमारा एक और बड़ा कदम है, जो पूरी दुनिया को UPI से लेनदेन का अनुभव लेने में मदद करेगी। मुझे यकीन है कि यह सुविधा एक गेमचेंजर साबित होगी और विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के उन देशों में खरीदारी के बाद पेमेंट करने के तरीके को पूरी तरह से बदल कर रख देगी। PhonePe को हमेशा ही बाजार में नई-नई UPI सुविधाएं पेश करने वाले पहले TPAP होने का गौरव हासिल है और इस बार फिर हम सबसे आगे हैं। हमें इस बात की खुशी है कि एक बार फिर PhonePe इस बदलाव को लाने में सबसे आगे है। अब पूरी दुनिया को UPI का अनुभव लेने का मौका मिलेगा। फोनपे उपयोगकर्ता, फोनपे ऐप के माध्यम से UPI अंतर्राष्ट्रीय के लिए अपने UPI से जुड़े बैंक खाते को मर्चेंट स्थान पर, या अपनी अंतर्राष्ट्रीय यात्रा से पहले सक्रिय कर सकते हैं। प्रवाह सुरक्षित है और सेवा को सक्रिय करने के लिए ग्राहक को अपना UPI पिन दर्ज करना होगा।

# लंबित पड़ी एफआईआर में श्रमिक नेता गिरफ्तार

### श्रमिक संगठनों ने की श्रमिक नेता को जेल से रिहा करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

वाहन निर्माता होण्डा मोटर्स कंपनी की श्रमिक यूनियन के पूर्व प्रधान व एटक के वरिष्ठ पदाधिकारी कामरेड सुरेश गौड़ को उनके खिलाफ लंबित पड़ी एफआईआर में नाम होने के कारण पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जब उनकी गिरफ्तारी की सूचना श्रमिक संगठनों को मिली तो एटक सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य एकत्रित होकर उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे।

वर्ष 2007 में ग्रुप फॉर सिक्योरिटी व होण्डा श्रमिक यूनियन पदाधिकारियों के आपसी विवाद में पुलिस में एक प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई थी, जिसमें सुरेश गौड़ का नाम दर्ज था। उस समय प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि जांच में सुरेश गौड़ का नाम निकाल दिया जाएगा, लेकिन उनका नाम निकाला नहीं गया। अब उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना ह कि इस मामले में गौड़ को भगोड़ा घोषित किया हुआ था।

अनिल पंवार का कहना है कि सुरेश गौड़ वर्ष 2007 से 2021 तक होण्डा मोटर्स में कार्यरत रहे और यूनियन के कार्यों से अनेक बार प्रशासनिक अधिकारियों से भी मिलते रहे हैं और उन्होंने वर्ष 2014 में गुड़गांव विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था। वे भगौड़े कैसे हो गए।

श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार समेत कई श्रमिक नेताओं ने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन देने वालों में श्रमिक नेता अशोक यादव, श्रीभगवान, ब्रह्मपाल, सुधीरपाल, परमानंद, बलवीर कंबोज, शिव कुमार, नरेश कुमार, एसएन दहिया, जय सिंह, श्यामवीर, चंदन सिंह, चंद्रशेखर आदि शामिल रहे।

# अमेजन डॉट इन के वैलेंटाइन डे स्टोर संग मनाएं प्यार के सीजन का उत्सव

## चॉकलेट, ताजे महकते फूल व गिफ्ट सेट, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर, फैशन और ब्यूटी असेंशियल्स, कस्टमाईड ई-गिफ्ट कार्ड, तथा और भी बहत कुछ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।

### आपके वैलेंटाइन डे की संपूर्ण खरीदारी और उपहारों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन

**अमेजन** डॉट इन अपने वैलेंटाइन डे स्टोर के साथ अपने प्यार का इजहार करने का शानदार मौका लेकर आया है। कस्टमर,.द्बठ्ठ पर 14 फरवरी तक चॉकलेट, ताजे महकते फूल, गिफ्ट सेट, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर, किचन अप्लायंसेज, फैशन और ब्यूटी एसेंशियल्स, बड़े अप्लायंसेज, एक्सेसरीज, स्मार्टफोन, अमेजन डिवाइसेज की विभिन्न कैटेगरी में विशेष रूप से तैयार किए गए प्रोडक्ट की विशाल सलेक्शन पर शानदार ऑफर और डील्स का लाभ उठा सकते हैं। अपने खास लोगों के साथ प्यार का जश्न मनाने लिए खरीदारी की सभी जरूरतों को अमेजन वैलेंटाइन डे स्टोर पर पूरा करें, जो आपके लिए उपहार देने की जरूरतों को पूरा करने के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। कस्टमर कैडबरी, वैन ह्युसेन, गिवा, जेया बाय कुंदन, द होल ट्रुथ, बॉम्बे शेविंग कंपनी, ओले, हर्बल एसेंस, ओपन सीक्रेट्स, जनस्य, प्यूमा, गो कलर्स, क्लोविया, ग्लोबल देसी, हर्षीस, फरेरो रॉशर, सहित अन्य ब्रांडों की खरीदारी यहां से कर सकते हैं। कस्टमर अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉइड) पर एलेक्सा को बोलकर वैलेंटाइन्स डे स्टोर तक पहुंच सकते हैं। यूजर्स को ऐप पर माइक आइकन पर टैप करके कहना है- एलेक्सा, गो टू वैलेंटाइन्स डे स्टोर और आप सीधे स्टोर पर पहंच जाएंगे। इसके साथ, अमेजन डॉट इन इस महीने वैलेंटाइन डे के लिए लाइव स्ट्रीमिंग इवेंट भी होस्ट करेगा, जिसमें कस्टमर कंटेंट देखकर सीखेंगे कि अपने बेस्ट को कैसे ड्रेस करें, अपने प्रियजन को खास अहसास कराने के लिए अपनी फीलिंग्स को कैसे व्यक्त करें, अपने घर को वी-डे के लिए कैसे तैयार करें। इन लाइव स्ट्रीम में सिमरन बलार, चिंकी मिंकी, सुरभि राठौर, करोन ढींगरा, और फिजा खान सहित कुछ प्रसिद्ध कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगे, जो आखिरी समय में परेशानी से बचने के लिए अपने टिप्स और ट्रिक्स साझा करेंगे। 222.ड्डद्वड्ड-5शठ्ठ.द्बठ्ठ/द्यद्ब1द्ग पर कोई भी व्यक्ति इन क्रिएटर्स को देख सकता है, उनके साथ चैट कर सकता है और ड्रेसिंग तथा गिफ्टिंग पर उनके सुझावों को लाइव खरीद सकता है।

# मेले में दर्शकों को खूब भा रही धान की ज्वैलरी

## धान की ज्वैलरी की बदौलत मिल चुके हैं कई अवार्ड

**कविता।** फरीदाबाद


धान की ज्वैलरी के स्टॉल पर लगी भीड़।


धान की ज्वैलरी के लिए प्रणव मुखर्जी से राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण करते हुए शिल्पी पुतुल दास मित्रा।

**आपने** आज तक सोना, चांदी, हीरे और अन्य धातुओं से बने जेवरातों के बारे में ही सुना होगा। लेकिन आपकों यह जानकर हैरानी होगी कि धान से भी खूबसूरत जेवरात बनाए जा सकते हैं। सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले के स्टॉल नंबर 1072 से धान के जेवरात आप खरीद सकते हैं। इस स्टॉल पर आपकों 50 से 1000 रुपये तक की धान की ज्वैलरी मिल जाएगी।

धान के जेवरात का अविष्कार किया है पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रहने वाली पुतुल दास मित्रा ने। इस उपलब्धि के लिए उन्हें नेशनल अवार्ड समेत कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं। शिल्पकार पुतुल दास मित्रा ने बताया कि वह शुरू से ही कुछ अलग हटकर काम करना चाहती थी। जिसे लेकर वे हमेशा सोचती रहती थी। एक दिन सन 1998 में अचानक उन्हें ख्याल आया कि इस बार राखी पर वह अपने हाथ से भाई को राखी बनाकर बांधे। जिस पर उन्होंने दीवाली के मौके पर पूजा में रखी जाने वाली धान से राखी तैयार की। वर्ष 2000 में धान से जेवरात बनाने का फैसला किया। उन्होंने धान, वॉटर प्रूफ गम, पेंट, कपड़ा और आर्टीफिशियल स्टोन से एक से बढ़कर एक जेवरात बनाने शुरू किए। उनके गहनों को लोग खूब पसंद कर रहे थे।

वर्ष 2002 में उन्हें स्टेट अवार्ड और वर्ष 2014 में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार दिया था। वे सूरजकुंड मेले में सात साल से आ रही हैं। देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही वे इटली, चीन, इजीप्ट, अफ्रीका समेत कई देशों के मेलों में हिस्सा ले चुकी हैं। वह हर बार नए डिजाइन की ज्वैलरी लेकर मेले में आती हैं। उनके स्टॉल पर 50 से एक हजार रुपये तक के जेवरात उपलब्ध हैं।

सिखाना किया शुरू: पुतुल दास मित्रा ने बताया कि अब वह धान की ज्वैलरी सिखाने का काम करती है। यह कला नष्ट न हो इसके लिए वह महिलाओं को सिखा रही है। जिससे सैंकड़ों महिलाओं ने अपना रोजगार शुरू कर दिया है।

ऑनलाईन ऑर्डर: पुतुल दास मित्रा ने बताया कि लोग उनके स्टॉल से नम्बर ले जाते है। वह फोन पर सम्पर्क कर ज्वैलरी की मांग करते है। जिस पर वह वट्सअप के माध्यम से अपने डिजाईन भेजती है और सलेक्ट किए गए डिजाईन की ज्वैलरी वह ग्राहको को कोरियर के माध्यम से पहुंचा देती है।

# बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कटिबद्धः मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री ने किया बाबा बन्दा सिंह बहादुर चैरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बंदा बहादुर अस्पताल के लिए भूमिपूजन करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को जिले में करीब 12.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बाबा बन्दा सिंह बहादुर चैरिटेबल अस्पताल का भूमि पूजन कर पहला फावड़ा चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के साथ ही सामाजिक संगठनों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के रूप में जो कदम उठाए जा रहे हैं, वह सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण से जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्यर सुविधाएं सहज उपलब्धे होंगी, वहीं बाबा बंदा सिंह बहादुर की शहादत, वीरता और त्याग की भावना सभी को प्रेरित करेगी।

मुख्यमंत्री ने चैरिटेबल ट्रस्ट को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी ट्रस्ट को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्था,पित कर रही है। अब तक 7 नये मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं तथा 8 अन्य पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक दायित्व के साथ सहभागी बनने वाले सामाजिक संगठनों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उठाए जा रहे कदमों में सरकार हर सम्भव सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य डॉक्टरों की वर्तमान संख्या 13 हजार से बढ़ाकर 28 हजार करने का है। नये मेडिकल कॉलेज स्थापित होने से हर साल 2650 डॉक्टर तैयार किये जा सकेंगे।

चिरायु योजना बनी सहयोगी: मुख्यमंत्री ने कहा कि वंचितों व जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्यह से आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में चिरायु हरियाणा योजना शुरू की है। इसमें 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक का स्वास्थ्य कवर मिल रहा है। इससे प्रदेश में लगभग 29 लाख परिवार कवर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंत्योदय परिवारों की स्वास्थ्य जांच के लिए निरोगी हरियाणा योजना भी शुरू की गई है। इसके तहत 25 मानकों के आधार पर गरीब व वंचित परिवारों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। प्रदेश में 228 प्रकार के ऑप्रेशन, 70 प्रकार के टेस्ट और 21 प्रकार की दंत चिकित्सा मुफ्त की जाती हैं। साथ ही 500 दवाइयां भी मुफ्त दी जाती हैं ।

आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर शुरू: मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा है, बल्कि %आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर% भी स्थापित किये हैं । इसके अलावा सरकार योग को और अधिक बढ़ावा देने के लिए योग - पाठ्यक्रम भी तैयार कर रही है।

इस अवसर पर विधायक सीमा त्रिखा, फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव से विधायक राजेश नागर, सीएम के मीडिया एडवाइजर अमित आर्य, महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया, सरदार गुविन्दर सिंह धमीजा, सरदार अवतार सिंह खुराना, सोसायटी के अध्यक्ष बीआर भाटिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभोग की टीम पहुंचने पर सेक्टर-23 स्थित लैब कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। डॉ. समेन्द्र सिंह दहिया ने लैब के दस्तावेज, इस्तेमाल होने वाले केमिकल जांचे।

# सीएम फ्लाइंग ने प्रयोगशालाओं का औचक निरीक्षण किया


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सीएम** फ्लाईंग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त टीमों ने चार पैथ लेब का औचक निरीक्षण किया। जिसमें टीम के सदस्यों ने जांच में पाया कि एक्सपायर्ड डेट के केमिकल से टेस्ट किये जा रहे थे। मंगलवार को टीम ने तीन पैथ लेब और बुधवार को सेक्टर-23 स्थित एक प्रयोगशाला में छापा मारा। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि टीम को एक्सपायर्ड डेट के कैमिकल मिले तो पलवल की एक लैब को सील कर दिया। वहीं तीन लैब संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। क्योंकि वहां कई तरह की खामिया पाई गई थी।

संचालक पर एफआईआर: सेक्टर-23 स्थित नेशनल पैथोलॉजी लैब का रोजे खान निरीक्षक द्वारा एएसएमओ डॉ जगदीश पराशर व एमडी माईक्रोबायोलॉजी डॉ समेन्द्र सिंह दहिया और स्थानीय पुलिस के साथ निरीक्षण किया गया। लेबोरेटरी पर शिवम नामक व्यक्ति हाजिर मिला। जिसने पूछताछ पर बतलाया उसके पास लैबोरेटरी चलाने सम्बंधित कोई वैध दस्तावेज नही है। वह अनुभव के आधार पर लेबोरेटरी चला रहा है। वह दिनेश मिश्रा डीएमएलटी के कहे अनुसार इस लैबोरेटरी को चला रहा है। लैबोरेटरी में बायो वेस्ट के निस्तारण संबंधित कोई ठोस उपाय भी नहीं पाये गए। इस प्रकार शिवम व डॉ दिनेश मिश्रा द्वारा बिना वैध रजिस्ट्रेशन के लैबोरेटरी चलाये जाने पर डॉ. समेन्द्र सिंह दहिया की शिकायत पर थाना मुजेसर फरीदाबाद में अभियोग अंकित कराया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने बल्लभगढ़ स्थित भावना पैथ लैब की जांच में कई अनियमितताएं पाए जाने पर थाना शहर में केस दर्ज किया गया।

# रिटायर्ड डीएसपी समुंदर सिंह ने गोली मारकर की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद।


रिटायर्ड डीएसपी समुंदर सिंह का फाईल फोटो

**ग्रेटर** फरीदाबाद की ओमेक्स हाइट्स सोसायटी में परिवार के साथ रह रहे सेवानिवृत डीएसपी समुंदर सिंह ने फ्लैट में अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजन ने कहा है कि वे बीमारी के कारण परेशान थे। पुलिस ने रिवाल्वर कब्जे में ले ली है, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। 72 वर्षीय समुंदर सिंह की प्रदेश के प्रभावशाली अधिकारियों में गिनती होती थी। वे थाना शहर बल्लभगढ़ में प्रभारी रहे थे। प्रमोशन होने के बाद वे भिवानी, फतेहाबाद, सिरसा और कोसली समेत अन्य जिलों में डीएसपी के पद पर रहे। दिसंबर 2009 में वे सेवानिवृत हुए थे। इसके बाद परिवार के साथ ओमेक्स हाईट्स सोसायटी में रहने लगे। उनकी दो बेटियां डाक्टर हैं, जबकि बेटा विकास बिजनेसमैन है। वह कुछ समय से मस्तिष्क की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका निजी अस्पताल से इलाज चल रहा था। सोसायटी में ताश खेलने वाले अपने साथियों से वे इस बारे में बात करते थे। मंगलवार शाम उन्होंने कहा था कि अब जीने का मन नहीं करता, वह मरना चाहते हैं। मंगलवार रात खाना खाकर वे अपने अलग कमरे में जाकर सो गए। बुधवार सुबह 6:30 बजे तक उनके कमरे में कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद उनकी पोती कमरे में गई। दादा को लहूलुहान अवस्था में देखकर वह घबरा गई। उसने तुरंत दादी और पापा को इस बारे में बताया। वे तुरंत कमरे में गए तो देखा कि समुंदर सिंह ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली है।

# स्किल एजुकेशन को बढ़ाने की जरूरत: प्रो. आर एस राठौड़

**फरीदाबाद।** तमिलनाडु के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के दुधौला परिसर का भ्रमण किया। देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय की तर्ज पर तमिलनाडु में स्किल एजुकेशन की संभावनाओं पर मंथन किया गया। कुलसचिव प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि पूरे स्किल एजुकेशन को बढ़ाने की आवश्यकता है। हरियाणा सरकार ने श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना कर एक मॉडल देश के शैक्षणिक संस्थानों के सामने रखा है। इसी कड़ी में देश के नामचीन तकनीकी संस्थान श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ जुड़ रहे हैं। हम इस मॉडल को देशभर में फैलाने के लिए पूरी तरह तत्परता से काम कर रहे हैं। तमिलनाडु के शैक्षणिक संस्थान जिस तरह की परामर्शी सहायता चाहेंगे, उनको मुहैया करवाई जाएगी। इससे पूर्व श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे तमिलनाडु के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

# छात्र हत्या के आरोपियों के खिलाफ त्वरित व सख्त कार्रवाई के निर्देश

## डीसीपी से मिलकर ग्रामीण बोले: पुलिस प्रशासन पर हमे पूरा भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**भनकपुर** के नजदीक स्कूल से लौट रहे 11वीं कक्षा के छात्र की हत्या के मामले में डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने सेक्टर 58 थाने में ग्रामवासियों से मुलाकात कर मामले में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अधिवक्ता गुलाब, बोधराज रावत, कृपाल, रणबीर के अलावा मास्टर रामपाल, मास्टर शक्ति सिंह, श्रीपहलवान, संपूर्ण, विजय, रणवीर सिंह सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी संदर्भ में आज डीसीपी नरेंद्र कादियान ने ग्रामीणवासियों के साथ मुलाकात की और उन्हें मामले में पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीण वासियों ने कहा कि उन्हें भी पुलिस प्रशासन पर पूरा भरोसा है और वह प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि मामले में शामिल आरोपियों की जल्द से जल्द धरपकड़ की जाए।

आपको बता दें कि भनकपुर के पास 11वीं कक्षा के छात्र को आरोपियों ने चाकू से हमला करके हत्या कर दी थी। इस मामले में सेक्टर-58 थाने में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीसीपी ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वह मामले की जांच में सहयोग करें और यदि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई जानकारी हो तो वह तुरंत इसके बारे में पुलिस को सूचना दें ताकि अपराधियों की धरपकड़ की जा सके।

# मुख्यमंत्री ने मेले में किया इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स- 2023 का ब्रोशर लांच

## स्टेज पर दिखी जी-20 की थीम- एक धरा, एक परिवार, एक भविष्य की झलक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


मेले ब्रोशर लॉन्च करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में मिनिस्ट्री ऑफ डेवलपमेंट ऑफ नॉर्थ ईस्ट रीजन का इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 का ब्रोशर लॉन्च किया।

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र परिषद ने वर्ष 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 घोषित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी विभिन्न अवसरों पर मोटे अनाज के प्रयोग करने का आह्वान कर रहे हैं। हरियाणा सरकार भी मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास कर रही है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले में भी बाजरे से तैयार कई स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए गए हैं।

इसके अलावा, बुधवार का दिन सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले के लिए और भी खास रहा। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने पूरे मंत्रिमंडल व सभी विधायकों के साथ राजहंस होटल में दोपहर का भोजन किया। इस दौरान मेले में सांस्कृतिक महाकुंभ भी देखने को मिला, जब विदेशी कलाकारों ने अपनी कला एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया।

अलग-अलग भाव, पहनावे, म्यूजिक तथा बोल सुना कर विदेशी कलाकारों ने दुनिया भर की सांस्कृतिक विविधताओं से माहौल को गुंजायमान कर दिया। सभी ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में क्लासिक से लेकर फोक तक अपनी प्राचीन परंपराओं को संजीव कर दिया। स्टेज पर जी-20 के थीम-एक धरा, एक परिवार, एक भविष्य की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश डांडा, श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक, हरियाणा पर्यटन निगम के चेयरमैन अरविंद यादव, विधायक नैना चौटाला, सीमा त्रिखा, नीरज शर्मा, नरेंद्र गुप्ता, राजेश नागर, प्रवीण डागर, सीताराम यादव, सोमवीर सांगवान, घनश्याम सर्राफ, निर्मल चौधरी, जयवीर बाल्मीकि, मुख्य सचिव संजीव कौशल, पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## 208 महिलाओं ने स्तन कैंसर जांच शिविर का उठाया लाभ



शिविर में शामिल महिलाएं।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-27 स्थित कपड़ा उद्योग की जानी मानी पी एम्प्रो एक्सपोर्ट्स कंपनी की तरफ से आइएमटी फरीदाबाद स्थित गांव डीग और ओखला के औद्योगिक एरिया में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में मुफ्त स्तन कैंसर शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित कंपनी की एचआर डायरेक्टर आकर्षिका उप्पल ने महिलाओं में बड़ते स्तन कैंसर के प्रति चिंता जताई और कहा की पैसों के अभाव में महिलाएं समय रहते अपनी जांच नहीं करवा पाती हैं। जिसकी वजह से यह रोग अपने पांव पसार लेता है। इसी को ध्यान में रखते हुए तथा लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें करीब 208 महिलाओं ने स्तन कैंसर की जांच करवायीं। शिविर में एफआइए चैरिटेबल सोसायटी ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर पी एम्प्रो एक्सपोर्ट्स कंपनी की सीनियर अधिकारी आकर्षिका उप्पल, आरडी सिंह, एचआर अधिकारी नीरा धवन, सेफ्टी एवं वेलफेयर स्टाफ़ में आदिल, ममता, बल्लभगढ़ पंचायत समिति के चेयरमैन चंद्रपाल व विनयपाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज में कैरियर परामर्श सत्र का किया आयोजन


परामर्श सत्र में विद्यार्थियों को जानकारी देते मुख्य वक्ता।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता पर एक कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुवात प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के भाषण से हुई। उन्होंने बताया महाविद्यालय में एसडीजी क्लब की स्थापना 2022 में की गई थी। जिसमें समय-समय पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए द्य उन्होंने बताया उद्यमिता के माध्यम से केवल पैसा ही नहीं कमाया जा सकता बल्कि ख्याति कमाई जा सकती है। उन्होंने विल और गुडविल के अंतर को बताते हुए उनकी महत्वता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विल के द्वारा कैसे गुडविल कमाई जा सकती है और हर किसी को गुडविल कमा कर समाज के लिए काम करना चाहिए। इस सत्र के मुख्य वक्ता श्री अनित गुप्ता निदेशक (एआरसी गुरुग्राम) ने अपना व्याख्यान रोचक और आकर्षक तरीके से विद्यार्थियों के साथ से साझा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपने, उनके उद्देश्य और उनकी रूचि आदि के बारे में पूछा जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ अगर काम किया जाएगा तो वह अवश्य सफल होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को समस्या नहीं समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महाविद्यालय में एआरसी फाउंडेशन द्वारा जो सर्टिफिकेट कोर्स, महाविद्यालय में शुरू किया जा रहा है जिसका विषय 'सामाजिक उद्यमिता' के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया। इस कोर्स में 40 विद्यार्थियों को सामाजिक उद्यमिता और समाज कल्याण के कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने पिच डेक के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने एक अच्छे उद्यमी के गुणों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मनोज शुक्ला (समन्वयक) द्वारा किया गया। इस वार्ता में 135 विद्यार्थियों ने भाग लेकर ज्ञान वर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. के.एल. कौशिक, रविंद्र जैन, डॉ. संजीव, डॉ. अशोक कुमार निराला, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रितु, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. गीता गुप्ता डॉ. डिंपल, सुभाष तथा अन्य प्रवक्तागण उपस्थित थे।

## क्षयरोग जागरूक करने के बाद बांटे कॉपी और पैन

**फरीदाबाद।** स्कूल एक्टिविटी के दौरान गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी नंबर 5 में टीवी की जानकारी दी तथा बच्चों को कॉपी और पेन बाटे। उनको समझाया ट्यूबरक्लोसिस क्या होता है। यह कैसे फैलता है। इसके कौन-कौन से लक्षण होते हैं। टीवी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। इसके बैक्टीरिया का नाम माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस होता है। जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता है। छींकता है। बोलता है तो थूक के कण निकलते हैं। उससे स्वस्थ व्यक्ति को भी टीवी हो सकती है। टीवी के 4 लक्षण होते हैं। 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी, लंबा बुखार, वजन का घटना, लगातार रात को पसीने आना। उस व्यक्ति को अपने बलगम की जांच करवानी चाहिए। बलगम की जांच फरीदाबाद में 18 डीएमसी सेंटर पर की जाती है। अगर उसमें टीवी निकलती है तो उस व्यक्ति की 6 महीने की दवाई चलाई जाती है। मरीज को हर महीने सरकार की तरफ से निश्चय पोषण योजना के तहत 500 रुपये मिलते हैं। अगर उसको नॉर्मल टीवी से ऊपर वाली टीवी है। जिसको मल्टीड्रग रेजिस्टेंस टीवी बोलते हैं। उसका इलाज 9 से 11 महीने या 18 से 20 महीने चलाया जाता है। इसमें टीवी डिपार्टमेंट से डीआरटी बीएचआईबी कोऑर्डिनेटर सुभाष गहलोत, बिजेंदर, एसटीएस राजकुमार, एसटी एल एस वीरेंद्र, हेमंत अध्यापक मौजूद थे।

# टैफे ने मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2023 का पहला सीजन किया लॉन्च

## कृषि में नए आईडियाज को सम्मानित और ग्रामीण उद्यमिता को प्रेरित करने के लिए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**दुनिया** की तीसरी सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी और भारत में विश्व स्तर पर प्रसिद्ध मैसी फ़र्ग्यूसन ट्रैक्टर्स के निर्माता, टैफे - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, ने 'मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2023- #SabseBadeAllrounder Ki Talaash' के पहले सीज़न की शुरुआत की है। ओरिजिनल और रचनात्मक आइडिया वाले किसानों, उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, व्यक्ति विशेष या संस्था के लिए यह भारत की अपनी तरह की पहली ऑनलाइन खोज है, जो मैसी फ़र्ग्यूसन डायनाट्रैक ट्रैक्टर का उपयोग करके जीवन में प्रभावशाली ढंग से सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विजेता को रु. 7.5 लाख तक की कीमत का मैसी फ़र्ग्यूसन 241 डायनाट्रैक ट्रैक्टर भेंट किया जाएगा। इसके अलावा, पहले दो उपविजेताओं में से प्रत्येक को 8-ग्राम सोने का सिक्का, वहीं शीर्ष 20 चयनित प्रतिभागियों में से प्रत्येक को रु. 5000 मूल्य के गिफ्ट हैंपर्स दिए जाएँगे। इतना ही नहीं, पहली 100 वैध अर्लीबर्ड एंट्रीज़ में से प्रत्येक को रु. 500 मूल्य के गिफ्ट वाउचर्स और प्रतियोगिता के बारे में सर्वश्रेष्ठ 3 सोशल मीडिया पोस्ट्स को रु. 2000 के गिफ्ट वाउचर्स भी दिए जाएंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 फरवरी, 2023



# तुर्किए में भूकंप

## भारत की सहायता

**भारत** ने तीन विनाशकारी भूकंपों से प्रभावित तुर्किए को तत्काल सहायता टीमें भेजी हैं। प्राकृतिक आपदा के समय भारत की सहायता से तुर्किए को सुखद आश्चर्य हुआ है। वहां 24 घंटे के भीतर तीन भूकंपों के कारण हजारों लोगों की मौत तथा बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजारों लोगों की दु:खद मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट की, लेकिन संवेदना की उनकी अभिव्यक्ति केवल शब्दिक नहीं थी। भारत ने तत्काल भूकंप पीड़ित तुर्किए को राहत सहायता की व्यवस्था की। भारतीय वायुसेना का एक विमान पहले ही भारत से सहायता सामग्री लेकर तुर्किए के अडाना पहुंच गया है तथा अन्य विमान जाने वाले हैं। स्पष्ट रूप से अंकारा को नई दिल्ली से ऐसे मित्रतापूर्ण व्यवहार की आशा नहीं थी क्योंकि पिछले कुछ समय से वह मोदी सरकार की आलोचना करता रहा है। पिछले साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में तुर्किए के राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान ने विश्व नेताओं को अपने संबोधन के दौरान कश्मीर मुद्दे को हवा दी थी। इससे स्वाभाविक रूप से भारत बहुत गुस्सा था। इर्दोगान ने कहा था, 'भारत और पाकिस्तान ने 75 साल पहले अपनी स्वतंत्रता प्राप्त कर संप्रभुता स्थापित की थी, पर वे अभी एक-दूसरे के साथ शांति व एकजुटता नहीं स्थापित कर सके हैं। यह अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। हम विश्वास और प्रार्थना करते हैं कि कश्मीर में न्यायोचित व स्थाई शांति तथा समृद्धि स्थापित होगी।' तुर्किए ने इस्लामी सहयोग संगठन-ओआईसी में भी भारत को नीचा दिखाने का प्रयास किया था। इस प्रयास में तुर्किए का निकट सहयोगी पाकिस्तान भी उसके साथ था।



इर्दोगान ने खासकर किसी प्रकार का खलीफा बनने की महत्वाकांक्षा पाल रखी है। उनकी इस महत्वाकांक्षा का संबंध तेल से समृद्ध अरब देशों, खासकर सऊदी अरब के राजकुमार मुहम्मद बिन सलमान-एमबीएस की रणनीति से है जिनकी अब दुनिया भर में जिहाद फैलाने की इच्छा नहीं है। इर्दोगान ने आधुनिक तुर्की के संस्थापक मुस्तफा कमाल अतातुर्क की 'सेक्युलर विरासत' को लगभग समाप्त कर दिया है। जहां अतातुर्क तुर्की राष्ट्रवाद को प्रोत्साहित करते थे वहीं इर्दोगान 'इस्लामवाद' के पक्ष में हैं। तीन साल पहले इर्दोगान ने इस्तांबूल के प्रख्यात ऐतिहासिक स्मारक हगिया सोफिया को एक मस्जिद में बदल दिया था। उन्होंने यहां पहली बार नमाज पढ़ने वाले मुसलमानों का नेतृत्व भी किया था। इस पृष्ठभूमि में देखने पर अंकारा के अधिकारी स्वाभाविक रूप से प्रसन्न होंगे कि नई दिल्ली ने विभीषिका के समय अपनी संवेदनशील प्रतिक्रिया इस विरोध से प्रभावित नहीं होने दी। भारत में तुर्किए के राजदूत फिराट सुनेल ने ट्वीट किया, 'दोस्त, तुर्की और हिंदी में समानार्थक शब्द है। तुर्की में कहावत है, दोस्त कारा गुंडे बेली ओलुर, अर्थात जरूरत के समय मदद करने वाला ही सच्चा दोस्त है। भारत, बहुत बहुत धन्यवाद।' भारतीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन तुर्किए दूतावास गए। भारत से बचाव व चिकित्सा टीमें तुर्किए पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बैठक कर राष्ट्रीय आपदा राहत बल-एनडीआरएफ की दो टीमें वहां भेजने का निर्णय लिया था। इन टीमों में प्रशिक्षित कुत्तों के साथ 100 कर्मचारी तथा आवश्यक उपकरण होंगे। यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा पीड़ित जनता की ऐसी सहायता कोई अपवाद न होकर नियम है। अतीत में भी भारत ने अनेक देशों की मानवीय संकट के समय सहायता की है जिनमें उसके दुश्मन देश भी शामिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं 'वैक्सीन मैत्री' अभियान का संचालन किया था जिसके अंतर्गत भारत ने दुनिया के लगभग सौ देशों को कोरोनावायरस वैक्सीनें भेजी थीं। उम्मीद करनी चाहिए कि जरूरत पड़ने पर तुर्किए की इस सहायता से दोनों देशों की जनता में परस्पर सद्भाव व प्रेम विकसित होगा।

# रक्षा आधुनिकीकरण में निवेश

सरकार को समझना चाहिए कि चीन से बढ़ते खतरे का सामना करने के लिए आधुनिक युद्ध तकनीक तथा रक्षा आधुनिकीकरण में अधिक निवेश जरूरी है।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त ले. जनरल हैं)



हालांकि, रक्षा बजट में वर्तमान केन्द्रीय बजट में बढ़ोत्तरी की गई है, पर वास्तव में मुद्रास्फीति को देखते हुए रक्षा आधुनिकीकरण के लिए यह वृद्धि काफी नहीं है। वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए देश के सामने ढाई मोर्चों पर खतरा बढ़ा है। अत: प्रतिरोधक क्षमता में समुचित बढ़ोत्तरी जरूरी हो गई है। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि सरकार पाक अधिकृत कश्मीर तथा चीन के कब्जे वाले अक्साईचिन को फिर अपने आधिपत्य में लाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए उपयुक्त संसाधनों की आवश्यकता होगी। रक्षा बजट में निर्धारित पूंजी का अधिकांश हिस्सा पहले से ही प्रतिबद्ध दायित्व निभाने में खर्च होगा जिसमें पहले से खरीद के आदेश के अंतर्गत आने वाले उपकरणों का भुगतान तथा नए खरीद आदेश वाले उपकरणों का भुगतान शामिल है। सरकार को सतर्कता बरतते हुए इस 'अति-विश्वास' से बचना उचित होगा कि सरकार तथा उसके नेता बहुत मजबूत हैं। हालांकि, भारत को जी20 का नेतृत्व मिलने के कारण महत्वपूर्ण स्थिति प्राप्त हुई है, पर हमें इस अति-विश्वास से बचना होगा कि 'यह युग युद्ध का नहीं है।' स्वतंत्रता के 75 साल बाद 'अमृत काल' में भी चीन व पाकिस्तान से सैनिक टकराव की संभावनाओं को खारिज नहीं किया जा सकता है। उत्तरी सेना कमांडर ले. जन. द्विवेदी तथा इसके पहले पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने पिछले महीने कहा है कि लद्दाख में 'हमारी स्थिति मजबूत है।' हालांकि, कुछ पूर्व सेनाधिकारियों के विचार से यह अवधारणा भ्रामक हो सकती है। पिछले कुछ सालों में सरकार ने रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी जरूर की है, पर उसने प्रतीकवाद पर ज्यादा जोर दिया है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि भारत और चीन के बीच रक्षा क्षेत्र में खर्च पर अंतर बना हुआ है क्योंकि भारत का समग्र रक्षा खर्च सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी के 1.5 से 1.6 प्रतिशत के बीच बना हुआ है। पूर्व रक्षा मंत्री अरुण जेटली ने एक अवसर पर स्वीकार किया था कि 'हमारे पास पैसा नहीं है, इसलिए हम रक्षा पर बहुत ज्यादा खर्च नहीं कर सकते हैं।' सरकार ने अंडमान निकोबर के अनाम द्वीपों का नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखने, स्वतंत्रता सेनानियों व अन्य महापुरुषों की विशाल मूर्तियां लगवाने तथा 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' के साथ 'जय अनुसंधान' की भावनायें जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण काम किए हैं, लेकिन अभी रक्षा क्षेत्र में बहुत कुछ करने की जरूरत है।

विडंबना है कि रक्षा बजट बढ़ाए जाने के बावजूद वर्तमान वित्त वर्ष में रक्षा क्षेत्र पर खर्च सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी के 1.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यदि सशस्त्र बलों की पेंशन पर होने वाले खर्च को भी शामिल कर लिया जाए तो दशकों में पहली बार रक्षा बजट जीडीपी के 2 प्रतिशत से भी कम जो जाएगा। हालांकि, पूंजीगत अधिग्रहण में 12,000 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है, पर यह वृद्धि केवल 8 प्रतिशत है। यदि मुद्रास्फीति तथा रुपये के गिरते मूल्य पर गौर किया जाए तो यह वृद्धि पूरी तरह नाकाफी लगती है। वर्तमान भू-राजनीति तथा सीमाओं की स्थिति को देखते हुए भारत के पास स्पष्ट राष्ट्रीय रक्षा रणनीति होनी चाहिए। इसके साथ ही इस रणनीति के अनुसार रक्षा बजटिंग व्यवस्था के लिए एक नीति व योजना की भी जरूरत है। यह हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भी जरूरी है। लेकिन इनके अभाव में रक्षा बजट का आबंटन संभवत: समुचित तरीके से होने पर संदेह पैदा होता है तथा यह केवल प्रमुख रक्षा अध्यक्ष-सीडीएस की प्राथमिकताओं पर निर्भर हो जाता है। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने तीन बार सार्वजनिक रूप से कहा है कि लड़ाकू स्क्वार्डनों की शक्ति घटने से खतरे का मुकाबला करना कठिन हो सकता है। वर्तमान समय में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू स्क्वार्डनों की संख्या 28-30 हो गई है, जबकि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए 45 स्क्वार्डन गठित करने की अनुमति दी गई है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत व फ्रांस सरकारों के बीच सीधे समझौते के अंतर्गत 38 राफेल लड़ाकू विमान प्राप्त करने में सफलता पाई है, पर भारतीय वायुसेना ने तत्काल 126 एमआरसीए विमानों की आवश्यकता बताई थी। भारतीय वायुसेना ने सालों पहले से 114 एमआरसीए लड़ाकू विमानों की आवश्यकता जताई है, पर यह अभी पूरी नहीं हुई है। इसके साथ ही अभी 'एक्सेप्टेंस आफ नेसेसिटी'-एओएन की मांग भी पूरी नहीं हो सकी है।

बदले हुए परिदृश्य को देखते हुए भारतीय नौसेना के मिशन बहुत व्यापक हुए हैं। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है जिसे देखते हुए नौसेना की जिम्मेदारियां भी अदन की खाड़ी से लेकर हिंद-प्रशांत तक बहुत बढ़ गई हैं। हालांकि, भारत ने हालिया वर्षों में नौसेना को कई स्वदेशी पनडुब्बियां सौंपी हैं, पर आवश्यकताओं को देखते हुए उनकी संख्या बहुत कम है। इसके साथ ही स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत को विमानों व अन्य व्यवस्थाओं से पूरी तरह लैस किया जाना है। हालांकि, विक्रांत पर स्वदेशी लड़ाकू विमानों का तैनाती परीक्षण स्वागत योग्य है, पर भारत की आवश्यकताओं को देखते हुए तीसरे विमानवाहक पोत की आवश्यकता भी अनुभव की जा रही है। रक्षा आधुनिकीकरण की वर्तमान गति को देखते हुए इसमें और समय लग सकता है। अधिक सैनिक शक्ति वाली थल सेना को नए टैंकों, हल्के टैंकों व नई तोपों की आवश्यकता है। रक्षा बजट में पूंजीगत अधिग्रहण में वृद्धि के बावजूद 10 दिन के गहन युद्ध तथा 30 दिन के युद्ध के लिए गोला-बारूद व उपकरणों की और आवश्यकता है। कई सेवानिवृत्त सेनाधिकारियों के विचार से वर्तमान सेना प्रमुख चौधरी तथा प्रमुख रक्षा अध्यक्ष-सीडीएस जनरल अनिल चौहान को सरकार का ध्यान रक्षा आधुनिकीकरण बजट में कमी की ओर आकर्षित करना चाहिए। लेकिन संभवत: वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए वे ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। खुशी की बात है कि युवा सेना अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी क्षमता के साथ निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे ही एक एडीसी ने प्रधानमंत्री मोदी को भी टोक दिया था जब वे गणतंत्र दिवस परेड में संभवत: अनजाने ही राष्ट्रपति मुर्मू से आगे निकल गए थे। इसे सकारात्मक रूप से लिया गया है। इस संबंध में दो घटनाओं को याद किया जा सकता है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल शंकर राय चौधरी ने सरकार को चेतावनी दी थी कि अनुपयुक्त फंडिंग के कारण किसी आपरेशनल विफलता की स्थिति में सेना को जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता है। इसी तरह पूर्व सीएनएस एडमिरल विजय शेखावत ने एक प्रेस सम्मेलन में कह दिया था कि नौसेना बंदरगाहों को नए जहाज न मिलने का नौसेना क्षमताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसके अगले दिन तत्कालीन रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने एडमिरल शेखावत को नाश्ते पर आमंत्रित किया था। वर्तमान समय में सरकार ने ढांचागत संरचना के लिए कैपेक्स काफी बढ़ाया है तथा रेल बजट को दूना किया है, पर इसकी तुलना में सेना के रक्षा आधुनिकीकरण के बजट में समुचित वृद्धि नहीं की गई है।

पिछले तीन साल में कोविड-19 के कारण कोई भर्ती नहीं हुई जिसके कारण अकेले थल सेना में 3,00,000 सैनिकों की कमी हो गई है। हर साल सामान्य रूप से 65,000 सैनिक सेवानिवृत्त होते हैं और भर्ती न होने के कारण तीन साल में नए सैनिकों को वेतन नहीं देना पड़ा है। अब 46,000 अग्निवीरों की भर्ती हुई है जिनका वेतन पूर्व सैनिकों की तुलना में कम है और उनको कोई पेंशन नहीं मिलेगी। वन रैंक वन पेंशन-ओआरओपी के कारण होने वाला खर्च लगभग रक्षा आधुनिकीकरण आबंटन के बराबर है। ओआरओपी का 31 मार्च तक 23,000 करोड़ रुपये बकाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने 2014 के चुनाव घोषणापत्र में ओआरओपी देने का वादा किया था। रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के दूसरे साल में प्रवेश से लगता है कि यह युग युद्ध का है। भारत को रूस के साथ अपने संबंधों की समीक्षा करनी चाहिए क्योंकि उसकी चीन के साथ 'असीम' साझेदारी है। भारत अब भी रूसी सैनिक हार्डवेयर, तकनीक व हिस्सों-पुर्जों पर काफी सीमा तक निर्भर है।

पिछले महीने रूसी तेल व एस-400 एडी सिस्टमों कके बकाया भुगतान के एिए रूसी सैनिक उद्योग रोस्टेक के सीईओ सर्ज चेमाजोव भारत आए थे। अमेरिका प्रतिबंधों व राजनयिक दबाव के माध्यम से भारत को रूसी उपकरणों से दूर ले जाने के सारे प्रयास कर रहा है। रूस-चीन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी यूरोपीय देश अपने रक्षा बजट बढ़ा रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी भी रक्षा खर्च में जीडीपी के 2 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। जापान ने जीडीपी के एक प्रतिशत की सीमा तोड़ी है और वह अगले पांच साल में रक्षा पर 332 बिलियन डालर खर्च करेगा। हिंद-प्रशांत में दक्षिण कोरिया व फिलीपीन्स अपनी रक्षा क्षमताओं में 8 व 5 प्रतिशत वृद्धि करने जा रहे हैं। लेकिन एलएसी व एलओसी पर सक्रियता तथा संवेदनशील आंतरिक परिवेश के बावजूद भारत व चीन के रक्षा बजट में तीन गुने का अंतर है। ऐसे में चीन को हतोत्साहित करने के लिए रक्षा क्षेत्र के पुन: पूंजीकरण या निवेश की तत्काल आवश्यकता है।

# कोविड के बाद नर्सिंग का बढ़ता महत्व

" नर्सें किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ होती हैं, और वे महामारी के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे थीं। "

**दीपक शर्मा**
(लेखक मेडलर्न के संस्थापक/सीईओ हैं)



कोविड के बाद नर्सिंग स्वास्थ्य सेवा उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। जैसे-जैसे महामारी के प्रकोप के बाद प्रौद्योगिकी नर्सिंग में केंद्र में आ गई है, पेशा महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरा है। नर्सिंग देखभाल में परिवर्तन के लिए दुनिया भर में स्वास्थ्य कर्मियों के कौशल विकास की आवश्यकता है। मरीजों की दूर से निगरानी करने से लेकर मरीज की जरूरतों को समझने के लिए उपकरणों का उपयोग करने तक, अस्पतालों को कोविड के बाद के युग में बड़े तकनीकी हस्तक्षेप के बाद अपनी नर्सों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, नर्सें दुनिया के सभी स्वास्थ्य कर्मियों में से आधे से अधिक हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य प्रणाली में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करती हैं। न केवल अतीत में, बल्कि आज भी, दुनिया भर में स्वास्थ्य और मानव जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली महामारियों और महामारियों से लड़ने में नर्सें सबसे आगे हैं। जैसा कि उन्होंने बहादुरी और साहस के साथ एक अभूतपूर्व संकट का जवाब दिया, उनका मूल्य कभी भी अधिक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं हुआ।

नर्सें किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ होती हैं, और वे महामारी के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे थीं। आज, दुनिया भर में सिर्फ 28 मिलियन नर्सें हैं। 2013 और 2018 के बीच दुनिया भर में नर्सिंग संख्या में 4.7 मिलियन की वृद्धि हुई, लेकिन यह अभी भी 5.9 मिलियन की वैश्विक कमी को छोड़ देता है। अफ्रीका, दक्षिणपूर्व एशिया, और डब्ल्यूएचओ पूर्वी भूमध्य क्षेत्र के साथ-साथ लैटिन अमेरिका के कुछ हिस्सों में सबसे बड़ा अंतर पाया गया है।



बुनियादी जीवन समर्थन और उन्नत कार्डियोवैस्कुलर जीवन समर्थन में प्रमाणन के साथ अच्छी तरह से प्रशिक्षित नर्सें महत्वपूर्ण देखभाल और आपात स्थितियों से सफलतापूर्वक निपटने के लिए अस्पताल की क्षमता में बड़ा अंतर ला सकती हैं। इस तरह के कौशल प्रदान करना अस्पतालों के लिए एक समय लेने वाली और महंगी प्रक्रिया रही है, जिसमें प्रशिक्षण और उपकरण शामिल हैं, प्रौद्योगिकी व्यवधान ने स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए डिजिटल शिक्षण समाधान सक्षम किया है। आज, अस्पताल के कर्मचारियों के लिए संपूर्ण ऑनलाइन पुनर्जीवन और कार्डियक प्रशिक्षण मॉड्यूल हैं, जिन्होंने अपस्किलिंग को तेज और बेहतर बना दिया है। बुजुर्ग आबादी में वृद्धि के कारण अपस्किलिंग नर्सें केयर होम संकट को भी हल कर सकती हैं। इसके अलावा, टेलीहेल्थ के युग में अपस्किलिंग आसन्न है, जब नर्सों को दूर के रोगी के शरीर के मापदंडों की निगरानी और विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए और आपातकालीन स्थिति में डॉक्टरों को जल्दी से सूचित करके अलार्म बजाना चाहिए। नर्सें किसी गंभीर स्थिति को तभी संभाल पाएंगी जब उन्हें पहनने योग्य बैंड, कंप्यूटर, टैबलेट या स्मार्टफोन जैसी नई तकनीकों की जानकारी होगी। जबकि अपस्किलिंग या रीस्किलिंग अवधारणा अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा उद्योग के लिए अपेक्षाकृत नई है, भारत जैसे अन्य देश बड़ी सफलता के साथ अपस्किलिंग का उपयोग कर रहे हैं। महामारी के दौरान, एक ऑनलाइन अपस्किलिंग पहल ने कोविड-19 से लड़ने के लिए एक लाख से अधिक भारतीय नर्सों को तैयार किया था।

ऑडियो रिकॉर्ड करने से लेकर रोगी की ज़रूरतों को समझने के लिए उपकरणों का उपयोग करके उनका अनुवाद करने तक, नर्सें आज अधिक से अधिक उपकरणों का उपयोग कर रही हैं। तकनीक का यह तेजी से उपयोग महामारी फैलने के बाद शुरू हुआ। अस्पताल भी अपनी नर्सों के कौशल को बढ़ाने के लिए ऐसे उपकरणों में निवेश कर सकते हैं, ताकि रोगी की देखभाल एक नए स्तर पर की जा सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई मरीज किसी दूसरे देश या राज्य से है, तो नर्सों को विशिष्ट उपकरण या सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने में प्रशिक्षित किया जा सकता है जो वे जो कह रहे हैं उसका अनुवाद कर सकते हैं और फिर उनकी ज़रूरतों को पूरा कर सकते हैं।

इसी तरह, वर्चुअल रियलिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इनेबल्ड टूल्स का इस्तेमाल नर्सों द्वारा मरीज की देखभाल में बदलाव लाने के लिए किया जा सकता है। हाल ही में, आईआईटी मद्रास ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की राज्य इकाई के साथ हाथ मिलाया था ताकि मातृ और नवजात मृत्यु को रोका जा सके और स्वास्थ्य कर्मियों को उन्नत करके नवजात शिशुओं और उनकी माताओं के समग्र स्वास्थ्य में सुधार किया जा सके।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, हेल्थकेयर वर्कफोर्स में नर्सिंग की हिस्सेदारी 50 फीसदी है और 2022 तक यह अमेरिका में सबसे ज्यादा मांग वाला पेशा होगा। प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और नए देखभाल मॉडल विकसित करके नर्सों को कौशल प्रदान करने से अस्पतालों को मदद मिलेगी और इसके लिए उन्हें अपने स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों को सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण और उपकरणों में निवेश करने की आवश्यकता होगी।

## आप की बात

### खुली जेलें

**राजस्थान** में खुले जेल मॉडल को अपनाया गया जिसमें अपराधी ऊँची दीवारों या सख्त निगरानी के बिना रहते हैं। राज्य में खुले शिविरों में लगभग 1,800 क्वार्टर हैं जहां प्रत्येक कैदी परिवार के तीन सदस्यों के साथ रह सकता है। जस्टिस संजय किशन कौल, अनिरुद्ध बोस और श्रीपति रवींद्र भट ने कैदियों के साथ बातचीत की और ऐसी खुली जेलों की सुधारात्मक क्षमता पर जोर दिया। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने देश के प्रत्येक जिले में एक खुली जेल की स्थापना का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर ने 2018 का फैसला सुनाया था। कैदियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उन्होंने खुली जेलों में सामान्य जीवन देखा है। उन्होंने कहा कि इस प्रयोग में रोजगार के अवसरों के साथ कैदियों का पुनर्वास सफलतापूर्वक हासिल किया जाएगा। कैदियों को स्वतंत्रता और गरिमा प्रदान करते हुए खुली जेलों में दंड के प्रतिशोधी रूपों को समाप्त करने की क्षमता होती है। न्यायमूर्ति लोकुर के फैसले ने केंद्र से खुले शिविरों के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह किया था और कहा था कि इस मानवीय विचार को लागू करने का समय आ गया है। इस प्रयोग को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।

**रवि रंजन**, नई दिल्ली

### नवीकरणीय ऊर्जा

**भारत** नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में भारी निवेश के साथ एक संवहनीय भविष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को आने वाले 7 वर्षों में 500 गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत में वर्ष 2030 तक अपनी लगभग पूरी ऊर्जा गैर जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त करने का संकल्प लिया है और लघु अवधि में कम से कम अपनी 50 प्रतिशत से ज्यादा नवीकरणीय ऊर्जा सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगा। वैसे भारत में सौर ऊर्जा से संबंधित बहुत सारी चुनौतियां हैं जैसे कि उच्च आरंभिक लागत, वित्त तक सीमित पहुंच, अवसंरचना और ग्रिड कनेक्टिविटी, भूमि उपलब्धता, रखरखाव, संचालन संबंधी समस्याएं आदि। हालांकि सरकार ने इस को लेकर बहुत सारी पहले शुरू की है जैसे कि सोलपाक योजना, सृष्टि योजना, किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान, पीएम कुसुम, योजना आदि। हमें निजी क्षेत्र की भागीदारी प्रोत्साहित करनी होगी और एक कुशल कार्यबल का निर्माण करना होगा तभी हम सौर ऊर्जा व नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सतत विकास कर पाएंगे।

**सुदर्शन सोराड़ी**, नानकमत्ता

### पेंशन की सुरक्षा

**प्रदेश** एवं देश के सरकारी कर्मचारियों में पुरानी पेंशन की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है तथा यह एक तरह से हर राज्य में चुनावी मुद्दा भी बन गई है । यह इस कदर हावी है कि पुरानी पेंशन न मिलने पर कर्मचारी चुनाव बहिष्कार तक की बात करने लगे हैं जो सत्ताधारी दलों एवं विपक्षी पार्टियों के लिए चिंता का सबब बन गया है। नई पेंशन पाने वाला कर्मचारी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है क्योंकि उसे पेंशन के नाम पर मिलने वाली एक मुश्त रकम वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। आज यह बेहद जरूरी है कि इस नई पेंशन की प्रणाली को बदला जाए या फिर इसमें कुछ ऐसा परिवर्तन किया जाए कि इससे सभी रिटायर्ड होने वाले कर्मचारी को लाभ मिल सके। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने अपने राज्यों में पुरानी पेंशन लागू की है। हालांकि, अनेक अर्थशास्त्री पुरानी पेंशन को अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक बता रहे हैं, पर सारा जीवन सरकारी या निजी संस्थान की सेवा में बिताने वाले कर्मचारी को सामाजिक सुरक्षा के रूप में उचित पेंशन की गारंटी मिलनी ही चाहिए।

**एम एम राजावत**, शाजापुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

## फरमाया




**एचएएल** के नाम पर सरकार के खिलाफ प्रचार किया गया व आरोप लगाए गए। अब वे सारे झूठ उजागर हो गए हैं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**कुछ** हिस्से समुद्र की सतह से मिले हैं। जासूसी गुब्बारे के अवशेष चीन को लौटाने का हमारा कोई इरादा नहीं है।

– **जॉन किर्बी**
अमेरिकी प्रवक्ता



**ममता** की चुप्पी का कारण मोदी और अडाणी से उनकी निकटता है।

– **अधीर रंजन चौधरी**
कांग्रेस नेता

# यूपी में 1200 करोड़ का निवेश करेगी जेके सीमेंट

## योगी सरकार की छवि व नीतियों से प्रभावित होकर निवेश को आगे आ रहीं कंपनियां

● यूपी में 700 करोड़ की लागत वाली दो परियोजनाओं पर पहले से ही काम कर रही है कंपनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार की नीतियों और निवेश के लिए उपयुक्त माहौल के चलते न सिर्फ विदेशी बल्कि देश के अंदर भी बड़ी कंपनियां स्वत: ही निवेश के लिए आगे आ रही हैं। इसी क्रम में अब जेके सीमेंट लिमिटेड ने 1200 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अंतर्गत कंपनी आगामी 12 महीनों में 500 करोड़ रुपए के निवेश से प्रयागराज में एक यूनिट की स्थापना करेगी। कंपनी यूपी में 700 करोड़ की दो परियोजनाओं पर पहले से ही काम कर रही है। कंपनी के डिप्टी एमडी और सीईओ 10 से 12 फरवरी के मध्य लखनऊ के वृंदावन योजना में आयोजित हो रही उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में भाग लेंगे ताकि यूपी में कंपनी के विकास के लिए दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया जा सके। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर जहां विभिन्न देशों के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों में गई टीम योगी को निवेशकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है तो वहीं ऐसे निवेशकों की भी कमी नहीं जो स्वयं प्रदेश में निवेश के लिए बेताब हैं और यूपीजीआईएस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ये निवेशक अब यूपी में निवेश के लिए अपने रोडमैप के साथ सामने आ रहे हैं। कंपनी के डिप्टी एमडी और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि हम इस गतिशील राज्य का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं जिसमें न केवल हमारे लिए भौगोलिक लाभ है, बल्कि यह निवेश और विकास के लिए अवसरों की अधिकता भी प्रस्तुत करता है। व्यवसाय करने में आसानी से लेकर अपने समृद्ध संसाधनों और कुशल कार्यबल के साथ मिलकर एक सहायक व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने तक, उत्तर प्रदेश निश्चित रूप से हमारी विस्तार योजनाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य है। जेके सीमेंट को प्रयागराज जिले में 2.50 एमटीपीए की क्षमता वाली अपनी तीसरी क्लिंकर ग्राइंडिंग यूनिट की स्थापना की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। इस परियोजना के अगले 12 महीनों में 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पूरा होने की उम्मीद है। इसके साथ ही जेके सीमेंट ने पूर्वी भारत में अपनी पहुंच को और मजबूत किया है। कंपनी ने हाल ही में हमीरपुर में अपनी दूसरी ग्रे सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट का उद्घाटन किया है। 400 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश के साथ पिछले साल यूपी सरकार के साथ हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन के तहत हमीरपुर में नवनिर्मित इकाई की कुल उत्पादन क्षमता 2 मिलियन टन प्रति वर्ष है और इसने काम करना शुरू कर दिया है। वहीं अलीगढ़ में चालू की गई पहली ग्रीनफील्ड स्प्लिट सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट लगभग 300 करोड़ रुपए के निवेश के साथ 1.50 एमटीपीए की क्षमता के साथ स्थापित की गई थी। 1200 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ सभी तीन ग्रीनफील्ड ग्राइंडिंग इकाइयां यूपी में अपनी उपस्थिति में सुधार करने और रोजगार के अवसर पैदा करके समुदायों की आजीविका में सुधार के अलावा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान देंगी। कंपनी के संस्थापक एमडी और पूर्व अध्यक्ष यदुपति सिंघानिया के नाम पर एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए आईआईटी कानपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। कंपनी ने अपने सीएसआर के हिस्से के रूप में 60 करोड़ रुपए के वित्त पोषण के साथ कानपुर में श्यदुपति सिंघानिया मेमोरियल सुपर स्पेशलिटी अस्पतालश् का समर्थन करने के लिए सहमति व्यक्त की है। यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा जो सभी को शीर्ष चिकित्सा देखभाल प्रदान करेगा।

## ईको पर्यटन के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश

**लखनऊ।** प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के आस-पास पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से पीलीभीत, बिजनौर, बलिया, बराइच जनपदों में चिन्हित भूमि के प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिये गये हैं। ईको टूरिज्म के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए राज्य सरकार इस पर विशेष फोकस कर रही है। इसके लिए ईको टूरिज्म बोर्ड का गठन करते हुए लगभग 18 विभाग कार्य कर रहे हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि कोरोना कालखण्ड के पश्चात प्रदेश में ईको-पर्यटन की दृष्टि से कई महत्वपूर्ण स्थल चिहिन्त किये गये हैं। इन स्थलों को वन विभाग तथा अन्य विभागों के सहयोग से विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इन चर्चित पर्यटन स्थलों के समीप निर्माण कार्य के अलावा बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्बंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित कराया गया है।

## लोनिवि मंत्री ने किया एलीवेटेड फ्लाईओवर का निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद जी ने शहीद पथ को चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने वाले एलीवेटेड फ्लाईओवर का आज निरीक्षण कर कल एलीवेटेड फ्लाईओवर के होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग प्रथम नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग द्वितीय अजय सिंह चौहान, एमडी सेतु निगम राकेश सिंह सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## परिवहन निगम की पत्रिका यात्रा दर्पण का जल्द होगा पुनः प्रकाशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश परिवहन निगम की मासिक पत्रिका 'यात्रा दर्पण' का पुन: प्रकाशन किया जाएग। जो कि काफी समय से बंद था। मात्रिका पत्रिका का प्रकाशन वर्ष 2014 मे प्रारंभ किया था। जल्द ही यह पत्रिका बस में यात्रा करने वाले पाठकों को उपल्ध होगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक संजय कुमार ने इस पत्रिका को पुन: शुरू करने के निर्देश दिए हैं। यात्रा दर्पण का प्रकाशन विगत वर्षो मे कोविड 19 के दृष्टिगत प्रकाशन प्रभावित रहा। इस पत्रिका में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा प्रदेश स्तर पर किये जा रहे कार्यों का ब्यौरा रहता है तथा समस्त गतिविधियों का भी विवरण इस पत्रिका में दिया जाता रहा है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी जानकारी होती रहती है। यात्रा दर्पण पत्रिका में निगम के महत्वपूर्ण सेवाओं से संबंधित जानकारियां यात्रियों हेतु बसों में उपलब्ध कराई जायेगी। प्रबंध निदेशक द्वारा परिवहन निगम में नई ऊर्जा डालने के प्रयासों में यह भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस पत्रिका के शुरू होने से परिवहन निगम अधिकारियोए कर्मियों तथा जनसामान्य हेतु निगम की गतिविधियों की सूचनाएं प्राप्त होगीं। इसके साथ ही पत्रिका में परिवहन सुविधाओं से सम्बन्धित नई जानकारी सुलभ होगी।

## हाईकोर्ट में योजित रिट याचिकाओं व जमानत प्रार्थना पत्रों का मामला

# समय से निर्देश उपलब्ध कराने के लिए डीजीपी ने तय की नोडल अफसरों की जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उच्च** न्यायालय में योजित होने वाली रिट याचिकाओं, जमानत प्रार्थना पत्रों, अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्रों तथा अपीलों आदि पर समय से इंस्ट्रक्शन (निर्देश) उपलब्ध कराने के लिए डीजीपी ने नोडल अफसरों की जिम्मेदारी तय कर दी है।

पुलिस अफसरों को जारी निर्देश में डीजीपी ने कहा है कि तथा कमिश्नरेट में नियुक्त नोडल अधिकारी उच्च न्यायालय में समय से निर्देश प्रेषित करने के लिए उत्तरदायी होंगे। उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक प्रकरण में समय से सुसंगत निर्देश मुख्य स्थायी अधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता को उपलब्ध करा दिए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी प्रकरण में समय से इंस्ट्रक्शन न्यायालय में उपलब्ध न कराए जाने का तथ्य संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित कमिश्नरेट व जनपद के नोडल अधिकारियों का इस विलम्ब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। डीजीपी ने जारी निर्देशों में कहा है कि जमानत प्रार्थना पत्रों तथा अपीलों आदि पर समयान्तर्गत उपलब्ध कराए जाने के लिए इस मुख्यालय स्तर से पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जा चुका है। परन्तु इस मुख्यालय स्तर से निर्गत परिपत्रों का अनुपालन कमिश्नरेट, जनपद स्तर पर कड़ाई से नहीं किया जा रहा है। उच्च न्यायालय में समय से निर्देश प्राप्त न होने के कारण अनेक अवसरों पर हाईकोर्ट द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई है। क्रिमिनल मिस अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र जय सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में सुनवाई के उच्च न्यायालय द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि कमिश्नरेट, जनपद स्तर पर निर्देश समय से प्रेषित करने के लिए किसी एक अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों की सूची उच्च न्यायालय इलाहाबाद को उपलब्ध करा दी जाए। डीजीपी ने कहा है कि इस संदर्भ में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उच्च न्यायालय में योजित होने वाली रिट याचिकाओं, जमानत प्रार्थना पत्रों, अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्रों तथा अपीलों आदि पर समय से निर्देश मुख्य स्थायी अधिवक्ता तथा शासकीय अधिवक्ता, उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उच्च न्यायालय इलाहाबाद, खण्डपीठ लखनऊ में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनपद तथा कमिश्नरेट में नियुक्त नोडल अधिकारी उच्च न्यायालय में समय से निर्देश प्रेषित करने के लिए उत्तरदायी होंगे। उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रत्येक प्रकरण में समय से सुसंगत निर्देश मुख्य स्थायी अधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता को उपलब्ध करा दिए जाएं।

## ई-लाटरी के जरिए तीन चरणों में होगा शेष बची शराब की दुकानों का नवीनीकरण

**लखनऊ।** प्रदेश में नवीनीकरण से अवशेष शराब की दुकानों का व्यवस्थापन ई-लाटरी के जरिए तीन चरणों में किया जाएगा। ई-लाटरी का प्रथम चरण 20 फरवरी 28 फरवरी तक, द्वितीय चरण 6 मार्च से 14 मार्च तक तथा तृतीय चरण 21 मार्च 2023 से 28 मार्च 2023 तक सम्पन्न होगा। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी. ने बताया कि वर्ष 2023-24 की आबकारी नीति में शासन द्वारा फुटकर दुकानों का सर्वप्रथम नवीनीकरण किये जाने का प्राविधान किया गया है। दुकानों के नवीनीकरण के लिए प्रार्थनापत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अवधि 3 फरवरी 2023 से 6 फरवरी 2023 तक थी। इस अवधि में अनुज्ञापियों द्वारा गतवर्षो की तुलना में अधिक उत्साह से प्रतिभाग करते हुए अपनी दुकानों के नवीनीकरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। आबकारी आयुक्त ने बताया गया कि वर्ष 2023-24 के लिए कुल 29522 देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की दुकानों सहित मॉडल शॉप का व्यवस्थापन किया जाना था। जिनमें से कुल 27497 दुकानों के नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार वर्ष 2023-24 में नवीनीकृत दुकानों का प्रतिशत 93.14 प्राप्त किया गया है जबकि यह प्रतिशत वर्ष 2020-21 में 83.90, वर्ष 2021-22 में 91.5 और वर्ष 2022-23 में 90.63 था। इस प्रकार विभाग द्वारा नवीनीकरण के प्राप्त प्रतिशत में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया है।

# भाजपा बताएं कितने बेरोजगारों को रोजगार दे पाईः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय उसे भटकाने के लिए रोज नए-नए मुद्दों की तलाश में माहिर है। इन दिनों भाजपा सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी 20 के कार्यक्रमों को लेकर जनता की गाढ़ी कमाई दोनों हाथों से लुटा रही है। अखिलेश यादव 20 लाख करोड़ इन्वेस्टमेंट समिट में लाए जाने की चर्चा है, पहले भी भाजपा सरकार ने डिफेंस एक्सपो के नाम पर बुंदेलखंड में मिसाइल और बम बनाने की बात कहीं थी। आज तक वो धरातल पर नहीं उतरे। भाजपा बताएं कितने बेरोजगारों को रोजगार दे पाई। अखिलेश ने कहा कि उद्योगपतियों को लुभाने और जनता को चकाचौंध से भ्रमित करने पर करोड़ों का अपव्यय किया जा रहा है। विज्ञापन, सजावट, खानपान और स्वागत सत्कार के तमाम खर्च जोड़ लिए जाए तो शायद उतना तो निवेश भी नहीं आने वाला है जितना निवेशक समिट में खर्च हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि सरकारी खर्च पर पार्कों में, डिवाइडरों पर और सड़कों के किनारे मौसमी फूल खिल रहे हैं। दीवारों पर पेंटिंग बनाई गई है। अगर वृक्षारोपण के नाम पर खानापूरी नहीं की जाती और उनका रखरखाव समय से होता तो आज रात दिन जुटकर हरियाली दिखाने को अफसरान हलकान नहीं होते। शहर में नालों को ढंकने के लिए पर्दो से ढंकना नहीं पड़ता। गरीबों की झोपडियां पर्दो के पीछे छुप गई हैं। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश के नाम पर राज्य के साथ धोखा है। विगत 6वर्ष में जबसे भाजपा सत्ता में आई है। धेले भर का कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूंजी निवेश हो या न हो लेकिन भाजपा सरकार ने प्रचार विज्ञापन में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। सवाल यह है कि अब तक जो एमओयू हुए है उनका जमीनी स्तर पर क्या नतीजा निकलाघ् भाजपा सरकार अब तक पिछले एमओयू का ब्यौरा नहीं दे पाई है। जनता देख रही है कि भाजपा कब तक जनता को झूठे सपने दिखाकर बहकाती रहेगी।

# डॉ. जाकिर हुसैन को कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वतंत्रता** सेनानी, भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षाविद डॉ. जाकिर हुसैन की जयंती के अवसर पर कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता पंकज तिवारी, विकास श्रीवास्तव, सेवादल कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष राजेश सिंह काली, समीर श्रीवास्तव, सुशीला शर्मा, डॉ. अजय शुक्ला, अन्नंता तिवारी, मेहताब जायसी, सुषमा मिश्रा सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। नकुल दुबे ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. ज़ाकिर हुसैन स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के तीसरे राष्ट्रपति तथा देश के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति थे। जिनका कार्यकाल 13 मई 1967 से 3 मई 1969 तक रहा। डॉ. ज़ाकिर हुसैन का जन्म 8 फरवरी 1897 में हैदराबाद, तेलंगाना के धनाढ्य पठान परिवार में हुआ था।

# पर्यटन मंत्री ने जीआईसी के समीप स्थित टेन्ट सिटी का किया निरीक्षण

● 250-250 लोगों के ठहरने की है व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार की दोपहर यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (यूपीजीआईएस) 2023 के आयोजन स्थल के समीप स्थापित टेन्ट सिटी की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने टेन्ट सिटी में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को क्रियाशील करने तथा अवशेष कार्यों को बृहस्पतिवार 9 फरवरी 2023 की सुबह तक पूरा करने के निर्देश दिये।

पर्यटन मंत्री के निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन अश्वनी कुमार पाण्डेय, महानिदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने काशी, अयोध्या तथा प्रयागराज तीर्थ स्थलों के नाम पर स्थापित की गयी टेन्ट सिटी की समस्त सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। विदेशी एवं देश के प्रतिष्ठित अतिथियों, निवेशकों के लिए बनाई गयी प्रत्येक टेन्ट सिटी में 250-250 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गयी है। इस प्रकार कुल 750 अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था है। मंत्री ने टेन्ट सिटी के पहले अतिथि रिलायन्स इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधि के पधारने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जयवीर सिंह ने टेन्ट सिटी के मुख्य द्वार पर टेन्ट सिटी का नाम साफ-साफ लिखने की निर्देश दिये। इसके साथ ही अधूरे कार्यों को पूरा करने के अलावा सांस्कृतिक हाल के सामने जमीन समतल करने, चिकित्सा संबंधी सुविधाओंए पानी का छिड़कावए फागिंग एवं होर्डिंग आदि को व्यवस्थित करने के निर्देश

## दरोगा भर्ती परीक्षा 2020-21 में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व धांधली हुईः नरेश उत्तम

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा करायी गयी दरोगा भर्ती परीक्षा 2020-21 में 7 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। उसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और धांधली हुई। समाजवादी पार्टी भर्ती प्रक्रिया में हुए भ्रष्टाचार और धांधली की विस्तृत जांच की मांग करती है। प्रदेश सरकार ने भर्ती एनएसई आईटी एजेन्सी से करायी जो मध्य प्रदेश और उत्तराखण्ड में ब्लैक लिस्टेड है। ऑनलाइन प्रक्रिया से हुई भर्ती में भारी नकल हुई। तमाम अभ्यर्थियों ने साल्वरों के जरिए शामिल होकर भ्रष्टाचार किया। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल बुधवार को सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कह कि भर्ती धांधली और रिश्वत लिए जाने को लेकर सैकड़ों एफआईआर हुई है। एसटीएफ ने दर्जनों गिरफ्तारियां की है। भर्ती प्रक्रिया हाईकोर्ट में लम्बित है। फिर भी नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के विधायक एवं इंजीनियर सचिन यादव, पंकज पटेल, हिमांशु सिंह की टीम बनाकर पूरे मामले की जांच करायी। जांच रिपोर्ट में आया है कि साल्वरों ने कहीं 4 मिनट में ही 40 सवाल हल कर डाले हैं तो कहीं 5 सेकण्ड में 23 सवाल हल कर दिये हैं।

## लोक निर्माण विभाग कर्मियों की हड़ताल 24 फरवरी तक स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले 3 फरवरी से आंदोलनरत है। कर्मचारी अपने-अपने ढंग से मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए कलम बन्द धरना प्रदर्षन किया। इस क्रम में विभाग के प्रमुख अभियन्ता परिकल्प/नियोजन अरविन्द कुमार जैन, मुख्य अभियन्ता वहीदबक्स एवं अन्य अधिकारी तथा यूपी मिनि. एसो. के प्रतिनिधि मण्डल के बीच सकारत्मक वार्ता हुई। एसो. के प्रान्तीय अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी व महामंत्री जेपी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि बुधवार को प्रदेष के 18 जोनों के क्षेत्रिय मुख्य अभियन्ता, के कार्यालयों पर धरना प्रदर्षन किया गया। तथा क्षेत्रीय पदाधिकारी मण्डल ने मुख्य अभियन्ता को ज्ञापन सौपा। उक्त दोनो पदाधिकारी ने बताया कि विभाग के उत्तराधिकारियों से संगठन के प्रतिनिधि मण्डल के बीच वार्ता में 75 प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो चुका है। शेष समस्याओं के समाधान के लिये 18 जोनों के मुख्य अभियन्ता को कडें निर्देष दिये गये है। एसो. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधाषू शर्मा ने बताया कि मुख्य अभियन्ता वहीदबक्स के अनुरोध पत्र पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति एवं जी 20 सिखर सम्मेलन जैसे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं बजट पर विचार करते हुये प्रान्तीय कार्यकारणी ने 24 फरवरी 2023 तक हड़ताल स्थगित करने का फैसला लिया है।

प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया है प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष परिकल्पध्नियोजन को पत्र के माध्यम से सूचित करते हुये कहा गया है कि अगर 24 फरवरी 2023 तक बाकी समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो 25 फरवरी 2023 से संगठन द्वारा पुन: धरना प्रदर्शन कर दिया जायेगा।

# समिट के दौरान ट्रैफिक जाम की शिकायत मिली तो दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

● निवेशकों सहित आम नागरिक को आवागमन में न हो किसी भी प्रकार की असुविधाः प्रमुख सचिव गृह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रमुख** सचिव गृह संजय प्रसाद ने निर्देशित किया है कि राजधानी लखनऊ मे आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश एवं विदेश के भाग लेने वाले हजारों निवेशकों को आवागमन मे किसी प्रकार की यातायात असुविधा कतई नही होनी चाहिए। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में बेहतर यातायात संचालन के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए कि निवेशकों सहित आम नागरिक को भी आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। आवागमन में किसी भी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम होने की शिकायत अथवा जानकारी मिलने पर संबंधित क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी की जिम्मेदारी नियत कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

प्रमुख सचिव गृह न कहा है कि संभावित ट्रैफिक को दृष्टिगत रखते हुए बेहतर प्लान बनाकर यातायात का संचालन कराया जाए। उन्होनें कहा कि प्रदेश की राजधानी में कुछ प्रमुख मार्गो में ट्रैफिक जाम होने की जानकारियां प्राप्त हो रही हैं, जो कतई उचित नही है। बेहतर यातायात संचालन के लिए ट्रैफिक को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन प्लान बनाया जाए। संजय प्रसाद ने यह भी कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लेने वाले देश-विदेश निवेशको को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्वच्छ वातावरण का आभास कराने के लिये नियमित रूप से सफाई व्यवस्था भी नगर निगम द्वारा सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मार्ग में किसी भी स्थान पर गंदगी आदि कतई एकत्रित न होने पाए। बेहतर यातायात के लिए प्रमुख मार्गों में आवश्यकतानुसार प्रकाश की समुचित व्यवस्था समय से संबंधित विभाग सुनिश्चित करा ले। प्रमुख सचिव गृह ने निर्देश दिए हैं कि आयोजन स्थल, हैलीपैड, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन सहित प्रमुख मार्गो एवं प्रमुख स्थानों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करते हुए असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए ताकि कोई भी अप्रिय घटना कतई घटित न होने पाए।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लेने वाले किसी भी अतिथि को किसी भी प्रकार की असुविधा कतई नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के कर्मी अपने शासकीय दायित्वो के दौरान अतिथियों सहित आम जनता से भी बेहतर मित्रवत व्यवहार कर अपनी बेहतर छवि बनाएं।

## इन्वेस्टर्स समिट व जी-20 इवेंट्स

# सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे 24 आईपीएस व 66 पीपीएस अफसर

● चप्पे-चप्पे की निगरानी के लिए लगाए जाएंगे 5415 पुलिसकर्मी, 13 कंपनी पीएसी और 3 कंपनी सीएपीएफ

● एसटीएफ व एटीएस को किया गया एलर्ट, ड्रोन कैमरों से भी होगी निगरानी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

**उत्तर** प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 तथा प्रदेश में जी-20 इवेन्ट्स से सम्बन्धित 11 चरणो में बैठकों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश पुलिस की विशिष्ट ऑपरेशनल यूनिट्स यथा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ ), एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस) को अलर्ट पर रखते हुए दुर्दान्त अपराधियों, स्लीपिंग माड्यूल्स व माफिया तत्वों पर अभियान चलाकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। कुछ चिन्हित महत्वपूर्ण स्थलों पर एटीएस की स्पॉट टीम को लगाया गया है। मुख्यालय स्तर से आयोजन की सुरक्षा संभालने के लिए 24 आईपीएस अधिकारी, 68 पीपीएस अधिकारी, 5415 अराजपत्रित अधिकारी व कर्मचारियों के साथ 13 कंपनी पीएसी, 3 कम्पनी सीएपीएफ के अतिरिक्त एंटीड्रोन सिस्टम, एटीएस व एसटीएफ के कमांडो तैनात किए जाएंगे।

कमिश्नरेट लखनऊ में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 तथा प्रदेश में जी-20 इवेन्ट्स से सम्बन्धित 11 चरणो में बैठकें कमिश्नरेट लखनऊ, आगरा, वाराणसी व गौतमबुद्धनगर में 11 फरवरी 2023 से 27 अगस्त 2023 के मध्य प्रस्तावित हैं। 13 फरवरी 2023 से 15 फरवरी 2023 तक लखनऊ में आयोजित बैठक से सम्बन्धित एयरपोर्ट, आयोजन स्थल, अतिथियों के प्रवास स्थल भ्रमण स्थल तथा आवागमन के मार्गो पर उच्चतम् स्तर से स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आयोजन स्थल एयरपोर्ट, प्रवास स्थल भ्रमण स्थल व आवागमन के मार्गो को जोन एवं सेक्टर में विभाजित कर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में स्ट्रेटजिक योजनाबद्ध पुलिस व्यवस्थापन किया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस की विशिष्ट ऑपरेशनल यूनिट्स यथा स्पेशल टास्क फोर्स एंटी टेररिस्ट स्क्वायड को अलर्ट पर रखते हुए दुर्दान्त अपराधियों, स्लीपिंग माड्यूल्स व माफि या तत्वों पर अभियान चलाकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। कुछ चिन्हित महत्वपूर्ण स्थलों पर एटीएस स्पॉट टीम को लगाया गया है। समस्त सम्बन्धित विभागों के साथ उच्चकोटि का समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की माइकोप्लानिंग करते हुए समन्वित कार्ययोजना के अनुसार यातायात, सुरक्षा प्रबन्ध किया गया है तथा व्यवस्था को संचालित करने के लिए ऑपरेशनल कमांड कंट्रोल सेन्टर, आकस्मिक व्यवस्थाओं के लिए स्थापित किया गया है। कार्यक्रम से सम्बन्धित हॉट स्पॉट चिन्हित कर ड्यूटी के दौरान समुचित प्रशिक्षण प्राप्त व्यवसायिक दक्ष, उत्कृष्ट व सॉफ्ट स्किल वाले महिला-पुरूष पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। यथावश्यक स्ट्रैटजिक रूप से ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। आयोजन के दौरान अभिसूचना तन्त्र का उच्च स्तरीय सक्रियकरण कर संदिग्धों व अराजकतत्वों को सूचीबद्ध कर निगरानी के लिए लगाया गया है। आयोजन के दौरान फायर सर्विस के वरिष्ठ प्रशिक्षित एवं कुशल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के फायर सर्विस टेंडर को भी यथास्थान ड्यूटी प्वाइंट्स पर व्यवस्थापित किया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 9 फरवरी, 2023



# समय की तेज रफ्तार के साथ अब आगे बढ़ें विद्यार्थी

**संवाददाता।** बरेली




**श्रीराममूर्ति** स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के महाविद्यालयों का 22वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के बरेली स्थित सीईटी, सीईटीआर और उन्नाव स्थित सीईटी के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, पाठ्यक्रमों के सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण 310 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इसके साथ ही विभिन्न संकायों में विशिष्ट अंक हासिल कर उत्तीर्ण होने वाले और खेल में समग्र प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थियों को विभिन्न पदक, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से भी प्रोस्ताहित किया गया।एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने विद्यार्थियों को समय की तेज रफ्तार के साथ तेजी से आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ करना है तो समय के साथ चलना पड़ेगा।श्रीराममूर्ति कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के श्रीराममूर्ति शतिक सभागार में दीक्षांत समारोह निर्धारित समय पर सरस्वती वंदना, संस्थान गीत और कुलगीत से आरंभ हुआ। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों के परिजनों का स्वागत किया। उन्होंने ट्रस्ट की स्थापना और इसके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। सीईटी के डीन एकेडेमिक्स डा. प्रभाकर गुप्ता ने पिछले वर्ष हासिल संस्थान की उपलब्धियां गिनाईं। डा. के के अग्रवाल ने दीक्षांत के विशिष्ट समारोह में कहा कि यह वह समारोह है जब बच्चा डिग्री हासिल कर समाज की ओर रुख करता है।

# बीएचएल को पर्यावरण प्रदूषण के आरोप में कारण नोटिस जारी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**खंभारखेड़ा** में संचालित बजाज चीनी मिल से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण के सम्बन्ध में आम जनमानस की ओर से प्राप्त होने वाली शिकायतों का डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने कड़ा संज्ञान लिया है। जनस्वास्थ्य के मद्देनज़र डीएम की संस्तुति पर उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की टीम द्वारा चीनी मिल द्वारा उत्सर्जित किये जा रहे प्रदूषण की जांच की गई। विशेषज्ञों की जांच में मिल द्वारा उत्सर्जित प्रदूषण का स्तर राष्ट्रीय हरित अधिकरण व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानक से अधिक पाए जाने पर दोषी चीनी मिल को 31 दिवस का डिफाल्टर मानते हुए तथा विशेषज्ञों के सुझावों का अनुपालन न होने की अवधि तक पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किए जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसरों ने इकाई का स्थलीय निरीक्षण कर प्रदूषण के लिए निर्धारित मापदंडों की पड़ताल की। निरीक्षण में उक्त इकाई में राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में दाखिल समिति की आख्या में दिए गए सुझाव, संस्तुतियों का अनुपालन होता नहीं पाया गया। निरीक्षण टीम ने इकाई को राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा दिए गए दिशा निर्देश, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मार्ग निर्देशिका के अनुसार उद्योग के विरुद्ध 31 दिनों का डिफाल्टर मानते हुए पर्यावरण क्षतिपूर्ति का आकलन किया। इकाई बजाज हिन्दुस्तान लि॰ (शुगर इकाई),खम्भारखेड़ा के विरूद्ध 22 दिसंबर 2022 से 21 जनवरी 2023 तक की अवधि तक 30 हजार प्रति दिन की दर से अग्रिम सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने तक पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किए जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने की संस्तुति सहित आख्या बोर्ड मुख्यालय को भेजी।

# देश के आगामी 25 वर्षों की दिशा व दशा तय करेगा अमृत काल बजट :राज्यमंत्री

**संवाददाता।** अमेठी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट कोई आम बजट नहीं बल्कि अमृत काल बजट है। जो गरीब, किसान, समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति, महिलाओं व देश कल्याण को समर्पित बजट है। यह बजट देश के आगामी 25 वर्षों की दशा व दिशा तय करेगा।

जिस समय देश आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा तब देश विश्व के विकसित देशों में शामिल हो चुका होगा। उपरोक्त बातें उ0प्र0 सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण, उ0प्र0 गिरीश चन्द्र यादव ने आज सरस्वती शिशु मंदिर अमेठी में हुई प्रेस वार्ता में केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गये बजट के सम्बन्ध में मीडियाकर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के आम बजट में उ0प्र0 को केन्द्रीय करों व शुल्कों से रू0 1.83 लाख करोड़ रूपये मिलने का प्रावधान किया गया है, केन्द्रीय करों से मिलने वाली भारी भरकम धनराशि से राज्य सरकार से प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुहिम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि प्रस्तुत बजट में प्रदेश को 28 नये नर्सिंग कालेज का उपहार दिया गया जिसमें प्रदेशवासियों को राहत मिलेगी तथा वर्तमान में 14 मेडिकल कॉलेज प्रदेश में निर्माणाधीन है, जिसमें जनपद अमेठी भी शामिल है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत मछली पालन हेतु रू. 600 हजार करोड़ का प्राविधान किया गया है। केन्द्र सरकार ने उ0प्र0 के आकांक्षी विकासखंड मॉडल को देशभर लागू करने की घोषणा की है जिसमें प्रत्येक प्रदेश में आकांक्षी विकासखंडो तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजलीए परिवहन, रोजगार और कौशल विकास की सुविधायें मुहैया पर बल दिया गया है।

# नैमिष में बनाया जाए अच्छा गेस्ट हाउस

**संवाददाता।** सीतापुर

**नैमिषारण्य** विकास के परिपेक्ष्य में एक बैठक तहसील मिश्रिख सभागार में मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीतापुर के जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव दिए। जन प्रतिनिधियों द्वारा दिव्यता और भव्यता प्रदान करने के साथ नैमिषारण्य में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों को मास्टर प्लान में शामिल किए जाने की बात मंत्री जयवीर सिंह ने कही।

मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने सुझाव दिया कि चक्रतीर्थ से राजघाट तक की सड़क का चौड़ीकरण किया जाए। उन्होंने काशीकुंड की तरफ ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि यहां दूर-दूर से लोग कर्मकांड के लिए आते हैं, इसलिए इसका विस्तार भी किया जाना चाहिए। उन्होंने नैमिषारण्य चक्रतीर्थ की जल निकासी की उचित व्यवस्था किए जाने का सुझाव दिया। विधायक ने कहा कि चक्रतीर्थ परिसर में जो पत्थर लगे है, उन पर फिसल कर श्रद्धालु गिर पड़ते है, इन्हें ठीक कराए जाने की जरूरत है। विधायक ने इस बात पर भी जोर दिया कि विकास कार्यों के लिए जो पैसा स्वीकृत हो उसका पूरा सदुपयोग होना चाहिए।

उन्होंने एक अच्छे गेस्ट हाउस के निर्माण के लिए भी अपनी बात प्रमुखता से रखी। सीतापुर से भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सुझाव देते हुए कहा कि तीर्थों और कुंडा को बड़े क्षेत्र में विकसित किया जाए जिससे इनकी पौराणिकता बनी रहे। यही नहीं तीर्थ परिसरों में जो पत्थर लगाए जाए वो ऐसे हों जिनमें फिसलन न हो। आवागमन के लिए बनाए जा रहे मार्गों को 16 मीटर की जगह 14 मीटर में बनाए जाने का सुझाव एमएलसी ने दिया। उन्होंने वेदपव्यास की एक मूर्ति एवं ललिता देवी मंदिर गेट का सौंदर्यीकरण कराने को भी कहा। राजघाट परिसर में कालभैरव का मंदिर बनाए जाने और ललिता देवी मंदिर परिसर में भी काल भैरव का मंदिर स्थापित किए जाने का सुझाव दिया।

# एनटीपीसी में आयुष प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** ऊंचाहार



**केंद्र** सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव की अपार सफ्लता को देखते हुए इसे 1 साल और बढ़ा दिया है। जहां आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश भर में विभिन्न मंत्रालय, सरकारी-गैर सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थानों के द्वारा लाखों की संख्या में कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं अब इसे और विस्तार देने के लिए एक नया लक्ष्य रखा गया है।

केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि देशभर में मौजूद 75 केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के द्वारा 750 से अधिक मेडिकल कैंप लगाए जाएं। आज इसी कड़ी में एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना में 'आयुष प्रोग्राम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया व मुख्य चिकित्साधिकारी एनटीपीसी ऊंचाहार डॉ. मधु सिंह ने व्याख्यान के लिए आए सभी प्रतिभागियों के स्वागत में भाषण दिया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ऊंचाहार) व परियोजना आवासीय परिसर स्थित जीवन ज्योति चिकित्सालय के सौजन्य से आयुष विभाग रायबरेली के डॉ. रवि प्रताप सिंह, आयुर्वेद चिकित्सक ने आयुर्वेद चिकित्सा के विषय में जागरूकता प्रदान करते हुए स्वास्थ्य और कल्याण पर व्याख्यान दिया। सिंह ने आयुर्वेद चिकित्सा का महत्व बताते हुए कहा कि आयुर्वेद विश्व की सबसे प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है जोकि अनादि एवं शाश्वत है।

जो शास्त्र या विज्ञान आयु का ज्ञान कराये उसे आयुर्वेद की संज्ञा दी गयी है। ऋग्वेद जोकि मनुष्य जाति के लिए उपलब्ध प्राचीनतम शास्त्र है, आयुर्वेद की उत्पत्ति भी ऋग्वेद के काल से ही है। वर्तमान में भी कोरोना जैसी प्राण घातक बीमारी में भी आयुर्वेद के काढ़ा ने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हुए ये सिद्ध कर दिया है कि आज भी आयुर्वेद चिकित्सा की सबसे बेहतरीन शैलियों में से एक है। साथ ही इस कार्यक्रम को और अधिक रूचिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# युवाओं को हुनरमंद बना रहा कौशल विकास मिशन

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कौशल विकास मिशन प्रदेश के बेरोजगार युवाओं, अल्पसंख्यकों महिलाओं और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों को हुनरमंद बना रहा है। बरेली मंडल में तेजी से युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। मंडल के चारों जिलों में कौशल विकास मिशन के तहत 12358 बेरोजगारों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। इनमें से 2700 युवाओं को अब तक प्रशिक्षित किया जा चुका है। 3437 युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाया जा चुका है। कमिश्नर बरेली मंडल संयुक्ता समद्दार ने बुधवार को संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण एवं रोजगार अरुण कुमार राणा समेत अधिकारियों के साथ कौशल विकास मिशन की समीक्षा की। इसमें बरेली में 1409, बदायूं में 1363, पीलीभीत में 247 और शाहजहांपुर में 468 बेरोजगारों को रोजगार दिलाया गया है।

## क्विक न्यूज

### अनावश्यक डाउनलोड न करें ऐप: एएसपी

**सीतापुर।** कभी लालच में न फंसे, कोई भी फ्री में कुछ नही देता है। व्यर्थ के अनावश्यक ऐप्प डाउनलोड न करें, फेसबुक पर परिवार की बाते साझा न करें। किसी को अपना ओटीपी न दे, एटीएम कार्ड की पिन बदलते रहे और पासवर्ड किसी के सामने न दबाएं, कभी अनजान व्यक्ति को फोन पर बैंक डिटेल साझा न करें। ऐसे ही तमाम सुझाव सेक्रेड हार्ट स्कूल में छात्र-छात्राओं के मध्य साझा किए गए। कालेज में आयोजित कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए मुख्य अतिथि एएसपी उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने कहीं। साइबर इंचार्ज राजीव सिंह, सेक्रेड हार्ट स्कूल के फादर अलमिडा, जावेद कमर, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकित अग्रवाल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### आर्म्स एक्ट व मारपीट के तीन वारंटी गिरफ्तार

**निघासन-खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश साहा के निर्देशानुसार अपराधियों तथा वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध संचालित गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत निघासन पुलिस बल द्वारा प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार निघासन पुलिस बल द्वारा टीम बनाकर वारंटी अभियुक्त राकेश पुत्र विश्राम निवासी ग्राम द्वारिका पुरवा मजरा गंगा बेहड को इसके घर से बाहर गिरफ्तार किया गयाए इस अभियुक्त पर शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। इसी तरह वारंटी अभियुक्त गण बबलू उर्फबुलोक तथा श्रवण कुमार निवासी ग्राम खैरहनी को गांव से ही गिरफ्तार किया गया है। सभी अभियुक्तों को नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व सदस्यगणों ने की बैठक

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायामूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में जनपद के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में प्राविधान के तहत निर्धारित पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधित्व की समीक्षा एवं स्थानीय प्रतिनिधियों का मतध्फीडबैक प्राप्त करने सम्बधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य संतोष कुमार विश्वकर्माए महेन्द्र कुमारए जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रए पुलिस अधीक्षक डाण् इलामारन जीए मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ाए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंहए समस्त अधिशासी अधिकारी सहित नगर पालिकाध्नगर पंचायतों के पूर्व अध्यक्ष व सभासद उपस्थित रहें। बैठक में आयोग के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने नगर पालिका एवं नगर निकायों से आये हुए पूर्व अध्यक्षों एवं सभासदों को आयोग के उद्देश्य एवं कार्य क्षेत्र को विस्तार से बताते हुए कहा कि 28 दिसम्बर 2022 को इस आयोग का गठन किया गया।

### डोर-टू-डोर अभियान के तहत रैली का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के अन्तर्गत नगर पालिका परिषदए गोला गोकर्णनाथ द्वारा ष्10 तक डोर.टू.डोरष् अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। जिसका भव्य शुभारंभ नगर पालिका परिसर में अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षितए प्रधान लिपिक राजेश बाजपेयीए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली नगर पालिका से शुरू होकर अशोक चौराहा होते हुए मोहम्मदी रोड बाईपासए विकास चौराहाए खुटार रोडए अलीगंज रोडए सिनेमा चौराहाए नानक चौकीए लखीमपुर रोड होते हुए पुनः पालिका परिसर में समाप्त हुई। रैली में बाइकों पर स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चौपहिया वाहनों को आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया। जिस पर लाउडस्पीकर से नागरिकों को जागरूक किया गया कि सूखा कचराए गीला कचरा को अलग अलग कर रखे और कूड़ा वाहन आने पर सफाई मित्र को दें। इधर उधर नालियों में न फेंके।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

**बरेली।** नशे के आदी युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव सहगवा नगरिया निवासी 26 वर्षीय प्रेम पाल पुत्र धनीराम की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रेमपाल नशे का आदी था और कल दोपहर में अपने घर के बाहर जंगल में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और वह जमीन पर गिर पड़ा गांव के लोगों ने उसके मुंह से झाग निकलते देखा तो उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से उसे पीलीभीत के जिला अस्पताल लाए और फिर एक निजी अस्पताल ले गए जहां से रात में उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# लगातार तीसरे दिन गरजी जेसीबी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जिला** मुख्यालय पर सदर चौराहे से संकटा देवी जाने वाले सबसे व्यस्ततम मार्ग पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में बुधवार को लगातार तीसरे दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान न केवल प्रभावी तरीके से चला बल्कि प्रशासन की मुस्तैदी से जेसीबी गरजी। बुधवार को अभियान में 30 अतिक्रमणकारियों का जेसीबी से पक्का अतिक्रमण हटा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज के लिए सबसे अहम माने जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की रणनीति पर एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह के संयुक्त निर्देशन एवं नेतृत्व में लगातार तीसरे दिन कवायद जारी रही। एसडीएम श्रद्धा सिंह व सीओ सिटी संदीप सिंह के संयुक्त निर्देशन में सदर चौराहे से संकटा देवी मार्ग पर 30 और अतिक्रमणकारियों का पक्का अवैध अतिक्रमण जेसीबी से हटवाया गया। पहले दिन 10, दूसरे दिन 27 एवं अब तक 67 अतिक्रमणकारियों से भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका है। समाचार लिखे जाने तक एसडीएम सदर स्वयं मौजूद रहकर अतिक्रमण अभियान को लीड करती नजर आई। देर रात तक नगर पालिका परिषद की मशीनों, कार्मिकों के जरिए मलबे को हटाने का काम जारी रहेगा, ताकि सड़क मार्ग पर आवागमन में किसी को असुविधा ना हो। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह ने बताया कि इस मार्ग पर तब तक अतिक्रमण अभियान प्रभावी रहेगा, जब तक इसे पूर्णतया अतिक्रमण मुक्त नहीं करा दिया जाएगा। गुरुवार को भी वह स्वयं खड़े होकर अतिक्रमण को खाली कराएंगी, जिन लोगों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाया जा रहा।

# 25 लाभार्थियों को वितरित किए गए चेक

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**भूमि** विकास बैंक द्वारा विभिन्न रोजगार परक योजनाओं के अंतर्गत आज एक मैरिज लान में वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह,उप जिला अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, और बैंक के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के माध्यम से 25 लाभार्थियों को 30लाख 50 हजार के चेक वितरित किये गये। वही मुख्य अतिथि सहित सभी मंचासीन अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। ऋण वितरण कार्यक्रम रोजगार परक एवं योजनाओं मे ऋण वितरित कर कमजोर वर्गों के लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य यह दुर्घटना शिविर का आयोजन किया गया।

# सौ लीटर शराब की गई बरामद

**संवाददाता।** निघासन-खीरी



**जिला** आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र नंबर तीन अपनी टीम के साथ अलग-अलग गांवों व तालाब/नदी/पोखरों/जंगलों के किनारे बन रही अवैध कच्चीं शराब करीब सौ लीटर बरामद करते हुए शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर नष्ट करते हुए तीन अभियोग पंजीकृत किये गये। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सिसैय्या गांव के बाहर तालाब के किनारे बना रहे अवैध कच्ची अपमिश्रित शराब (चढ़ी भठटी) माफ्यिाओं ने आबकारी विभाग की टीम को अपनी और आता देख तालाब में कूद कर फरार हो गए, वहीं मौके पर से बन रही अवैध कच्चीं अपमिश्रित शराब करीब सौ लीटर को बरामद करते हुए छः सौ किलो लहन एवं शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर नष्ट करते हुए फरार अभियुक्त बन्धाए रमेशएअखिलेश पुत्रगण कल्लू भार्गव के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की गई।

# पेज एक का शेष

## मेरे पास...

घूम कर आए हैं वो भी अब देख सकते हैं कि वहां कितनी आन-बान-शान से घूमा जा सकता है। प्रधानमंत्री ने अपने जवाब में अडाणी समूह के मामले या जेपीसी की मांग पर कुछ नहीं कहा। कोरोना महामारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 100 साल में आई हुई यह भयंकर महामारी, दूसरी तरफ युद्ध की स्थिति, बंटा हुआ विश्व, इस स्थिति में भी, संकट के माहौल में, देश जिस प्रकार से संभला है, इससे पूरा देश आत्मविश्वास और गौरव से भर रहा है। उन्होंने कहा, दुनिया के तमाम देशों व हमारे पड़ोस में जिस तरह के हालात हैं, ऐसे समय में कौन हिंदुस्तानी गौरव नहीं करेगा कि उनका देश दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार मौके को मुसीबत में तब्दील करने का पर्याय बन गई थी। मोदी ने कहा, चुनाव हार जाओ तो ईवीएम को गाली, चुनाव आयोग को गाली... कोर्ट में फैसला पक्ष में नहीं आया तो सुप्रीम कोर्ट की आलोचना, भ्रष्टाचार की जांच हो रही हो तो जांच एजेंसियों को गाली, सेना अपना पराक्रम दिखाए तो उस पर आरोप। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले का दशक गंवाए दशक (लॉस्ट डेकेड) के रूप में जाना जाएगा और इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि 2030 का दशक पूरे विश्व के लिए भारत का दशक (इंडियाज डेकेड) है।

## प्लास्टिक बोतलों...

के आह्वान के अनुरूप इंडियन ऑयल ने खुदरा ग्राहक परिचारकों के वास्ते और उपभोक्ताओं तक एलपीजी (रसोई गैस सिलेंडर) पहुंचाने वाले कर्मियों के लिए ऐसी पोशाक निर्धारित की है, जो रिसाइकिल्ड पॉलिएस्टर (आरपीईटी) और कपास से बनाए गए हैं.इंडियन ऑयल के ग्राहक परिचारक की प्रत्एक पोशाक लगभग 28 इस्तेमाल की गई आरपीईटी बोतलों का पुनर्चक्रण कर निर्मित की जाएगी। सार्वजनिक उपक्रम टिकाऊवस्त्रों के लिए अनबॉटल्ड ब्रांड के जरिए इस पहल को आगे बढ़ा रहा है। इस ब्रांड के तहत, आईओसी का लक्ष्य अन्य तेल विपणन कंपनियों के ग्राहक परिचारकों के लिए पोशाक की आवश्यकता को पूरा करना, सेना के लिए गैर-लड़ाकू वर्दी, संस्थानों के लिए पोशाक की आपूर्ति करना तथा खुदरा ग्राहकों को भी इसकी बिक्री करना है।

## गाजियाबाद कोर्ट...

गेट की ग्रिल बंद कर रोक लिया गया। इस दौरान पुलिस और वन विभाग की टीमें पहुंच गईं। उन्होंने अभियान चलाकर ऊपरी मंजिल पर फंसे कई न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को निकाला। जिला वन अधिकारी मनीष सिंह ने कहा कि सूचना पर तत्काल वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। बाद में मेरठ से भी टीम बुलाई गई। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को काबू किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि तेंदुए के हमले में सरकारी अधिवक्ता प्रमोद तंवर, वकील जितेंद्र कुमार और अचिन, हेड कांस्टेबल विकास कुमार, अशरफ खान, जहीर खान, तनवीर खान, रामावती, सलीम एवं रेड एप्पल ग्रुप के मालिक नमन जैन आदि घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## राहुल ने...

उसका भी असर होता है। उनका कहना था कि कांग्रेस नेता के पूरे भाषण में हताशा के साथ इस बात को लेकर परेशानी दिख रही थी कि उनकी सत्ता चली गई और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बन गए। प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी ने श्रीलंका को लेकर जो हवाला दिया वहां के राष्ट्रपति ने इससे इनकार किया था...संबंधित पदाधिकारी ने कहा है कि उसने भावनाओं में बहकर बोल दिया था। राहुल गांधी ने सदन को गुमराह किया है। प्रसाद ने दावा किया, आज नरेन्द्र मोदी की सरकार में कमीशन और डील बंद हो गई। यही बात उन्हें (राहुल) चुभती है। प्रसाद ने कांग्रेस शासित राज्यों में अडाणी समूह के निवेश का उल्लेख करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ सरकार ने पर्यावरण संबंधी आपत्तियों के बावजूद कोयले की परियोजना को मंजूरी दी। राजस्थान में अडाणी समूह 65 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रहा है। राहुल जी क्या वहां भी डीलिंग हुई है? प्रसाद ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मामले का हवाला देते हुए आरोप लगाया, प्रधानमंत्री पर आरोप किसने लगाया, जो भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं, उनकी माता जी जमानत पर हैं, जीजाजी जमानत पर हैं।

## त्रिपुरा में...

वीर विक्रम के नाम पर रखकर उनका सम्मान किया जा रहा है। मजलिशपुर विधानसभा क्षेत्र में विजय संकल्प रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक व प्रत्याशी सुशांत चौधरी को कमल चुनाव निशान पर वोट देने की अपील की। कहा कि आपकी आस्था का सम्मान केवल भाजपा कर पाएगी। सीएम ने पूछा कि राम मंदिर का निर्माण क्या कांग्रेस या कम्युनिस्ट कर पाते। गांव गरीब, विकास, महिलाएं, किसान, नौजवान इनके एजेंडे में नहीं हैं। गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार इनकी पहचान है। 5 वर्ष में आपने बदलते त्रिपुरा को देखा है। इस दौरान जितना काम हुआ सीपीएम 35 वर्ष में उसका आधा भी नहीं कर पाई। पूर्वोत्तर राज्यों के लिए पीएम ने केंद्रीय मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है। हर योजनाओं का लाभ पात्रता के आधार पर लोगों को मिल रहा है। पूर्वोत्तर में आईआईटी, आईआईएम आदि बन रहे हैं। विजय संकल्प रैली में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जितना कार्य विगत 5 वर्ष में हुआ है उसका आधा भी कम्युनिस्ट 35 वर्ष में नहीं कर पाए। पीएम मोदी की विकास योजनाओं को त्रिपुरा सरकार न सिर्फ धरातल पर ला रही है बल्कि हर जरूरतमंद को उसका लाभ मिले, इसकी भी पूरी ईमानदारी से मॉनीटरिंग की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुखिया ने त्रिपुरा के लोगों का आवाहन किया कि अगले वर्ष तक रामलला अपने मंदिर में विराजमान होंगे, आप दर्शन करने अयोध्या आइए। पूरा उत्तर प्रदेश आपके स्वागत को तैयार रहेगा।

## भारत समेत...

समेत अपने मित्रों एवं सहयोगियों को चीनी गुब्बारे संबंधी जानकारी से अवगत कराया है। इस गुब्बारे को शनिवार को अटलांटिक महासागर के ऊपर साउथ कैरोलाइना के तट पर एक लड़ाकू विमान ने नष्ट कर दिया था। अमेरिका की उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन ने सोमवार को यहां करीब 40 दूतावासों के अधिकारियों को इस बारे में जानकारी दी। द वाशिंगटन पोस्ट ने मंगलवार को कहा कि गुब्बारे से निगरानी के प्रयास के तहत जापान, भारत, वियतनाम, ताइवान और फिलीपीन समेत कई देशों और चीन के लिए उभरते रणनीतिक हित वाले क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों संबंधी जानकारी एकत्र की गई है। यह रिपोर्ट कई अनाम रक्षा एवं खुफिया अधिकारियों से द वाशिंगटन पोस्ट के साक्षात्कार पर आधारित है।

## आरबीआई ने...

0.35 प्रतिशत बढ़ाई गई थी। हालांकि, कुल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति में नरमी आई है और यह नवंबर और दिसंबर, 2022 में छह प्रतिशत की उच्च सीमा से नीचे रही है। लेकिन मौद्रिक नीति समिति मुख्य मुद्रास्फीति को लेकर चिंतित है जो पिछले 15 माह से छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। मुद्रास्फीति के बारे में आरबीआई गवर्नर ने कहा, महंगाई में कमी के संकेत हैं लेकिन मुख्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई है और यह चिंता की बात है। हमें खुदरा मुख्य मुद्रास्फीति को नीचे लाने के लिए प्रतिबद्ध रहना होगा। उन्होंने कहा कि आयातित मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद के साथ अगले वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई दर नरम पड़कर 5.3 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। दास ने कहा कि भारत की कच्चे तेल की खरीद औसतन 95 डॉलर प्रति बैरल रहने के अनुमान के आधार पर 2022-23 में मुद्रास्फीति के 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना है। पहले इसके 6.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गई थी। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में मुद्रास्फीति नीचे आएगी।

## सिख कैदियों...

जेलों में बंद सिखों की रिहाई की मांग को लेकर कौमी इंसाफ मोर्चा के बैनर तले कई सिख संगठन पिछले एक महीने से चंडीगढ़ की सीमा पर धरना दे रहे हैं। मोर्चा के नेताओं ने बुधवार को अरदास करते हुए चंडीगढ़ कूच करने और मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर के आगे पाठ करके अरदास करने की बात कही थी। तय कार्यक्रम के तहत बुधवार को कौमी इंसाफ मोर्चा के सदस्य मोहाली से चंडीगढ़ की तरफ कूच करने लगे। लेकिन चंडीगढ़ जाने से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही बैरीकेडिंग लगाकर भारी संख्या में जवानों की तैनात किया था। प्रदर्शनकारियों ने बैरीकेड को तोड़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार कर उनको खदेड़ने का प्रयास किया। पुलिस कार्रवाई से नाराज सिख संगठन के सदस्य भड़क गए और पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया। इसके बचाव में पुलिस ने भी लाठीचार्ज कर दिया। देखते देखते दोनों पक्षों के बीच हिंसक झिड़प के बाद प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों को निशाना बनाया और आगजनी के भी प्रयास किए। जिसमें चंडीगढ़ व पंजाब पुलिस सहित कई निजी गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस की कार्रवाई तेज होने पर प्रदर्शनकारियों ने तलवारें और डंडे लहराने शुरू कर दिए। इससे पुलिस को पीछे हटना पड़ा। इस हिंसक झड़प में जहां एक दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी घायल हुए वहीं दर्जनों प्रदर्शनकारी भी चोटिल हुए। लेकिन प्रदर्शनकारी चोट लगने के बाद भी डटे रहे। कई घंटे तक चले इस हंगामे के बाद चंडीगढ़ व मोहाली पुलिस के आला अधिकारी अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## देशवासी 14...

दिवस या पैरेंट वरशिप डे के रूप में मनाने का आग्रह किया है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों से कई पश्चिमी देशों में गाय को गले लगाने का चलन रहा है। नीदरलैंड जैसे कुछ देशों में इसका उल्लेख कोए नफ़ेलेन के रूप में किया जा रहा है। वहां के किसान गायों की स्वयं देखभाल करने की आदत बनाने के लिए यह दिवस मनाते हैं। इस बीच, राजधानी दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में पुलिस ने वेलेंटाइन डे और शिवरात्रि के मद्देनजर हाइटेक शहरों नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 4 से 28 फरवरी तक सीआरपीसी की धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि कहीं भी किसी प्रकार का हंगामा न हो। भारत में अनेक संगठन 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे मनाने वालों का विरोध करते हैं, क्योंकि वे इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ मानते हैं।

# नकल कराने वालों पर होगी एफआईआर दर्ज : डीएम



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह ने आगामी 16 फरवरी 2023 से प्रारंभ हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकल विहीन एवं पारदर्शितापूर्ण संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को मेडिकल ऑडिटोरियम में बैठक कर आवश्यक निर्देश दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षाओं का माहौल खराब करने अथवा नकल कराने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जनपद में हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा को 74 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न कराई जाएगी। सभी केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पर्याप्त फर्नीचर, शौचालय, पार्किंग, प्रकाश व पेयजल आदि की समय से व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दौरान नकल कराने अथवा किसी भी छात्र छात्रा के स्थान पर कोई अन्य परीक्षार्थी पेपर देते हुए पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी तथा परीक्षा केंद्र प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी परीक्षा को सभी निर्देशों को पूरा कराते हुए सकुशल संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा कि जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी तैनाती के दौरान परीक्षा केंद्रों पर निरंतर भ्रमणशील रहकर पूर्ण पारदर्शिता के साथ नकल विहीन

**●सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को मीटिंग में दिये निर्देश**

एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपादित कराएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र पर नकल या सामूहिक नकल नहीं होने देंगे यदि कहीं इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होती है तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही तत्परता के साथ सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षक के स्तर से किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा संलिप्तता पाए जाने एवं कोई भी प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर उसके संबंध में तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपादित कराए जाने तथा प्रश्न पत्रों की गोपनीयता को अक्षुण्ण रखने प्रश्न पत्रों के पूर्व प्रकटन एवं प्रश्न पत्रों, उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा से संबंधित समस्त शासनादेश एवं उसमें दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुशीलन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा अवध में परीक्षा व्यवस्था से जुड़े व्यक्तियों के अतिरिक्त बाहर के व्यक्तियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश एवं फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित आदि सहित जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## स्व. ब्रह्मदत्त की पुण्य स्मृति में पांचाल पर्व पर होगा कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद।** स्व ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्य स्मृति में पांचाल पर्व इस वर्ष भी मनाया जाएगा। यह बात नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 9 फरवरी को सायंकाल 6 बजे स्व ब्रह्मदत्त द्विवेदी की पुण्य स्मृति में विशाल मशाल जुलूस पंडा बाग से भाजयुमो के युवा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष मयंक बुंदेला के नेतृत्व में लोहाई रोड स्थित शहीद स्थल तक निकाला जाएगा। दूसरे दिन सुबह 10 बजे 10 फरवरी को भारतीय पाठशाला में शांति यज्ञ हवन होगा। राष्ट्रीय कवि शिवओम अम्बर ने कहा कि 11 फरवरी को सायं 8 बजे एनएकेपी डिग्री कालेज में कवि गोष्ठी का आयोजन डा शिवओम अम्बर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है जिसमे हास्य व्यंग टीवी कलाकार भोपाल से सुदीप भोला, बाराबंकी से गीतकार गजेंद्र प्रियांसू, आगरा से गीत के हस्ताक्षर डा रुचि चतुर्वेदी, आदि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

# एटीएम हेल्थ मशीन से मरीजों का बचेगा खर्च दस मिनट में मिलेगी रिपोर्ट : गौरीशंकर

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**नगर** के सीएचसी समेत छिरिया सलेमपुर, डकोर व पिंडारी में हेल्थ एटीएम मशीन लगने से क्षेत्र के मरीजों को लाभ मिलेगा। उनका न केवल खर्च बचेगा बल्कि 5 से 10 मिनट में जांच रिपोर्ट मिलने से समय की भी बचत होगी। यह बात सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने सीएचसी में हेल्थ एटीएम का लोकार्पण करते हुए कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और आधुनिक बनाए जाने को लेकर शीतकालीन सत्र में विधायकों को विधानसभा क्षेत्र में सीएचसी एवं पीएचसी पर हेल्थ एटीएम मशीन लगवाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने सीएचसी जालौन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर के अलावा डकोर व पिंडारी को हेल्थ एटीएम मशीन की सौगात दी है।



बुधवार को सदर विधायक ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर, डीएम चांदनी सिंह, सीएमओ एनडी शर्मा के साथ सीएचसी में संयुक्त रूप से हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और आधुनिक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीएचसी जालौन एवं पीएचसी छिरिया सलेमपुर में हेल्थ एटीएम मशीन लगाई गई है। हेल्थ एटीएम मशीन लगने से लोगों को न सिर्फ लंबी लाइनों से मुक्ति मिलेगी। बल्कि विभिन्न प्रकार की जांचें मात्र 5 से 10 मिनट में मरीजों को मिल जाएंगी। इससे मरीजों और उनके तीमारदारों का न सिर्फ समय बचेगा बल्कि उनके धन की भी बचत होगी। सीएमओ एनडीशर्मा ने बताया कि हेल्थ एटीएम के जरिए शरीर की स्क्रीनिंग होगी। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा, बॉडी फैट, पल्स रेट, हीमोग्लोबिन व लिपिड प्रोफाइल की जांच हो सकेगी। सीएचसी पर हेल्थ एटीएम लगने से निश्चित ही मरीजों को बड़ा लाभ मिलने वाला है।

# आमबजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व महिलाओं पर पूरा फोकस- उच्च शिक्षा राज्यमंत्री

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**आम** बजट में केंद्र सरकार ने शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार पर पूरा ध्यान दिया है जिसमें महिलाओं की जनाकांक्षाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यह बात उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने फतेहगढ़ के निरीक्षण भवन में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जनता की जो अपेक्षाएं थीए उन अपेक्षाओं पर सरकार खरी चल रही है जनता में प्रधानमंत्री के प्रति विश्वास बढ़ा है जिसके कारण भारत विश्व के ताकतवर देशों में शुमार हो चुका है । भारत को विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। महिलाओं की सुविधाए किसानों की समृद्धि को लेकर बजट में विभिन्न योजनाएं है। सरकार शिक्षा को लेकर विशेष ध्यान दे रही है। ऐसी शिक्षा जिसके माध्यम से देश की संस्कृति सभ्यता और आधुनिक तकनीक से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। एकलव्य स्कूलों में 38000 शिक्षकों व सहायक शिक्षकों की नियुक्ति देने का कार्य किया गया । प्रदेश में विभिन्न नर्सिंग कॉलेज खोलने का कार्य किया गया। 28कॉलेजों का निर्माण पूर्ण हो गया है। 38 नर्सिंग कालेज प्रदेश को केंद्र से मिले है।

प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज खुल रहे



है जिससे प्रदेश में डाक्टरों की कमी दूर होगी।कृषि सुधार के लिए कई योजनाएं चल रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, केंद्र सरकार के 8 वर्षों के कार्यकाल में जनहित के कई कार्य हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में देश को हर मोर्चे पर मजबूत करने का कार्य कियाए सीमा सुरक्षा एवं आतंकी गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। वर्तमान सरकार जनता की अपेक्षा व आकांक्षाओं पर खरा उतर रही है प्रदेश की योगी सरकार 10 फरवरी से 12 फरवरी के मध्य इन्वेस्ट समिति महा सम्मेलन लखनऊ में आयोजित कर रही है, जिसमें विश्व भर के कई देशों के उद्योगपतियों को निमंत्रण दिया गया है जिससे प्रदेश में निवेश को बढ़ाया जा सके और रोजगार के अवसर पैदा किए जायेंगे।

# माफियाओं ने वन विभाग को दी चुनौती



**मौदहा,** हमीरपुर। कल सागौन के पेड़ में रेंजर व एसडीएम मौदहा से हुई झड़प के बाद अन्य लोगों ने इसका फायदा उठाना शुरु कर दिया है, आज स्टेट बैंक के पीछे लोगों ने कई हरे नीम के पेड़ काट कर धाराशयी कर दिया है। बन रेंजर इस मामले की जांच कराने को कहा है। जानकारी के मुताबिक सागौन पेड़ कटान को लेकर रेंजर व एसडीएम से हुई तू तू मै मै नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है, आज स्टेट बैंक के पीछे बैलाही बाजार में कुछ लोगो ने नीम के कई पेड़ विना बन विभाग की अनुमति के धाराशयी कर दिये जो फिर से हरे पेड़ काटने का मामला गर्मा गया है। इन दिनों मौदहा क्षेत्र में न केवल कीमती सागौन के पेड़ काटे जा रहे है बल्कि हरे पेड़ों पर रोजाना कुल्हाड़ा चल रहा है मगर कोई रोक टोक नही हो रही है। मंगलवार की देर रात पावर हाउस के निकट तथा ब्लॉक के पीछे स्थित पशु बाजार में बिना वन विभाग के अनुमति से भारी भरकम प्रतिबंधित नीम के पेड़ों को काटकर विभाग को माफियाओं द्वारा चुनौती दी गई है। हालांकि उक्त पेड़ों की कटान के बाबत जब वन क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने उक्त मामले में अज्ञानता जाहिर की है तथा जांच कराने की बात कही है।

## क्विक न्यूज

### एससी-एसटी एक्ट समेत दो मामले दर्ज

**उरई, जालौन।** रेढर थाना क्षेत्र के ग्राम लगामपुरा निवासी महिला अनीता बरार पत्नी अशोक कुमार ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि गांव के ही शंकर पुत्र कमलजू शिवहरे व रामकिशोर ने उसको वादिया के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त आरोपी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। इसपर थाना पुलिस से आरोपियों के खिलाफएससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। वहीं दूसरा मामला रेढर थाने के ग्राम रूरा सिरसा निवासी आनंद सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि गांव के ही राज व उसके तीन अन्य साथियों ने मिलकर उसके लड़के के साथ मारपीट, करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसपर पुलिस ने रिर्पोट दर्ज कर ली है।

### अग्निकांड के शिकार सब्जी विक्रेताओं ने लगाई मदद की गुहार

**चित्रकूट।** सीतापुर सब्जीमंडी में अग्निकांड के शिकार मूवीन, अफजल अहमद, रिजवान, ईश्वरी प्रसाद वर्मा आदि ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि अग्निकांड से उन्हें भारी क्षति पहुंची है। बुधवार को जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में अग्निकांड पीडितों ने कहा कि 17 जनवरी की रात अचानक अग्निकांड से दुकानों को भारी क्षति पहुंची थी। सेब, अनार, आलू, टमाटर, लहसुन, साइकिल समेत तकरीबन एक लाख 90 हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। किसी का एक लाख, किसी का ढाई लाख, किसी का 40 हजार की क्षति हुई है। उनकी दुकान से रोजीरोटी चलती थी। दुकान में आग लगने से सबकुछ स्वाहा हो गया है। बच्चों की पढाई-लिखाई भी ठप हो गई है। सभी लोग सड़क पर आ गये हैं। रोजीरोटी का सहारा छिन जाने से अब सभी लोग बेरोजगार हो गये हैं। पीड़ितों ने कहा कि उन्हें आर्थिक मदद दिलाई जाये, ताकि वे फिर से अपना छोटा-मोटा कारोबार शुरु कर सकें।

### एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी कीड़े निकालने की दवा

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 10 फरवरी को किया जाएगा। इस दिन एक से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को पेट के कीड़े कृमिद्ध निकालने के लिए एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील भारती ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय की ओर से निर्देश प्राप्त होने के बाद आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर ड्यू लिस्ट तैयार करेंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हर वर्ष दो बार पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाती है। पेट में कीड़े होने के चलते बच्चे और किशोरों में खून की कमी हो जाती है। दरअसल कीड़े पूरा पोषण खा जाते हैं और बच्चे कुपोषण का शिकार होने से एनीमिक हो जाते हैं। सीएमओ ने बताया कि आयोजन के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत एक से पांच वर्ष तक के बच्चों और छह से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों और घूमंतु व ईट भट्ठों पर काम करने वाले श्रमिकों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके अलावा छह से 19 वर्ष तक के स्कूल जाने वाले बच्चों को शिक्षकों के माध्यम से और किशोरों को प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाएगी।

### महिला से अभद्रता पर न्यामतपुर चौकी प्रभारी को भेजा लाइन

**उरई, जालौन।** चौकी इंचार्ज न्यामतपुर थाना सिरसा कलार का एक ऑडियो वायरल हुआ था इसमें चौकी इंचार्ज महिला एवं एक युवक के साथ अशोभनीय अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे उसी को किसी ने रिकॉर्ड करके वायरल कर दिया था जिसमें जालौन पुलिस अधीक्षक ने तत्काल ही संज्ञान में लेकर चौकी इंचार्ज न्यामतपुर को लाइन हाजिर कर दिया है और वही जांच क्षेत्राधिकारी जालौन को दे दी गई है जनपद में लगातार हो रही कार्रवाई या इस समय देखने को मिल रही है। जालौन पुलिस अधीक्षक किसी भी सूरत में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं दिख रहे हैं न ही किसी को कोई मौका दे रहे हैं।

### मुख्य अभियंता को लोनिवि कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन



**चित्रकूट।** उप्र लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी व महामंत्री अनिल कुमार ने पदाधिकारियों के साथ खंडीय सहायकों की समस्या निदान को लेकर मुख्य अभियंता बांदा को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को उप्र लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी की अगुवाई में पांचवे दिन मुख्य अभियंता बांदा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तीन-चार फरवरी को काली पट्टी बांधकर व छह-सात फरवरी को कलमबन्द हडताल की गई है। आज आठ फरवरी को क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना प्रदर्शन देकर समस्या निदान को ज्ञापन सौंपा। 13 फरवरी को लखनऊ स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में प्रदेश स्तरीय हडताल धरना प्रदर्शन की तिथि प्रान्तीय कार्यकारिणी ने घोषित की है। खंडीय सहायकों की समस्या के निराकरण को हडताल जारी है। खंडीय सहायकों की समय से पदोन्नति न होना, सहायकों का स्थायीकरण न होना, 2019 में आये नये सहायकों का नाम ज्येष्ठता सूची में न जोडना, नई ज्येष्ठता सूची जारी न करना और पुरानी पेंशन बहाली आदि की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने में क्षेत्रीय अध्यक्ष सूर्यकान्त सोनी के साथ जिलाध्यक्ष अनिल कुमार व महामंत्री आदि शामिल रहे।

### आवास से वंचित शिकायतकर्ता ने प्रधान सचिव पर लगाये आरोप

**फर्रुखाबाद।** प्रधानमंत्री आवास मे खेल कर रहे प्रधान सचिव की शिकायत लेकर ग्रामीणो ने डी से शिकायत कर आवासो की जांच कराने की मांग की है। गौरतलब हो कि विकास खंड बढपुर की ग्राम पंचायत बसेली में प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रधान व सचिव ने सूची बनाई थी। आवास से बंचित ग्रामीणो का आरोप है कि सूची में कई पात्र लोगों के नाम काट कर आपात्रों के नाम शामिल कर दिए गए हैं। शिकायत कर्ता कमलेश पत्नी सुनील एबड़ी बेटी पत्नी ओमप्रकाश एअनीता पत्नी बृजेंद्रए सुनीता पत्नी बादामए सरिता पत्नी राहुल एजावित्री पत्नी मोरपाल ने 2015 की पात्रता सूची में नाम होने के बाद भी प्रधान सचिव द्वारा नाम काटने के मामले में डीएम संजय कुमार सिंह से शिकायत की है।

### जिलाधिकारी ने पुस्तकालय का किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** राजकीय पुस्तकालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद में संचालित कोचिंग के छात्र-छात्राओं के लिए पुस्तकालय का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्रुति ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में यूपीएसएसी, यूपीपीएसएसी, नीट, जेई, एनडीए एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किये जाने हेतु पुस्तकें उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राओं से कहा कि पुस्ताकालय में उपलब्ध पुस्तकों के लाभ उठाने के साथ ही पुस्तकों का बेहतर रख-रखाव व पुस्तकालय की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें।

# राज्यमंत्री ने आरोग्यम कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**बुधवार** को जनपद में चल रहे कानपुर देहात महोत्सव के अंतर्गत आरोग्यम् कार्यक्रम का आयोजन श्री मंयकेश्वर शरण सिंह, माननीय राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, संसदीय कार्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार के करकमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिक / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे कार्यरत सी0एच0ओ0 तथा आशाओं एवं साथ ही अन्नतराज पैरामेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम में विभाग के संचालित योजना एवं महिला सशक्तिकरण पर नाट्य प्रस्तुत किया गया, साथ ही तम्बाकू नियंत्रण में नुक्कड नाटक तथा कुष्ठ रोग उन्मूलन में कठपुतली शो प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम में कुछ रोग उन्मूलन, क्षय रोग उन्मूलन, परिवार कल्याण, नियमित टीकाकरण, विकलांग बोर्ड, आयुष्मान भारत (गोल्डन कार्ड) कायाकल्प योजना आदि का स्टाल लगाकर विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं का जनमानस में व्यापक प्रचार- प्रसार करने के प्रयास किये गये।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मंयकेश्वर शरण सिंह व माननीय राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, संसदीय कार्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार रसूलाबाद विधानसभा की माननीय विधायिका श्रीमती पूनम संखवार, विशिष्ट अतिथि डा0 लिली सिंह महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ उ0प्र0 अतिथि डा0 सरोज बाला अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मण्डल, श्रीमती नेहा जैन जिलाधिकारी कानपुर देहात, श्रीमती सौम्या पाण्डेय मुख्य विकास अधिकारी कानपुर देहात, डा0 ए0के0 सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर देहात एवं आदि के उपस्थिति में सफल संचालन करते हुए विभिन्न विभागीय एवं रंगारंग प्रस्तुतियों की गयी।

## मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना का हुआ शुभारम्भ

**कानपुर** देहात के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कानपुर देहात एके सिंह यादव ने बताया कि एक नवीन मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रारम्भ की गई हैं। इस योजना जर्गत दो परियोजनाएं संचालित की जायेगी। मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पटटा धारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पटटे के तालाबों में मत्स्य उत्पादन हेतु प्रथम वर्ष निवेश यथा मत्स्य बीज, मत्स्य पूरक आहार, जलापूर्ति संसाधन, दवाएं, जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा पटटा धारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गये ग्राम सभा व अन्य पटटे के तालाबों में मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु स्पान, फ्राई, मत्स्य पूरक आहार जलापूर्ति संसाधन, हापा एवं जाल आदि के क्रय पर अनुदान उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना होगा ऑनलाइन आवेदन दिनांक 07.02.2023 से प्रारम्भ होकर दिनांक 16.02.2023 तक किये जा सकेंगें।

# दिल्ली और लखनऊ की टीम ने जाना स्वास्थ्य सुविधा का हाल

**सकलडीहा** ।चन्दौली ।दिल्ली और लखनऊ की स्वास्थ्य विभाग और बिल गेट्स फाउडेशन की टीम बुधवार को सकलडीहा सीएचसी और खुचमा हेल्थ वेलनेस सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सरकार और विभिन्न स्रोतो से मिलने वाली चिकित्सकी सुविधा जांच व टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। ग्रामीणों द्वारा बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी देने पर टीम ने चिकित्साधिकारियों की प्रशंसा किया।गांव में चलने वाला हेल्थ वेलनेस सेंटर के साथ सरकारी अस्पतालों पर महिलाओं से लेकर नवजात बच्चों को विभिन्न प्रकार की जांच व चिकित्सकीय सुविधा व परामर्श दिया जाता है। इसकी जानकारी के लिये दिल्ली से पहुंची बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन और यूपीटीएयू ;यूपी टेक्नोलॉजी सपोट यूनिटद्धव जपाईजो की स्वास्थ्य टीम ने सकलडीहा सीएचसीए खुचमा और चंदौली प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीण और महिलाओं द्वारा चिकित्सकीय सेवा का लाभ मिलने की जानकारी देने पर टीम ने चिकित्साधिकारियों की प्रशंसा किया। टीम ने टीकाकरणए ओटीए एनआइसीयूए दवाए वार्डए एक्सरेए लैबए ब्लड स्टोर सहित अन्य के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। टीम प्रभारी डाण् रेनु श्रीवास्तव ने बताया कि चिकित्सीक सेवा को बेहतर बनाने की कवायद की जा रही है।

**आग लगने से 35वीघा पुआल जलकर राख:**

सकलडीहाध्चन्दौली । ओरवा गांव में मंगलवार की देर रात खलिहान में रखी 35 वीघा खेत की पुआल अज्ञात कारण से धूं धूं कर जलने लगा। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद भी बुधवार को सुबह तक धूंआ निकलता रहा। पुआल के जल जाने से किसान के सामने पशुओ के लिये चारा की समस्या गहरा गया है।ओरवा गांव के दरोगा सिंह अपने खेत की पुआल गांव में ही अपने खेत में गाज कर रखे हुए थे। देर रात अचानक पुआल धूं धूंकर जलने लगा।

# डीजल चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार



**संवाददाता।** फतेहपुर

**नेशनल** हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गैंग का कल्यानपुर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने पर्दाफाश करते हुए छह चोरों को गिरफ्तार किया है। टीम ने स्कार्पियो गाड़ी समेत अवैध स्प्रिट व चोरी का डीजल बरामद किया है। इतना ही नहीं अभियुक्तों के पास से तमंचा-कारतूस के अलावा आठ सुतली बम व गांजा भी पकड़ा है। सभी चोरों के खिलाफसुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटनाएं लगातार हो रही थीं। जिसको लेकर कल्यानपुर पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि रेवाड़ी ब्रिज के समीप एक वाहन में डीजल चोर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्कार्पियो गाड़ी में बैठे लोगों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गये चोरों ने अपने नाम शुभम उर्फआशीष पटेल पुत्र जगमोहन निवासी खदरा थाना औंग, अभिषेक पुत्र सुमेर सिंह निवासी रूसी परसदेपुर थाना बकेवर, अनुज पटेल उर्फसोनू पुत्र राम बहादुर पटेल, अतुल पटेल पुत्र राम विशाल पटेल, सुनजीत पटेल उर्फ गुड्डू पुत्र चंद्रपाल पटेल निवासीगण मुरादीपुर थाना कल्यानपुर व अनूप कुमार उर्फछोटू पुत्र राम प्रकाश कुशवाहा निवासी बड़ागांव थाना नरवल जनपद कानपुर नगर बताया। पकड़े गये चोरों के पास से पुलिस ने 400 लीटर अवैध स्प्रिट, 460 लीटर चोरी का डीजल, तमंचा, कारतूस, आठ सुतली बम के अलावा 2.200 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया है। एसपी ने बताया कि अभियुक्त अतुल पटेल को चकेरी थाना पुलिस ने आधा दर्जन मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा था। अभियुक्त शुभम उर्फ आशीष पटेल का भी आपराधिक इतिहास है। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कल्यानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार, कांस्टेबल अश्वनी कुमार, सुनील कुमार, एसओजी प्रभारी अनिरूद्ध कुमार द्विवेदी, हेड कांस्टेबल अनिल सिंह, पंकज सिंह, शैलेंद्र कुमार कुशवाहा, कांस्टेबल अतुल त्रिपाठी, विपिन मिश्रा, फूलचंद्र आदि रहे।

# जिला पंचायत सदस्य ने दी नाले की सौगात

**फतेहपुर।** जमरावां वार्ड के अंतर्गत आने वाले फिरोजपुर गांव में जिला पंचायत सदस्य ने जलभराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए नाले की सौगात दी। बुधवार को उन्होने नवनिर्मित नाले का लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर दिया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि नाला बन जाने से अब घनी आबादी में जलभराव की समस्या नहीं होगी। फिरोजपुर गांव में जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फरिंकू लोहारी ने दो सौ मीटर नाले का निर्माण कराया है। आज वह नाले का लोकार्पण करने गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात विधि-विधान के साथ उन्होने नाले का उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दिया। श्री लोहारी ने कहा कि इस गांव में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या रहती थी। ग्रामीणों ने उनसे चुनाव के समय यह समस्या बताई थी। जिसको ध्यान में रखते हुए उन्होने नाले का निर्माण करा दिया है।

# चित्रकूट में बढ़ीं पर्यटन विकास की संभावनाएं

**●प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठ कर की विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा**



**संवाददाता।** चित्रकूट

**उत्तर** प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि मऊ-मानिकपुर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष,भाजपा जिलाध्यक्ष के अनुसार यहां के अधिकारियों का कार्य अच्छा है। सरकार की मनोभाव को समझते हुए कार्य कर रहे हैं।कहा कि यह एक सराहनीय विषय है कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप उत्तर प्रदेश में कार्य का निष्कर्ष निकल रहा है। उन्होंने ओवर लोडिंग वाहनों से खराब हो रही सड़कों पर जिला प्रशासन ध्यान दें। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो कार्य हो रहे हैं गांव की गलियां नाली टूट रही है,उसे ठीक कराया जाए। निवेश को लेकर प्रशासन ने अच्छा कार्य किया है। जनपद में सहयोग लेकर निवेश को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल समिट का कार्यक्रम लखनऊ से शुरू हो रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री शामिल रहेंगे। उत्तर प्रदेश में 23 लाख करोड़ रुपए का निवेश उद्यमियों द्वारा किया गया है। जिसमें से साढ़े सात लाख करोड़ का निवेश विदेश के उद्यमियों ने किया है। चित्रकूट जिले की तरफ भी काफी उद्यमियों की नजर है। मुख्यमंत्री की भी निगाहें व चिंता का भाव रहता है। जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का भी प्रदेश सरकार द्वारा एमओयू किया गया है जो वह जल्द हैंडोवर होगा और शासन के अनुसार विश्वविद्यालय का संचालन कराया जाएगा। एयरपोर्ट का संचालन होगा तो चित्रकूट का और विकास होगा तथा निवेश भी बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश विकास की प्रगति पर अग्रसर है। अपराधिक स्थली चित्रकूट माना जाता था अब माहौल सुखद है। चित्रकूट में क्या अच्छा हो सकता है इसका प्रस्ताव जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी बनाकर शासन को भेजें।

# ज्ञान विज्ञान, अध्यात्म और दर्शनशास्त्र पर 9वां विश्व सम्मेलन 9 फरवरी से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में

**वाराणसी।** 21 वीं सदीं में भारत ज्ञान का दालन एवं विश्व गुरू के रूप में उभरेगाण् और पूरे विश्व को सुखए समाधान और शांति का मार्ग दिखाएगाण् इस स्वामी विवेकानंद की भविष्यवाणी को पूरा करने के लिए एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटीए पुणेए भारत द्वारा 9 से 11 फरवरी को नवनिर्मित श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर में विज्ञानए धर्मध्अध्यात्म और दर्शन की 9वीं संसद का आयोजन किया गया हैण भारत के दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से पुननिर्माण हुआ श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर धाम का सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ हैण् इसी प्रेरणा के तहत पुणे की एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटी द्वारा वैश्विक संसद का आयोजन किया जा रहा हैण् विश्व शांति को बढावा देने और मानवता के प्रसार के लिए एमआईटी वर्ल्ड पीस युनिवर्सिटी द्वारा कई गतिविधियाँ अनेक वर्षों से की गई हैण् उन्हीं मे से एक काशी बनारस में नियोजित विश्व सम्मेलन है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दी चीन को कड़ी चेतावनी

# हर खतरे का देंगे करारा जवाब

**भाषा।** वाशिंगटन

**संदिग्ध** जासूसी गुब्बारे को लेकर चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अगर अमेरिका की संप्रभुता के लिए चीन खतरा उत्पन्न करता है तो आत्मरक्षा में कदम उठाए जाएंगे।

बाइडन ने मंगलवार रात अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में कहा, मैं चीन के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं, जहां वह अमेरिकी हितों को आगे बढ़ा सकता है और दुनिया को फायदा पहुंचा सकता है। हालांकि कोई संदेह न रखें, हमने पिछले सप्ताह ही स्पष्ट कर दिया था कि अगर चीन हमारी संप्रभुता के लिए खतरे उत्पन्न करता है, तो हम अपने देश की रक्षा के लिए कार्वाई करेंगे। अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते अटलांटिक महासागर के ऊपर संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को गिरा दिया है। इस कार्वाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने मंगलवार को कहा कि वह इस मामले में दृढ़ता से अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा करेगा। अमेरिका ने चीन पर अमेरिकी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। बाइडन का इस बार का बयान एकता के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उन्होंने कहा कि उनके दो साल के प्रशासन में निरंकुशता कम हुई है।

**अमेरिकी सेना ने पिछले हफ्ते अटलांटिक महासागर के ऊपर संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को मार गिराया था**



वार्षिक संबोधन के दौरान इस बार नजारा पिछले दो साल से अलग रहा, क्योंकि मध्यावधि चुनाव में प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन ने बहुमत हासिल कर लिया है। राष्ट्रपति ने कहा, अमेरिका जलवायु और वैश्विक स्वास्थ्य से लेकर खाद्य असुरक्षा, आतंकवाद और क्षेत्रीय आक्रामकता तक तमाम चुनौतियों का सामना करने के लिए फिर से दुनिया को एकजुट कर रहा है। उन्होंने कहा, सहयोगी बढ़ रहे हैं, अधिक कार्वाई कर रहे हैं। प्रशांत और अटलांटिक में भागीदारों के बीच सेतु कायम हो रहे हैं। अमेरिका के खिलाफ जाने वाले लोगों को पता चल रहा है कि वे कितने गलत हैं। अमेरिका के खिलाफ जाना कभी सही नहीं होता। बाइडन ने अपने भाषण में कई बार चीन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने से पहले कहानी यह थी कि कैसे चीन अपनी ताकत बढ़ा रहा है और अमेरिका दुनिया में पिछड़ रहा है। बाइडन ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, अब ऐसा नहीं है। मैंने राष्ट्रपति शी (चिनफिंग) को स्पष्ट किया है कि हम प्रतिस्पर्धा चाहते हैं, संघर्ष नहीं। उन्होंने कहा, मुझे कोई खेद नहीं है कि हम अमेरिका को मजबूत बनाने के लिए निवेश कर रहे हैं। अमेरिकी नवाचार, उद्योगों में निवेश भविष्य को परिभाषित करेंगे और जहां चीन की सरकार हावी होना चाहती है। हमारी उन्नत प्रौद्योगिकियां की रक्षा के लिए हमारे गठबंधनों में निवेश कर रहे हैं और हमारे सहयोगियों के साथ काम कर रहे हैं, ताकि उनका इस्तेमाल हमारे खिलाफ न हो पाए। उन्होंने कहा, स्थिरता की रक्षा करने और आक्रामकता को रोकने के लिए हमारी सेना का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। आज हम चीन या दुनिया में किसी और के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए पिछले कई दशकों के मुकाबले काफी मजबूत स्थिति में हैं।

# तुर्किए, सीरिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हजार के पार पहुंची

### तुर्किए, सीरिया में विनाशकारी भूकंप के बाद बचाव कार्य जारी

**एजेंसी।** गंजियातेप (तुर्किए)

**तुर्किए** और सीरिया में पिछले दिनों आए विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या 11,000 को पार कर चुकी है लेकिन अभी भी यह आंकड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन भूकंप प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल तुर्किए में मरने वालों की संख्या 8,500 को पार कर गई है। उन्होंने कहा, हम अपने किसी भी नागरिक को सड़क पर नहीं छोड़ेंगे। तुर्किए और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप के बाद राहत एवं बचाव दल दिन रात हजारों इमारतों के मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश में दिन रात जुटे हैं। जापान में 2011 में आए भूकंप के बाद से यह सबसे घातक भूकंपीय घटना है। तब भूकंप के बाद सुनामी आई थी जिसमें लगभग 20,000 लोग मारे गए थे। सरकार से आपदा क्षेत्र में और मदद भेजने की मांग के बीच राष्ट्रपति एर्दोआन को बुधवार को भूकंप के केंद्र पजारसिक शहर और सबसे बुरी तरह प्रभावित हाते प्रांत की यात्रा करनी थी। तुर्किए के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में अब लगभग 60,000 सहायता कर्मी हैं, लेकिन तबाही इतनी व्यापक है कि बहुत से लोगों को अब भी मदद पहुंचने का इंतजार है।
दक्षिण-पूर्वी तुर्किए और उत्तरी सीरिया में 7.8 की तीव्रता वाले भूकंप के लगभग दो दिन बाद, बचाव दल ने तीन वर्षीय एक बच्चे आरिफ कान को कहरामनमारस में एक ढह चुकी एक इमारत के मलबे के नीचे से निकाला।

लड़के के पिता, एर्टुगरुल कीसी को राहतकर्मी पहले ही मलबे से सुरक्षित निकाल चुके थे। केसी मलबे से अपने बच्चे को सुरक्षित निकाल एंबुलेंस में ले जाते देख अपने आंसू रोक नहीं पाया। कुछ घंटों पहले, बचावकर्ताओं ने 10 वर्षीय बैतूल एडिस को अदियामन शहर में उसके घर के मलबे से निकाला। लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उसके दादा ने उसे चूमा और बड़े प्यार से उससे बात की। इसके बाद उसे एंबुलेंस से ले जाया गया। दो दर्जन से ज्यादा देशों के राहत दल तुर्किए के आपातकालीन कर्मियों के साथ काम कर रहे हैं तथा दुनिया के विभिन्न हिस्सों से राहत सामग्री का आना भी जारी है। एर्दोआन ने कहा कि देश के 8.5 करोड़ लोगों में से 1.3 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं।

## मदद के लिए दुनिया के कई देश आए आगे

**इस्तांबुल।** दुनियाभर से भेजे गए चिकित्सा कर्मी, सैनिक और श्वान दस्तों के साथ राहतकर्मी लोगो की मदद के लिए भूकंप प्रभावित तुर्की और सीरिया पहुंच रहे है। दक्षिणी तुर्किए और उत्तरी सीरिया मे सोमवार को आए भूकंप से मरने वालो की संख्या 9,400 से अधिक हो गई है। मृतकों की संख्या बढ़ने के साथ ही यह एक दशक से अधिक समय में सबसे घातक भूकंपीय घटना बन गई है। तुर्की और सीरिया की मदद के लिए विभिन्न देशो द्वारा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। यूरोपीय संघ ने तुर्किए की मदद के लिए बचाव दलो को भेजा है, जबकि यूरोपीय संघ की कोपरनिकस उपग्रह प्रणाली को आपातकालीन मानचित्रण सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्रिय किया गया है। कम से कम 19 सदस्य देशों ने सहायता की पेशकश की है। यूरोपीय आयोग राहत एवं बचाव कार्यो से जुड़े मानवीय संगठनो को धनराशि उपलब्ध कराकर पड़ोसी सीरिया की भी मदद कर रहा है।भारत अपने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल से 100 बचाव कर्मियो को तुर्की भेज रहा है।भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इसके साथ ही राहत प्रयासो के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित श्वान दस्ते और उपकरण भी भूकंप प्रभावित देश मे भेजे जा रहे है। बयान मे कहा गया है कि प्रशिक्षित चिकित्सकों, पैरामेडिक्स और जरूरी दवाओ को भी भेजा जा रहा है।अमेरिका भी भूकंप प्रभावित देश की मदद कर रहा है। कैलिफोर्निया मे लॉस एंजिल्स काउंटी के लगभग 100 अग्निशमन और संरचनात्मक इंजीनियर और छह श्वान दस्ते तुर्किए भेजे है। अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति ने सीरिया के अलेप्पो शहर के एक अस्पताल मे 100 लोगो के इलाज के लिए पर्याप्त सर्जिकल सामग्री भेजी है। रेड क्रॉस भी प्रभावित क्षेत्रो में स्थापित किए जा रहे कई शिविरो मे वितरण के लिए डिब्बाबंद भोजन, कंबल, गद्दे और अन्य आवश्यक सामान भेज रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**
जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जोगिन्दर सिंह और श्रीमती इंदरजीत कौर उक्त संपत्ति Residential Plot of area measuring 50 Sq. Yds., i.e., 41.805 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 11/3, Situated at Naresh Vihar, Khoda Colony Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziaba Property/Plot bearing No. 4, on Road No. V-22, area measuring 50 Sq. Mtrs. (60 Sq. Yds. Appx.) & Property/Plot bearing No. 3, on Road No. V-22, area measuring 50 Sq. Mtrs. (60 Sq. Yds. Appx.), situated in the residential colony known as DLF City, Phase III, (Formerly known as DLF Qutub Enclave Complex) in and around village Nathpur, Tehsil & Distt. Gurgaon, (Haryana), का बिक्री विलेख दिनांक 20.04.2018 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 785 व बिक्री विलेख दिनांक 20.04.2018 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 786 के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री जोगिन्दर सिंह के विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती इंदरजीत कौर है।
यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General public on behalf of Fullerton India Home Finance Company Ltd. that Mr. Kamlesh Gera is claiming owner of Property bearing No. 39-A, area measuring 75 Sq.,Yds., Situated at Shivaji Garden, Extension Kiran Garden of Najafgarh Road, area of Village Matiala, New Delhi Delhi, vide virtue of GPA, Agreement and will dated 18.12.2009, All persons are hereby informed that above mentioned claiming owner want to sell the said property to Mrs. Priya & Mr. Kapil Dev who is taking a Loan from Fullerton India Home Finance company Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Kamlesh Gera in respect of the said property its Sale /Mortgage, and any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, 2nd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N.Delhi-15
Ph: 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**
My Clients Sh Mahavir Singhal S/o Late Sh Suraj Bhan, Sumita Singhal W/o Mahavir Singhal & Priyanka Singhal W/o Sh Gauarav Singhal All Residents of C6/1, Second Floor, Mianwali Nagar, Delhi-87 have broken all their relations with Gaurav Singhal due to his bad habits. All my above named clients have disowned and debarred Gaurav Singhal from all their movable & immovable assets/ properties. Anybody dealing with Gaurav Singhal shall do so at his/her/their own risk and responsibilities & my clients shall not be responsible for any acts, deeds or dealings done by Gaurav Singhal. Also car bearing no. DL10CS2346 is with said Gaurav Singhal, the same shall be secured, if any offence is committed the same shall be not binding upon Sh Mahavir Singhal owner of car no. DL10CS2346 any act done/committed by Gaurav Singhal shall be his sole responsibility.
**ANUP KUMAR UPADHYAY-ADVOCATE**
263, Vardhman Premium Mall,
Pitampura, Delhi-110034

**PUBLIC NOTICE**
My Client, Mr. Rizwan Ali S/o Mr. Aas Mohammad R/o Vill. Mavai, Sector-09, Vijay Nagar, Ghaziabad is the Registered Owner of Plot No. A-500, Situated in Residential Colony, Block-A, Sector-9, Vijay Nagar, Ghaziabad, U.P Vide Registerd sale deed Dated-03.11.2022 executed by Mr. Ravinder S/o Late Mr. Mahender Singh Vide Reg No.9384. Now, this property is under sale which is going to be mortgage with IIFL home finance limited. Any Person/Bank/ Financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/ ADV. Vishal mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Vishal Mehan,
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092

## पाकिस्तानी अधिकारियों ने 190 हिंदुओं को भारत जाने से रोका

**इस्लामाबाद। (भाषा)** पाकिस्तानी अधिकारियों ने सिंध प्रांत में रह रहे 190 हिंदुओं को भारत जाने से रोक दिया, क्योंकि वे पड़ोसी देश की अपनी यात्रा के मकसद को लेकर कथित तौर पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सिंध के कई हिस्सों से बच्चों और महिलाओं सहित विभिन्न हिंदू परिवार मंगलवार को वाघा बॉर्डर पहुंचे थे। उनके पास वीजा था और वे तीर्थयात्रा के लिए भारत जाना चाहते थे। समाचार पत्र की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें मंजूरी नहीं दी क्योंकि वे उचित कारण नहीं बता सके कि वे भारत क्यों जाना चाहते हैं। खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि हिंदू परिवार अक्सर धार्मिक तीर्थयात्रा के नाम पर वीजा लेते हैं और फिर लंबे समय तक भारत में रुक जाते हैं। अभी राजस्थान और दिल्ली में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी हिंदू खानाबदोश की तरह रह रहे हैं। सेंटर फॉर पीस एंड जस्टिस पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की आबादी 22,10,566 है, जो देश की कुल पंजीकृत आबादी का 1.18 प्रतिशत है। पाकिस्तान की पंजीकृत आबादी 18,68,90,601 है। पाकिस्तान में अधिकतर हिंदू आबादी गरीब हैं और देश की विधाई व्यवस्था में उनका प्रतिनिधित्व नगण्य है। अधिकतर हिंदू आबादी सिंध प्रांत में बसती है, जहां मुस्लिम निवासियों के साथ उनकी संस्कृति, परंपराएं और भाषा मेल खाती है।

# मोदी, नेतन्याहू में फिर हुई फोन पर मंत्रणा

## दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर की गहन चर्चा

**भाषा।** यरुशलम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइल के उनके समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को दोनों देशों के बीच निकट और महत्वपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने की इच्छा व्यक्त की।

पिछले साल दिसंबर में नेतन्याहू के सत्ता में लौटने के बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर दूसरी बार बातचीत हुई। इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि





करीब 20 मिनट तक बातचीत हुई। पीएमओ के एक बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने इजराइल और भारत के बीच करीबी और महत्वपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। बयान में कहा गया है, दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्र में देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने की इच्छा व्यक्त की।

मोदी ने 11 जनवरी को बातचीत में नेतन्याहू को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी और दोनों देशों के बीच निरंतर सहयोग के महत्व पर जोर दिया। नेतन्याहू (73) ने पिछले साल 29 दिसंबर को छठी बार इजराइल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। पिछली बातचीत के दौरान, मोदी ने नेतन्याहू को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर भारत आने के लिए आमंत्रित किया था।

**हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 118, प्रथम तल, 12 गगनदीप बिल्डिंग, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110008
फोन : +91 11 45108609, फैक्स : +91 1704 225178
ई–मेल आईडी : cs@himalyainternational.com, वेबसाइट : www.himalyafoodcompany.com

**31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्षाद्यतन हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30.09.2022 (अलेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | 9 माह समाप्त 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | 9 माह समाप्त 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 2074.97 | 1755.43 | 2054.08 | 5457.36 | 5093.12 | 6550.24 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 538.76 | 444.58 | 228.33 | 1358.19 | 440.62 | 1137.43 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 538.76 | 444.58 | 228.33 | 708.19 | 440.62 | 9492.32 |
| 5. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 538.76 | 444.58 | 228.33 | 708.19 | 440.62 | 9524.32 |
| 6. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 538.76 | 444.58 | 228.33 | 708.19 | 440.62 | 9524.32 |
| 7. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 | 5787.29 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (i) मूल रू. में | 0.93 | 0.77 | 0.39 | 1.22 | 0.76 | 16.46 |
| | (ii) तनुकृत रू. में | 0.93 | 0.77 | 0.39 | 1.22 | 0.76 | 16.46 |

नोट्स :
(1) 31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और तदुपरांत अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा उनकी 08 फरवरी, 2023 को सम्पन्न बैठक में किया गया था। कम्पनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने उक्त वित्तीय परिणामों का सीमित पुनरीक्षण संचालित किया है।
(2) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट : (www.himalyafoodcompany.com) पर उपलब्ध है।
* परिचालन खर्चों में कच्चे माल की खपत, पैकिंग, श्रम, बिजली एवं ईंधन सम्मिलित हैं।
** जी एवं एस ; (भारत एवं यूएसए की सामान्य बिक्री एवं प्रशासनिक व्यय, जिसमें लॉजिस्टिक लागत सम्मिलित है)।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते हिमालय फूड इंटरनैशनल लिमिटेड
हस्ता./–
मन मोहन मलिक
प्रबंध निदेशक
तिथि : 08–02–2023
स्थान : पॉंवटा साहिब

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ब्रिटेन में सांसदों को संबोधित किया

# समर्थन के लिए कहा, शुक्रिया

**एजेंसी।** लंदन

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ब्रिटेन के सांसदों को संबोधित करते हुए रूस के आक्रमण के पहले दिन से ही समर्थन देने के लिए ब्रिटिश लोगों का बुधवार को आभार व्यक्त किया। वह और अधिक समर्थन मांगने के लिए अपने देश के बाहर यात्रा पर हैं। जेलेंस्की ने यूक्रेन की सेना का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं बहादुर सैनिकों की ओर से यहां आया हूं और आपके सामने खड़ा हूं। मैं आपकी बहादुरी के लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं...लंदन पहले दिन से ही कीव के साथ है।

हाउस ऑफ कॉमंस की अध्यक्ष लिंडसे होयले ने कहा कि सांसद इस बात से अभिभूत थे कि जेलेंस्की ने खुद को जोखिम में डालकर संबोधन दिया। अधिक आधुनिक हथियार मांगने की कवायद के तौर पर जेलेंस्की की ब्रिटेन की यात्रा ऐसे वक्त में हुई है जब कीव रूस के आक्रमण के लिए तैयार है। जेलेंस्की के भाषण को सुनने के लिए 900 साल पुराना वेस्टमिंस्टर हॉल सैकड़ों सांसदों और संसदीय कर्मियों से खचाखच भरा रहा। करीब एक साल पहले रूस के हमले के बाद से यह यूक्रेन के बाहर उनकी दूसरी पुष्ट यात्रा है। जेलेंस्की ने दिसंबर में अमेरिका की यात्रा की थी। जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों के सांसदों को ऐसे भाषण देकर बार-बार अपने देश के लिए समर्थन जुटाया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति बुधवार को रॉयल एअर फोर्स के एक विमान से लंदन पहुंचे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूक्रेनी नेता का स्वागत किया और उन्हें गले लगाते हुए एक तस्वीर ट्वीट की। जेलेंस्की ने इंस्टाग्राम पर कहा, यूक्रेन की मदद के लिए सबसे पहले आगे आने वाले देशों में ब्रिटेन भी शामिल था और आज मैं ब्रिटिश लोगों का उनके समर्थन के लिए निजी रूप से आभार जताने के लिए लंदन में हूं।
यह यात्रा ऐसे वक्त में हुई है जब ब्रिटेन सरकार ने छह संस्थाओं के खिलाफ नए चरण के प्रतिबिंधों की घोषणा की।

## अमेरिकी अधिकारियों ने प्रीडेटर ड्रोन का संचालन करने वाले भारतीय नौसैनिक अड्डे का किया दौरा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** अधिकारियों ने रक्षा सहयोग के निर्माण में भारत के साथ अपने तालमेल को प्रतिबिंबित करते हुए भारतीय नौसेना के एक प्रमुख अड्डे का दौरा किया, जहां पट्टे पर लिए गए अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन का संचालन किया जाता है।

जनरल एटॉमिक्स एरोनॉटिकल सिस्टम्स (जीए-एएसआई) की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस दौरान अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों को भारतीय नौसेना द्वारा दूर से संचालित विमान, उसके विभिन्न सेंसर की क्षमताओं, भारतीय नौसेना की निगरानी में उसके योगदान, रखरखाव आदि के बारे में बताया गया। जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक लाल ने एक बयान में कहा, भारतीय नौसेना अड्डे में एमक्यू-9 संचालन देखने के लिए भारत में अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों की यात्रा, हिंद महासागर क्षेत्र में शांति स्थापित करने और उसे कायम रखने के लिए विश्वसनीय रक्षा सहयोग को लेकर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ तालमेल को प्रतिबिंबित करती है। भारत ने जनरल एटॉमिक्स एरोनॉटिकल सिस्टम्स (जीए-एएसआई) द्वारा निर्मित एमक्यू-9 रिमोटली पाइलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स (आरपीएएस) को दो साल से अधिक समय के लिए पट्टे पर लिया है।





लंदन। डाउनिंग स्ट्रीट में बुधवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की का स्वागत करते ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक। लगभग एक साल पहले युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के राष्ट्रपति की ब्रिटेन की यह पहली यात्रा है

# सैन्य बलों से भेंट के दौरान बेटी संग पहुंचे किम

**एजेंसी।** सियोल

**उत्तर कोरिया** के नेता किम जोंग उन देश की सेना के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर सैन्य बलों से मुलाकात करने अपनी बेटी के साथ पहुंचे और उन्होंने इस दौरान परमाणु हथियारों से सक्षम अपनी सेना की अदम्य ताकत की सराहना की। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

किम ने यह दौरा इन संकेतों के बीच किया है कि उत्तर कोरिया देश की राजधानी प्योंगयांग में एक बड़ी सैन्य परेड की तैयारी कर रहा है। इस परेड में वह अपने बढ़ते परमाणु हथियार कार्यक्रम के नवीनतम उपकरणों को प्रदर्शित कर सकता है। इस परमाणु कार्यक्रम ने उत्तर कोरिया के पड़ोसियों और अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि किम ने कोरियन पीपल्स आर्मी के जनरल ऑफिसर रैंक के अधिकारियों के आवासीय परिसरों का अपनी बेटी किम जु ऐ के साथ दौरा किया। सरकारी मीडिया द्वारा जारी तस्वीरों में



भोज के दौरान सैन्य अधिकारियों को देखा जा सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह भोज प्योंगयांग के यांग्गाकदो होटल में आयोजित किया गया था। इस मौके पर किम और उनकी बेटी ने काला सूट और सफेद कमीज पहन रखी थी। बताया जाता है कि किम की बेटी की आयु नौ से 10 साल है। इस मौके पर किम की पत्नी री सोल जु भी उनके साथ थीं। सार्वजनिक तौर पर चौथी बार सबके सामने आई किम जु ऐ अपने पिता के पास खड़ी रहीं और उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से हाथ मिलाया। वह इसके बाद एक मेज पर अपने पिता के साथ ही बैठीं। विश्लेषकों का कहना है कि सेना से जुड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनी बेटी को साथ लाकर किम दुनिया को यह याद दिलाना चाहते हैं कि उनका अपने परमाणु हथियारों का स्वेच्छा से समर्पण करने का कोई इरादा नहीं हैं।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में टीटीपी के 12 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने बुधवार को देश के अशांत पश्चिमोत्तर क्षेत्र में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 12 आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सरकार ने आतंकी हमलों में बढ़ोतरी के बाद गैरकानूनी समूहों के खिलाफ अपनी कार्वाई तेज कर दी है। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से सटे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में कार्वाई के दौरान आतंकवादियों के वाहन को निशाना बनाया गया।

**सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002, (भारत)
फोन : 91–11–23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079
31 दिसम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही/नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | पृथक्कृत: नौ माह समाप्त 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | पृथक्कृत: तिमाही समाप्त 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) | समेकित: तिमाही समाप्त 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | समेकित: नौ माह समाप्त 31.12.2022 (अलेखापरीक्षित) | समेकित: तिमाही समाप्त 31.12.2021 (अलेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.87 | 1.97 | 0.03 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (2.20) | (3.35) | (0.76) | (2.04) | (2.40) | (1.65) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (2.20) | (3.35) | (0.76) | (2.04) | (2.40) | (1.65) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात, (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (2.21) | (3.34) | (0.76) | (2.04) | (2.73) | (1.65) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 6.86 | 36.16 | 47.29 | 43.49 | 205.64 | 246.19 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पूर्व) (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक का) (क) मूल (रू.) | (0.92) | (1.39) | (0.32) | (0.85) | (1.14) | (0.69) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | (0.92) | (1.39) | (0.32) | (0.85) | (1.14) | (0.69) |

नोट्स :
(1) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/नौ माह हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.cse-india.com पर उपलब्ध है।
(2) उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनीज (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं।
(3) उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित और तदुपरांत निदेशक मंडल द्वारा 08 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता./–
विवेक गुप्ता
(निदेशक)
डीआईएन : 00035916
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 08–02–2023

# कुशवाहा को नेता के तौर पर तेजस्वी के अलावा किसी से दिक्कत नहीं

**भाषा**। पटना



**जनता दल ( यूनाइटेड )** के असंतुष्ट नेता उपेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को कहा कि अगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उपमुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव को कमान सौंपने की संभावना से इनकार करते हैं तो वह अपना विद्रोह छोड़ देंगे। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि अगर जदयू का नेतृत्व लव-कुश समाज (कुर्मी और कोइरी) में से कोई भी करता है, तो वह खुशी-खुशी एक साधारण पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लोग कहते रहते हैं कि महागठबंधन के गठन के समय एक डील (समझौता) हुई थी, जिससे जदयू के भीतर उथल-पुथल मच गई है। कुशवाहा ने कहा कि केवल मुख्यमंत्री ही यह घोषणा करके अफवाहों पर विराम लगा सकते हैं कि वह तेजस्वी को 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में नेता के रूप में समर्थन नहीं दे रहे हैं।

वर्ष 2021 में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (आरएलएसपी) का विलय करके जदयू में लौटे कुशवाहा ने दावा किया कि उन्हें पार्टी के नेतृत्व का दावेदार बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। कुशवाहा ने कहा, लेकिन अगर मौजूदा स्थिति जारी रहती है तो यह पार्टी डूब जाएगी। नीतीश कुमार ने बिहार को अंधेरे युग से बाहर निकाला था। उनकी विरासत पर बादल छाए हुए हैं। इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि वह भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं, कुशवाहा ने जवाब दिया, इससे क्या फर्क पड़ता है कि भाजपा या मुस्लिम लीग मेरे पीछे है। उन्होंने यह भी दावा किया कि नीतीश, जो अब 70 के दशक में हैं, स्वयं निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं बल्कि अपने दो-तीन करीबी लोगों की बातों पर चलते हैं।

जब कुशवाहा से स्पष्ट रूप से पूछा गया कि वह किसके बारे में बात कर रहे हैं तो उन्होंने किसी का भी नाम लेने से इनकार कर दिया। इस बीच, राजद ने अपने संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद के छोटे बेटे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव के खिलाफ मोर्चा खोलने के लिए कुशवाहा की आलोचना की। राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, हां, पिछले साल जब नीतीश जी हमारे साथ आए थे तो एक समझौता हुआ था। यह समझौता केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा संविधान पर किए जा रहे हमले के खिलाफ लड़ने के लिए था। लेकिन, कुशवाहा को खुलासा करना चाहिए कि वह इन दिनों किनको दिल दे बैठे हैं। क्या वह अभी भी समाजवादी हैं या उन्होंने सांप्रदायिक ताकतों के साथ समझौता कर लिया है। राजद प्रवक्ता ने कहा, किसी को नेता घोषित करने का कोई फायदा नहीं है। नेता लोगों के आशीर्वाद से अपना पद अर्जित करते हैं।

## कोविड-19 मस्तिष्क को कर सकता है प्रभावित, तंत्रिका संबंधी बीमारियों के जोखिम को बढ़ाता है : डॉक्टर

**तिरुवनंतपुरम।** कोविड-19 को मुख्य रूप से श्वसन संबंधी बीमारी के रूप में देखा और इलाज किया जा सकता है, लेकिन मानव शरीर पर प्रभाव के मामले में यह ज्यादा गंभीर है क्योंकि यह मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है जिससे अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। जाने माने डॉक्टर डॉ. यतीश अग्रवाल ने यह कहा है। वर्द्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज और सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अग्रवाल ने महामारी को हजार सिर वाला दैत्य बताते हुए कहा कि कोविड-19 का प्रभाव नाक, गले और फेफड़ों से कहीं आगे तक फैला हुआ है तथा शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंग मस्तिष्क को भी प्रभावित कर सकता है। मनोरमा इयरबुक 2023 के लिए एक विशेष लेख में कहा है कि व्यापक क्लीनिकल अध्ययन से पता चलता है कि 36-84 प्रतिशत कोविड-19 रोगियों में न्यूरोलॉजिकल जटिलताएं होती हैं।



नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक करते फिजी के उपप्रधानमंत्री बिमान प्रसाद।

## पनुन कश्मीर ने जम्मू कश्मीर में अतिक्रमण विरोधी अभियान का किया स्वागत

**जम्मू।** प्रवासी कश्मीरी पंडितों के एक संगठन ने सरकारी जमीन को वापस लेने के लिए जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान का स्वागत किया है तथा इस केंद्रशासित प्रदेश में अलगाववाद को कथित रूप से प्रोत्साहित करने में नेकां और पीडीपी की भूमिका की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की है। पनुन कश्मीर के अध्यक्ष अजय चरूंगू द्वारा बुधवार को इस आशय का बयान जारी किया गया। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पूर्व मुख्यमंत्रियों- नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती समेत जम्मू-कश्मीर के कई नेताओं ने इस अभियान के विरुद्ध चिंता प्रकट की है।

मुफ्ती ने हाल में भाजपा सरकार पर गरीबी और वंचित तबकों के घरों को तोड़कर जम्मू कश्मीर को अफगानिस्तान में तब्दील कर देने का आरोप लगाया था जबकि अब्दुल्ला ने कहा था कि वह लोगों द्वारा सरकारी जमीन का अतिक्रमण किए जाने के खिलाफ हैं लेकिन प्रशासन को उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी ने नौ जनवरी को जारी एक परिपत्र में सभी उपायुक्तों को जनवरी के अंत तक रोशनी और कहचराई सहित सभी सरकारी भूमि से 100 प्रतिशत अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद से जम्मू कश्मीर में 10 लाख कनाल से अधिक जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। चरूंगू ने कहा, इस केंद्रशासित प्रदेश में खासकर बड़ी राजनीतिक हस्तियों द्वारा अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण एवं निर्माण के खिलाफ जम्मू कश्मीर प्रशासन की कार्रवाई का हम स्वागत करते हैं। पनुन कश्मीर जम्मू कश्मीर और केंद्र के नेतृत्व से ऐसी भ्रष्ट एवं अवैध गतिविधि को न केवल भ्रष्टाचार के कृत्य, बल्कि अंदरूनी अशांति फैलाने की कार्वाई के रूप में देखने का आह्वान करता है।

## संसद में अपनी आक्रामक टिप्पणी पर कायम महुआ मोइत्रा, कहा.. हकीकत बयां की

**भाषा**। नई दिल्ली

**संसद में** अपनी आक्रामक टिप्पणी को लेकर उठे विवाद के बीच तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं। बुधवार को महुआ ने अतीत में सदन में की गई भाजपा नेताओं की कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने केवल हकीकत बयां की है। लोकसभा में मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के समय महुआ मोइत्रा के भाषण के दौरान तृणमूल कांग्रेस और भाजपा सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। मोइत्रा को इस दौरान कुछ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते सुना गया जिस पर आसन ने आपत्ति व्यक्त की और ऐसे शब्दों से बचने को कहा।

इस बारे में पूछे जाने पर मोइत्रा ने किसी का नाम लिए बिना दावा किया, इस सज्जन ने किसानों को दलाल कहा था। शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने राज्यसभा में डॉ शांतनु सेन के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही थीं। यह पहली बार नहीं हो रहा है कि रिकार्ड में आक्रामक या सख्त लहजे वाले शब्दों का इस्तेमाल किया गया हो। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने कहा, जब भाजपा यह कहती है कि ए महिला होकर ऐसे शब्दों का उपयोग कैसे कर सकती है तब मुझे हंसी आती है। क्या मुझे जवाब देने के लिए पुरूष होने की जरूरत होगी ? इसलिए मैं समझती हूं कि इनकी पितृसत्तात्मक सोच सामने आ गई है। उन्होंने कहा, मैंने जो सच है वही कहा है और मैं इस पर कायम हूं।

महुआ ने कहा कि उन्हें केवल इस बात का खेद है कि 2021-22 के प्रारंभ में विपक्ष ने अडाणी के घोटाले को आक्रामक तरीके से नहीं रखा। वहीं, भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी ने कहा कि लोग हमें जन प्रतिनिधि के तौर पर संसद में भेजते हैं और हमें संसद की गरिमा के अनुरूप आचरण करना चाहिए। उन्होंने कहा, लोग हमें देख रहे हैं। महिलाएं हमेशा गरिमा को बनाए रखती हैं..हमारी संस्कृति ऐसी है। मेरे पिता कहा करते थे कि एक व्यक्ति अपने डीएनए के अनुरूप ही काम करता है। विधूड़ी ने कहा कि अगर वह (महुआ) समझती हैं कि वह सही हैं तब सुदीप बंदोपाध्याय को माफी मांगने की जरूरत क्यों पड़ी। इस बारे में पूछे जाने पर भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि ऐसी घटनाएं संसद में नहीं होनी चाहिए और बोलते समय लोगों को संयम बरतना चाहिए। हेमा मालिनी ने कहा, भावनात्मक होने की जरूरत नहीं है। महुआ मोइत्रा के अपनी बात पर कायम होने के संदर्भ में हेमा ने कहा, स्वभाव से वह ऐसी ही हैं।

## स्मृति ईरानी की बेटी की राजस्थान के नागौर के किले में होगी शादी

**जोधपुर।** राजस्थान एक बार फिर से हाई-प्रोफाइल शादी का गवाह बनेगा जब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बेटी शानेल नागौर के किले में बृहस्पतिवार को कनाडा में रहने वाले अधिवक्ता अर्जुन भल्ला के साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर में एक निजी समारोह में शादी की थी। दोनों ने अपने परिवार के सदस्यों और बेहद करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सूर्यगढ़ पैलेस में शादी की थी। शानेल ईरानी का विवाह समारोह बुधवार एवं बृहस्पतिवार को जोधपुर के निकट नागौर जिले में स्थित 16वीं सदी के खिमसर किले में होगा, जिसमें परिवार के सदस्य एवं करीबी मित्र शामिल होंगे। बालू के टीलों से घिरा खिमसर किला अब प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके गजेंद्र सिंह खिमसर का धरोहर होटल है। दुल्हन और उनके पिता जुबीन ईरानी मंगलवार को ही कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए थे, जबकि संसद का सत्र होने के कारण उनकी मां स्मृति ईरानी बुधवार सुबह जोधपुर पहुंची और वहां से सड़क मार्ग से नागौर रवाना हो गईं। खिमसर किले के सूत्रों के मुताबिक मेहमानों की सूची किला प्रबंधन को पहले ही उपलब्ध करा दी गई है।

## भारत में कोविड पीड़ितो की वास्तविक संख्या सरकारी आंकड़ों से 17 गुना ज्यादा: बीएचयू का अध्ययन

**भाषा**। नई दिल्ली




**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय** (बीएचयू) की अगुवाई में हुए एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की वास्तविक संख्या आधिकारिक आंकड़ों से करीब 17 गुना ज्यादा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कोविड-19 से अबतक करीब साढ़े चार करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं। हालांकि इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंफैक्शियस डीज़ीज़ (आईजेआईडी) में प्रकाशित अध्ययन में अनुमान जताया गया है कि देश में कोरोना वायरस से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या 58 से 98 करोड़ के बीच हो सकती है।

बीएचयू की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, अध्ययन में सामने आया है कि भारत में कोरोना वायरस मामलों की वास्तविक संख्या आधिकारिक आंकड़ों की तुलना में कम से कम 17 गुना ज्यादा है। आनुवंशिक विज्ञान के प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग संक्रमित तो हुए, लेकिन उनमें इसके लक्षण नहीं दिख रहे थे, जो वास्तविक आधिकारिक आंकड़ों से कई गुना अधिक है तथा यही विसंगति इस अध्ययन में देखी गई है।

अध्ययन की अगुवाई करने वाले चौबे ने पीटीआई-भाषा से कहा कि युवा आबादी में बिना लक्षण वाले मामले अधिक थे। उन्होंने बताया कि इस अध्ययन में देश के 34 संस्थानों के 88 वैज्ञानिक शामिल थे। टीम ने सितंबर से दिसंबर 2020 के दौरान छह राज्यों में 14 ज़िलों के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 2301 लोगों का सीरो सर्वे (एंटी बॉडी जांच) किया था।

शोधार्थियों का कहना है कि इस अध्ययन का सबसे चौंका देने वाला पहलू यह है कि भारत की आबादी के बड़े हिस्से को कोविड संक्रमण के लक्षण नहीं हुए और 26-35 आयु समूह में अधिकतम मामले ऐसे थे, जिन्हें संक्रमण का कोई लक्षण नहीं था। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस की किसी भी लहर के बाद लोगों की एंटीबॉडी जांच से संक्रमण के वास्ताविक मामलों का सटीक मूल्यांकन किया जाता है। टीम ने भारत के 14 जिलों के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लोगों पर शोध किया, जिन्हें कोरोना वायरस का संक्रमण लगने का अधिक खतरा था, जैसे रेहड़ी-पटरी वाले।

अध्ययन के प्रथम लेखक बीएचयू के प्रज्वल प्रताप सिंह ने कहा कि एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में संक्रमित लोगों की संख्या का पता लगाने के लिए नया रूख अपनाया गया और सिर्फ उन लोगों के नमूने लिए गए, जिन्होंने कहा था कि उनमें न तो कभी कोविड के लक्षण सामने आए, न आरटीपीसीआर जांच में वह संक्रमित पाए गए। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में सबसे कम लोगों (सिर्फ दो फीसदी लोगों) के शरीर में एंटीबॉडी मिली थी, जबकि उत्तर प्रदेश के गाज़ीपुर में सबसे ज्यादा (47 प्रतिशत) लोगों के शरीर में एंटीबॉडी मिली। शोधार्थियों ने यह भी बताया कि सरकार की ओर से बताए गए मामलों की संख्या वास्ताविक संख्या से काफी कम थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 96 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,83,639 हो गई है। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर।,785 हो गई है।



नई दिल्ली में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी। साथ में लोजपा (राम विलास) सांसद चिराग पासवान बजट सत्र के दौरान संसद भवन में बातें करते हुए

## सिक्का निकालने की मशीन में नक्ली नोट डालने की वजह से यूपीआई विकल्प लाया गया: आरबीआई

**भाषा**। मुंबई

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने बुधवार को कहा कि सिक्का निकालने वाली मशीन में नकली नोट डाले जाने के मामलों को देखते हुए यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) आधारित विकल्प को अपनाने का फैसला किया गया है। उन्होंने मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा, समस्या यह थी कि इन मशीनों में जो रुपए डाले जा रहे थे, कई मामलों में नकली पाए गए। इसीलिए यह मुद्दा बन गया था।

शंकर ने कहा कि इसी को देखते हुए आरबीआई ने विकल्पों पर विचार करना शुरू किया गया। बहुत सारे लोग मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं। उसके जरिए क्यूआर कोड स्कैन किया जा सकता है जो यूपीआई से जुड़ा हो सकता है। इसके माध्यम से भौतिक रूप से रुपए का उपयोग किए बिना वेंडिंग मशीन से सिक्के निकाले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मशीन देश में विकसित की गई हैं। इस नई व्यवस्था में सिक्कों के वितरण में सुधार होगा। इससे पहले, दिन में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने क्यूआर कोड आधारित कॉइन वेंडिंग मशीन (क्यूसीवीएम) को लेकर पायलट परियोजना शुरू करने की घोषणा की। आरबीआई 12 शहरों में क्यूआर कोड आधारित सिक्का निकालने की मशीन को लेकर पायलट परियोजना शुरू करेगा। ए वेंडिंग मशीनें यूपीआई का उपयोग करके बैंक ग्राहकों के खाते से पैसे काटकर सिक्के उपलब्ध कराएंगी। अभी जो मशीनें हैं, उसमें बैंक नोट डालकर सिक्के निकाले जाते हैं। दास ने कहा, नकद आधारित परंपरागत कॉइन वेंडिंग मशीन में भौतिक रूप से रुपए डालने और उसके सत्यापन की जरूरत नहीं होगी।

शुरू में पायलट परियोजना 12 शहरों के 19 स्थानों पर शुरू करने की योजना है। इन मशीनों को रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल, बाजारों में लगाया जाएगा। शंकर ने कहा कि आरबीआई एक अजीब समस्या से जूझ रहा है। एक तरफ सिक्कों की आपूर्ति बहुत अधिक है और इसको रखने में अधिक जगह की जरूरत होती है। साथ ही यह ठीक से वितरित नहीं हो पाता है। इस बीच, डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव ने कहा कि कर्ज पर जुर्माने को लेकर ब्याज के मामले में बैंकों की अलग-अलग नीतियां हैं। इस मामले में पारदर्शिता लाने और ग्राहकों के हितों के संरक्षण को लेकर जुर्माना लगाए जाने के बारे में विभिन्न पक्षों से राय लेने को लेकर दिशानिर्देश का मसौदा जारी किया जाएगा।

# अडाणी समूह की सात कंपनियों के शेयर चढ़े

### ● अडाणी एंटरप्राइजेज में 20 प्रतिशत तेजी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयर बुधवार को लाभ के साथ बंद हुए, जिनमें समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज करीब 20 प्रतिशत की बढ़त पर रही। कारोबार के अंत में समूह की कुल सात कंपनियों के शेयर मजबूती के साथ बंद हुए जबकि तीन कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। ब्रोकरेज फर्म स्टॉक्सबॉक्स के शोध प्रमुख मनीष चौधरी ने बताया कि पिछले दो कारोबारी सत्रों में अडाणी समूह की कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में लगभग 70,000 करोड़ रुपए के नुकसान की भरपाई हो चुकी है। इसके बाद भी समूह के कुल बाजार मूल्यांकन में पिछले दस कारोबारी दिनों में लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपए यानी लगभग 45 प्रतिशत का नुकसान हुआ है। अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को अडाणी समूह पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए एक रिपोर्ट जारी की थी। उसके बाद से ही इसके शेयरों में भारी गिरावट देखी गई है।

अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर 2,158.65 रुपए के भाव पर बंद हुए जो 19.76 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण 40,601.14 करोड़ रुपए बढ़कर 2.46 लाख करोड़ रुपए हो गया। अडाणी पोर्ट और स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयर 8.34 प्रतिशत बढ़कर 599.45 रुपए के भाव पर बंद हुए। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 9,969.04 करोड़ रुपए बढ़कर 1.29 लाख करोड़ पर पहुंच गया। अडाणी पावर 182 रुपए, अडाणी ट्रांसमिशन।,314.25, एनडीटीवी 227.75 रुपए और अडाणी विल्मर 419.35 रुपए के भाव पर बंद हुआ। इन सभी कंपनियों में पांच-पांच प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा अंबुजा सीमेंट भी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 384.35 रुपए के भाव पर बंद हुआ।

दूसरी तरफ, समूह की तीन कंपनियां नुकसान में रहीं। अडाणी टोटल गैस पांच प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 4.92 प्रतिशत और एसीसी 1.11 प्रतिशत की गिरावट में रहीं। इसके पहले मंगलवार को भी समूह की दस में से छह कंपनियों के शेयर चढ़े थे। समूह की कंपनियों को दिए गए कर्जों से बैंकों की ऋण गुणवत्ता पर कोई असर न पड़ने के रेटिंग एजेंसियों के बयान से शेयरों को समर्थन मिला।

## अडाणी विल्मर का तीसरी तिमाही का मुनाफा 16 प्रतिशत बढ़कर 246 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अडाणी विल्मर का दिसंबर, 2022 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 246.11 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। आमदनी बढ़ने से कंपनी के मुनाफे में बढ़ोतरी हुई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 211.41 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 15,515.55 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,398.08 करोड़ रुपए थी। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 488.51 करोड़ रुपए रह गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 569.45 करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी की आय बढ़कर 44,501.14 करोड़ रुपए हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 39,347.33 करोड़ रुपए थी। अडाणी विल्मर खाद्य तेल और कुछ अन्य खाद्य उत्पाद फॉर्च्यून ब्रांड नाम से बेचती है। यह अडाणी समूह और सिंगापुर की विल्मर का 50:50 का संयुक्त उद्यम है।

## उत्तर प्रदेश रेरा ने 47,671 शिकायतों में से 42,600 का निपटान किया : चेयरमैन

**नई दिल्ली( भाषा )।** उप्र रियल एस्टेट नियामकीय प्राधिकरण (यूपी-रेरा) के चेयरमैन राजीव कुमार ने बताया कि प्राधिकरण राज्य में बहुत प्रभावी है और उसने दर्ज की गई लगभग 90 प्रतिशत शिकायतों का निपटान कर दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उप्र रेरा के पास 47,671 शिकायतें आ चुकी हैं, जो देशभर में आईं शिकायतों का लगभग 38 प्रतिशत हैं। इनमें से लगभग 42,600 शिकायतों का निपटान हो चुका है जो देश में निपटान वाली कुछ शिकायतों का लगभग 41 प्रतिशत हैं। उद्योग मंडल एसोचैम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कुमार ने कहा कि यूपी-रेरा ने विभिन्न राज्यों के नियामकों द्वारा हल की गई कुल उपभोक्ता शिकायतों में से 41 प्रतिशत का निस्तारण किया है। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली के रियल एस्टेट कारोबार में इतनी समस्या नहीं होती तो रेरा अधिनियम अस्तित्व में ही नहीं आया होता।

## कुमारस्वामी की ब्राह्मण विरोधी टिप्पणी को लेकर पुजारी ने उनसे जवाब मांगा

**भाषा**। गोकर्ण (कर्नाटक)

**केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी** को संस्कृति विहीन और समाज को बांटने वाले ब्राह्मण समुदाय का हिस्सा बताने वाले जद(एस) नेता एच. डी. कुमारस्वामी की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद एक मंदिर के पुजारी ने बुधवार को इसपर आपत्ति जताई और उनसे स्पष्टीकरण मांगा। अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा ने कुमारस्वामी के ब्राह्मण विरोधी बयानों की निंदा की है और राज्य के विभिन्न हिस्सों में जद(एस) नेताओं की आलोचना में प्रदर्शन किए जाने की भी सूचना है।

ब्राह्मण समुदाय, खासतौर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं सहित विभिन्न राजनेताओं तथा विभिन्न तबकों की आलोचना झेल रहे पूर्व मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है और उनकी टिप्पणी ब्राह्मणों के संबंध में नहीं थी। मंदिर पहुंचे कुमारस्वामी से पुजारी ने कहा, आपके ब्राह्मण-विरोधी बयान ने हमें बहुत दुख पहुंचाया है... मैं ऐसा कह रहा हूं, इसे कृपया अन्यथा न लें। हम आपके परिवार का सम्मान करते हैं... पहले मैं यहां देवेगौड़ा (कुमारस्वामी के पिता पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा) से मिल चुका हूं और उनका अभिनंदन कर चुका हूं। पहले वह मुख्यमंत्री बने, फिर प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे और आप भी मुख्यमंत्री बने।

पुजारी ने कहा, हम आपके प्रशासन से खुश हैं, लेकिन आपकी हालिया टिप्पणी से हमें दुख पहुंचा है, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप जाने से पहले इसे स्पष्ट करें। कुमारस्वामी ने पुजारी से कहा कि वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि वह ब्राह्मण-विरोधी नहीं है और उन्होंने ब्राह्मण समुदाय के बारे में बयान नहीं दिया है, वह भाजपा और पेशवाओं के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम ब्राह्मण समुदाय का बहुत सम्मान करते हैं।

यह स्पष्ट करते हुए कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया, कुमारस्वामी ने कहा, हम हमेशा ब्राह्मणों का सम्मान करते हैं जिनकी संस्कृति सर्वजन सुखिना भवंतु कहने की है। मैं श्रृंगेरी मठ को बर्बाद करने वालों का संदर्भ दे रहा था। गौरतलब है कि कुमारस्वामी ने रविवार को दावा किया था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) विधानसभा चुनावों के बाद प्रह्लाद जोशी को कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनाने और उनके साथ आठ उपमुख्यमंत्री बनाने का षड्यंत्र कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि वह (जोशी) ब्राह्मणों के ऐसे धड़े से ताल्लुक रखते हैं जो संस्कृति विहीन हैं और समाज को बांटते हैं।

# पारंपरिक प्रारूप की प्रतिद्वंद्विता में आस्ट्रेलिया के लिए भारत के पास स्पिन का ब्रह्मास्त्र

**भाषा।** नागपुर





**सीमित** ओवरों में अपने फन का लोहा मनवा चुके रोहित शर्मा टेस्ट कप्तान के रूप में अपने कैरियर की सबसे बड़ी परीक्षा से गुजरेंगे जब बृहस्पतिवार से भारतीय टीम का सामना बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए आस्ट्रेलिया से होगा जो यहां बदला चुकता करने के इरादे से आई है लेकिन सामना भारतीय फिरकी के ब्रहमास्त्र से होगा।

क्रिकेट के मैदान पर किवदंती बन चुकी इस श्रृंखला में कई कैरियर बनेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी होंगे। इसमें नाकाम रहने पर कइयों के कैरियर पर विराम भी लग सकता है। क्रिकेट के मैदान की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में शुमार इस श्रृंखला पर क्रिकेटप्रेमियों, आलोचकों और मीडिया की पैनी नजरें रहेंगी।

क्या रोहित शर्मा आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को पूल शॉट खेलने की अपनी ललक पर काबू रख सकेंगे। एश्टोन एगर या नाथन लियोन के सामने विराट कोहली कैसे शॉट खेलेंगे। क्या सूर्यकुमार यादव को कोच राहुल द्रविड़ शुभमन गिल पर तरजीह देंगे।

अक्षर पटेल ज्यादा उपयोगी साबित होंगे या कुलदीप यादव। इन सभी सवालों के जवाब इस श्रृंखला में मिलेंगे।

अपनी सरजमीं पर पिछली दोनों बार (2018 . 19 और 2020 . 21) में श्रृंखला गंवाने का दर्द कमिंस और उनकी टीम को है और वे इस बार बदला लेने के इरादे से ही आए हैं। वैसे यह उनके लिए इतना आसान भी नहीं होगा क्योंकि पिच पहले ही दिन से टर्न ले सकती है।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2001 के बाद से हुई श्रृंखलाओं में एशेज की तुलना में बेहतर क्रिकेट देखने को मिला है। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की इस जमात को मैथ्यू हेडन, जस्टिन लैंगर, ग्लेन मैकग्रा या एडम गिलक्रिस्ट जैसे 2004 की टीम के खिलाड़ियों की बराबरी करनी है तो यह श्रृंखला जीतनी होगी।

स्टीव स्मिथ ने खुद कहा है कि भारत में श्रृंखला जीतना एशेज से भी बड़ा है।

रोहित चोट या बीमारी के कारण बड़ी टीमों के खिलाफ सभी टेस्ट चूकते आए हैं। चाहे 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला हो या इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट। अब उनके सामने चुनौती विराट कोहली की तरह भारत को एक बार फिर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ले जाने की है।

इसके लिए भारत को जीत में दो मैचों का अंतर रखना होगा। रोहित के ब्रहमास्त्र उनकी स्पिन चौकड़ी है जिनमें से तीन का खेलना तय है। इसी तरह उनके बल्लेबाजों को भी लियोन को संभलकर खेलना होगा।

कोई नहीं जानता कि बीसीसीआई ने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत की नाकामी के बाद रोहित को टी20 कप्तानी से हटाया तो उन्हें कैसा लगा होगा। वह सार्वजनिक तौर पर कुछ नहीं कहते लेकिन दुखी जरूर होंगे। अब उनके पास खुद को महान कप्तानों की सूची में शामिल कराने के लिए यह श्रृंखला एक जरिया है।

उन्हें ऋषभ पंत की कमी जरूर खलेगी और देखना होगा कि वह इसकी भरपाई कैसे करते हैं। कोना भरत बतौर विकेटकीपर प्रभावी है लेकिन रणजी स्तर पर तिहरे शतक के बावजूद आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी के सामने उनकी क्षमता को लेकर कुछ कह पाना मुश्किल है। कोटला पर रणजी मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने उन्हें काफी परेशान किया।

ईशान किशन बेहतर बल्लेबाज जरूर है लेकिन विकेटकीपिंग को लेकर टीम प्रबंधन कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा क्योंकि उन्होंने टेस्ट में यह जिम्मा संभाला भी नहीं है। केएल राहुल को बाहर किया जा सकता है लेकिन टेस्ट से दो दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में उन्हें भेजने का मतलब है कि खराब प्रदर्शन के बावजूद उनकी जगह सुरक्षित है। इसके मायने हैं कि गिल या सूर्यकुमार जैसे मैच विनर में से एक को बाहर बैठना होगा।

रोहित के लिए सबसे बड़ा फैसला अक्षर या कुलदीप में से एक को चुनना होगा और अक्षर की संभावना अधिक लग रही है। भारत अगर चार स्पिनरों को लेकर उतरता है तो रविचंद्रन अश्विन को नई गेंद सौंपी जा सकती है। वैसे सूखी लग रही पिच पर तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग भी मिल सकती है तो ऐसे में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज उपयोगी साबित होंगे।

दूसरी ओर आस्ट्रेलिया निचले क्रम पर बल्लेबाजी के बेहतर रिकॉर्ड के कारण लियोन के जोड़ीदार के तौर पर एगर को उतार सकता है। कमिंस के साथ स्कॉट बोलैंड नई गेंद संभालेंगे। आस्ट्रेलिया के पास चार खब्बू बल्लेबाज हैं जिनमें डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, ट्रेविस हेड और एलेक्स कारी का खेलना तय है। कैमरन ग्रीन की गैर मौजूदगी में अतिरिक्त बल्लेबाज पीटर हैंडस्कांब या मैट रेनशॉ में से होगा।

**टीमें :**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, शुभमन गिल, रविंद्र जडेजा, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, सूर्यकुमार यादव, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, ईशान किशन।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, एलेक्स कारी, मैट रेनशॉ, पीटर हैंडस्कांब, नाथन लियोन, एश्टोन एगर,स्कॉट बोलैंड, लांस मौरिस, मिशेल स्वेपसन, टॉड मरफी, जोश हेजलवुड (उपलब्ध नहीं), कैमरन ग्रीन (उपलब्ध नहीं), मिशेल स्टार्क (दूसरे टेस्ट से)।

**मैच का समय : सुबह 9 . 30 से।**

## सूर्य टेस्ट खेलने को तैयार, लियोन को स्टार्क कमी खलेगी

**भाषा।** नागपुर





**महान** बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट वास्तव में अलग तरह का खेल है लेकिन उन्होंने बुधवार को कहा कि सूर्यकुमार यादव अपने कौशल और अलग हटकर सोचने की क्षमता के कारण पारंपरिक प्रारूप में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

पीटीआई को दिए साक्षात्कार में तेंदुलकर ने दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबले (मैच अप) के महत्व, रविचंद्रन अश्विन की प्रतिभा और चेतेश्वर पुजारा के महत्व के बारे में बात की जो गुरूवार से जामथा में अपना 99वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे हैं।

तेंदुलकर ने कहा, टी20 और वनडे खेलने से लेकर अब टेस्ट टीम में जगह बनाने तक उन्होंने (सूर्यकुमार यादव) दुनिया भर में अपनी अतुलनीय छाप छोड़ी है। जो भी सूर्यकुमार के खेल पर नजर रखते हैं, वे उसकी क्षमता और सोचने के तरीके के कायल हो जाते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट अलग तरह का खेल है। सूर्यकुमार टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार दिखता है। उसकी क्षमता के किसी खिलाड़ी के नाम पर लोकेश राहुल और शुभमन गिल के साथ विचार किया जाना चाहिए। तीनों सक्षम खिलाड़ी हैं और मैं यहां कोई निर्णय नहीं देना चाहता हूं लेकिन तीनों टीम में जगह बनाने में सक्षम हैं। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले तेंदुलकर सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश की बहस में नहीं पड़ना चाहते थे लेकिन उन्होंने कहा कि टीम में जगह बनाए रखने के लिए प्रदर्शन में निरंतरता जरूरी है।

उन्होंने कहा, मैं टीम संयोजन और उस सब में नहीं पड़ना चाहता। लेकिन अगर हम हाल के दिनों की बात करें तो शुभमन गिल अच्छी फॉर्म में है और राहुल योगदान नहीं दे पाया है लेकिन यही जीवन है। आप इन उतार-चढ़ावों से गुजरते हैं। ए दोनों बेहतरीन खिलाड़ी हैं और टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए रन बनाना जारी रखना होगा।

भारत के नंबर एक बल्लेबाज विराट कोहली और सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनकी फॉर्म में वापसी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम के लिए अच्छा संकेत है।

उन्होंने कहा, जिस तरह से उसने पिछले कुछ महीनों में खेला है, मुझे वास्तव में यह देखकर अच्छा लगा, दबदबे वाला, वह जो करना चाहता था उसे लेकर सुनिश्चित था

तेंदुलकर निश्चित रूप से नाथन लियोन और कोहली के बीच टक्कर देखना चाहेंगे क्योंकि यह दो दिग्गज खिलाड़ियों के बीच शानदार मुकाबला होगा। तेंदुलकर ने कहा, विश्व क्रिकेट को इस तरह की प्रतिद्वंद्विता की जरूरत है। इस तरह की प्रतिद्वंद्विता का होना महत्वपूर्ण है और याद रखिए कि जब ऑस्ट्रेलिया 1998 में आया था तो इसे वार्न बनाम तेंदुलकर कहा गया था और मुझे सभी को याद दिलाना पड़ा था कि यह वार्न बनाम तेंदुलकर नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत है।

## शुभमन को उतारा जाए, उपकप्तान का खेलना तय नहीं होना चाहिए : शास्त्री



**नागपुर।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का कहना है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट में शुभमन गिल को अंतिम एकादश में उपकप्तान केएल राहुल पर तरजीह दी जानी चाहिए। शास्त्री ने कहा कि उपकप्तानी का मतलब यह नहीं होना चाहिए कि टीम में जगह सुरक्षित है जबकि गिल जैसा बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा हो। पूर्व हरफनमौला ने कहा कि पांचवें नंबर पर कोई सूर्यकुमार यादव के आसपास भी नहीं है और उसे इसी क्रम पर उतारना चाहिए। उन्होंने कहा , शुभमन या राहुल के चयन का फैसला टीम प्रबंधन पर निर्भर करता है। फॉर्म काफी मायने रखता है जब कोई इतना शानदार प्रदर्शन कर रहा हो। उन्होंने कहा , मैने नेट्स पर गिल और राहुल को करीब से देखा है। अगर कड़ा फैसला लेना भी पड़े तो। मैं फुटवर्क देखता हूं , टाइमिंग देखता हूं। अगर गिल को राहुल पर तरजीह देनी पड़े तो देनी चाहिए। आपको देखना होगा। मैं यह नहीं कहता कि उपकप्तान होने के कारण राहुल का चयन तय है। भारत में अनुकूल पिचें बनाने को लेकर आस्ट्रेलिया में चर्चा गर्म है लेकिन शास्त्री ने कहा कि घरेलू मैदान का फायदा लेने में कोई बुराई नहीं है। उन्होंने कहा , अगर कोई मुझसे पूछे कि कैसी पिच चाहिए। क्या अपेक्षा है। मैं यही कहूंगा कि टॉस हारने पर भी गेंद पहले ही सत्र से टर्न लेने लगे। मैं एक कोच होने के नाते बस यही सोचूंगा कि आस्ट्रेलिया को 4 . 0 से कैसे हराना है। शास्त्री ने कहा कि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को अपने काम को बखूबी अंजाम देना होगा।

## लगातार काउंटी खेलने से इंग्लैंड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली सफलता : फिंच



**मेलबर्न।** क्रिकेट को अलविदा कह चुके आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि लगातार काउंटी और घरेलू क्रिकेट खेलने से इंग्लैंड को हाल ही में इतनी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कार्यभार से खिलाड़ियों को एक प्रारूप से दूसरे प्रारूप में आसानी से ढलने में मदद मिलती है। इंग्लैंड ने हाल ही में टी20 और वनडे विश्व कप जीता और दस में से नौ टेस्ट अपने नाम किए।

फिंच ने कहा कि इंग्लैंड के युवा क्रिकेटर अपने शुरूआती दिनों में ही इतना क्रिकेट खेल लेते हैं कि उन्हें अलग अलग प्रारूपों में ढलने में दिक्कत नहीं होती। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा , ए युवा खिलाड़ी काफी क्रिकेट खेलते हैं , खासकर अपने शुरूआती समय में। इससे इन्हें अलग अलग प्रारूप में खुद को ढालने में आसानी होती है। फिंच ने कहा , क्लब क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक वे काफी मैच खेलते हैं। इतना ज्यादा क्रिकेट खेलने के कारण तैयारी का तरीका भी अलग होता है।

## क्विक न्यूज

### गिरोन डलास ओपन के तीसरे दौर में

**डलास।** सातवीं वरीयता प्राप्त मार्कोस गिरोन ने अमेरिका के ही एलेक्स रिबाकोव को 6 . 4, 6 . 7, 6 . 1 से हराकर डलास ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली। पिछले साल यहां सेमीफाइनल तक पहुंचे गिरोन ने दूसरा सेट गंवाने के बाद तुरंत वापसी की और निर्णायक सेट में पहले पांच गेम लगातार जीत लिए। इसके बाद उन्होंने रिबाकोव को वापसी का मौका नहीं दिया। आठवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के एड्रियन मानारिनो ने अमेरिका के स्टीव जॉनसन को 7 . 6, 6 . 2 से हराया। वहीं अमेरिका के जे जे वोल्फ ने हमवतन ब्रेंडन होल्ट को 6 . 3, 6 . 3 से मात दी।

### फ्लामेंगो को हराकर अल हिलाल क्लब विश्व कप फाइनल में

**टैंगिएर।** सऊदी अरब के स्ट्राइकर सलीम अल दासारी ने एक बार फिर बड़े मैच में गोल करके अल हिलाल क्लब को क्लब विश्व कप फुटबॉल के फाइनल में पहुंचा दिया। विश्व कप में अर्जेंटीना पर मिली 2 . 1 से सनसनीखेज जीत में गोल करने वाले अल दासारी ने दो पेनल्टी को गोल में बदलकर अल हिलाल को ब्राजील के फ्लामेंगो क्लब पर 3 . 2 से जीत दिलाई। अब सऊदी अरब की चैम्पियन टीम का सामना रीयाल मैड्रिड या मिस्र के अल अहली से होगा। पहली बार यह टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार यूरोप के अलावा किसी टीम ने फुटबॉल क्लब विश्व कप 2012 में जीता था जब ब्राजील के कोरिंथियांस ने चेल्सी को 1 . 0 से हराया था।

### बेंगलुरू में पहली वन8 रन को हरी झंडी दिखाएंगे कोहली

**बेंगलुरू।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बेंगलुरू में 26 मार्च को पहली वन8 रन को हरी झंडी दिखाएंगे। कोहली की वन8 कंपनी द्वारा शुरू की गई इस दौड़ में तीन प्रतिस्पर्धी वर्ग (पांच किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 18 किलोमीटर) होंगे। फिटनेस को लेकर अपने जुनून के लिए मशहूर कोहली का लक्ष्य भारत के धावकों को प्रेरित करना है। इस दौड़ में कोई भी हिस्सा ले सकता है। कोहली ने एक विज्ञप्ति में कहा , फिटनेस और बेंगलुरू की मेरे दिल में खास जगह है। बेंगलुरू में वन8 रन की शुरूआत करके शहर के लोगों को हमारे साथ जुड़ने का एक मौका दे रहा हूं। इसके साथ ही इससे उदीयमान धावकों को तैयार करने में मदद भी मिलेगी। उम्मीद है कि यह दौड़ फिटनेस का संदेश देगी।

### एशियाई जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में भारतीय टीमों की विजई शुरुआत

**चेन्नई।** भारतीय टीमों ने बुधवार को यहां शुरू हुई एचसीएल 21वीं एशियाई जूनियर टीम स्क्वाश चैंपियनशिप 2023 में विजई शुरुआत की जब पुरूष टीम ने सिंगापुर और चीनी ताइपे को 3-0 से हराया जबकि महिला टीम ने भी श्रीलंका को इसी अंतर से पछाड़ा।

## आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर सूर्यकुमार शुभमन गिल कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

**भाषा।** दुबई

**भारत** के सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि शुभमन गिल कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 30वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। सूर्य 906 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में शतक जमाने वाले गिल कैरियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर हैं।

खेल के तीनों प्रारूपों में शतक जमा चुके गिल वनडे में छठे और टेस्ट में 62वें स्थान पर हैं। विराट कोहली एक पायदान गिरकर 15वें स्थान पर है जबकि केएल राहुल दो पायदान नीचे 27वें और कप्तान रोहित शर्मा 29वें स्थान पर हैं। ईशान किशन तीन पायदान नीचे खिसककर 48वें स्थान पर हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष दस में कोई भारतीय नहीं है।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आठ पायदान चढकर कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग पर हैं। भुवनेश्वर कुमार एक पायदान गिरकर 21वें स्थान पर हैं। रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल क्रमश: 29वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं।

हरफनमौला हार्दिक पंड्या बल्लेबाजों में 50वें और गेंदबाजों में 66वें से 46वें स्थान पर आ गए। हरफनमौलाओं में वह बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

## अग्रवाल का शतक, कर्नाटक के सौराष्ट्र के खिलाफ पांच विकेट पर 229 रन

**भाषा।** बेंगलुरू



**कप्तान** मयंक अग्रवाल के नाबाद शतक की मदद से कर्नाटक ने सौराष्ट्र के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन बुधवार को यहां पहली पारी में पांच विकेट पर 229 रन बनाए।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए उतरे कर्नाटक ने 40.3 ओवर में 112 रन तक ही पांच विकेट गंवा दिए थे।

सलामी बल्लेबाज अग्रवाल (नाबाद 110) और विकेटकीपर बल्लेबाज श्रीनिवास शरत (नाबाद 58) ने छठे विकेट के लिए 117 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संवारा।

अग्रवाल ने 246 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि शरत ने 143 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे।

सौराष्ट्र की ओर से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुशांग पटेल ने दो विकेट चटकाए जबकि चेतन सकारिया और प्रेरक मांकड़ ने एक-एक विकेट हासिल किया। एक बल्लेबाज रन आउट हुआ।

कर्नाटक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने छठे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज रविकुमार समर्थ (03) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने पटेल की गेंद पर विश्वराज जडेजा को कैच थमाया। तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल (09) भी नौवें ओवर में सकारिया की गेंद पर शेल्डन जैकसन को कैच दे बैठे। अग्रवाल और निकिन जोस (18) ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़े। पटेल ने जोस को विकेटकीपर हार्विक देसाई के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। मनीष पांडे भी सात रन बनाने के बाद मांकड़ का शिकार बने जबकि श्रेयस गोपाल (15) के रन आउट होने से कर्नाटक का स्कोर पांच विकेट पर 112 रन हो गया। अग्रवाल और शरत ने इसके बाद धैर्य के साथ बल्लेबाजी की और दिन के बाकी खेल के दौरान सौराष्ट्र के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा।

## एशिया मिश्रित चैंपियनशिप के लिए चोटिल सात्विक की जगह ध्रुव भारतीय टीम में

**भाषा।** नई दिल्ली

**ध्रुव** कपिला को दुबई में 14 से 19 फरवरी तक होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिए चोटिल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के विकल्प के तौर पर बुधवार को भारत की पुरुष युगल टीम में शामिल किया गया।

पुरुष युगल में चिराग शेट्टी के साथ जोड़ी बनाकर खेलने वाले सात्विक को कूल्हे में चोट लगी है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जिसके बाद भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) को उनके विकल्प के तौर पर ध्रुव को टीम में शामिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 16 फरवरी को ग्रुप बी में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन मलेशिया के खिलाफ करेगा। ग्रुप में मेजबान यूएई और कजाखस्तान को भी जगह मिली है। थॉमस कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले लक्ष्य सेन और एचएस प्रणीत पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल में भारत की शीर्ष खिलाड़ी होंगी। महिला युगल में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की जोड़ी उतरेगी जबकि इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो मिश्रित युगल में चुनौती पेश करेंगे।

## होमवर्कगेट मामले को याद किया ख्वाजा ने कहा कोच आर्थर की प्राथमिकताएं थी गलत

**भाषा।** नागपुर



**भारत** में 2013 की श्रृंखला के दौरान चर्चित होमवर्कगेट मामले के शिकार हुए आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने उस समय के टीम प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसकी प्राथमिकता गलत थी और श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन की बजाय सिर्फ कागजों पर रणनीति तैयार करने पर जोर था। चेन्नई और हैदराबाद में भारत से मिली भारी हार के बाद मोहाली टेस्ट में ख्वाजा पदार्पण की तैयारी में थे लेकिन तत्कालीन कप्तान माइकल क्लार्क, कोच मिकी आर्थर और टीम मैनेजर गेविन डोवे से मुलाकात के लिए उन्हें समन किया गया।

पाकिस्तान में जन्मे क्रिकेटर ख्वाजा के अलावा जेम्स पेटिंसन, मिशेल जॉनसन और शेन वॉटसन को भी कोच द्वारा दिया गया होमवर्क नहीं करने पर एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था। इन खिलाड़ियों को टीम के प्रदर्शन में सुधार के लिए पूछे गए सवालों के लिखित जवाब देने के लिए कहा गया था।

ख्वाजा ने नागपुर में पहले टेस्ट से पूर्व उस मामले को याद करते हुए कहा , उस समय प्राथमिकताएं ही गलत थी। हम मैदान पर अच्छे प्रदर्शन की बजाय कागजों पर सब कुछ सही करना चाहते थे। टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके ख्वाजा उस मामले से इतने दुखी हो गए थे कि आस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे। उन्होंने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा , मिकी के साथ सारा कोचिंग और सहयोगी स्टाफ दूसरी बातों पर ध्यान केंद्रित कर रहा था लेकिन हमारी हार का वही कारण नहीं था। उन्होंने कहा कि उस समय भारतीय टीम अधिक काबिल थी और यही वजह है कि आस्ट्रेलिया चारों टेस्ट हार गया था। उन्होंने कहा , उस समय हम भारत से काबिल नहीं थे और यही वजह है कि हम हारे। ख्वाजा ने कहा कि उस मामले के बाद उन्हें ऐसा लग रहा था मानों आस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम में वह कोई बाहरी हैं। उन्होंने कहा , किसी नए खिलाड़ी के लिए टीम में जगह बनाना वैसे भी कठिन था और इस तरह का कुछ होने पर तो मुझे लग रहा था कि मानों मैं कोई बाहरी हूं।

उन्होंने कहा , जब मैने वापसी की तो मुझे पता नहीं था कि फिर इस माहौल में रहना चाहूंगा या नहीं क्योंकि यह बहुत मजेदार नहीं था। लेकिन मैने खुद से सुलह की और खुद को समझाया कि मेरी जिंदगी में खुशी का जरिया सिर्फ क्रिकेट नहीं हो सकता।

## भारत ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के लिए कड़ी सुरक्षा

**नागपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां नौ फरवरी से शुरू होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए वीसीए स्टेडियम में कम से कम दो हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि त्वरित प्रतिक्रिया बल (क्यूआरटी) के कर्मियों को शहर में टीमों के दो होटलों से जामथा के विदर्भ क्रिकेट संघ (वीसीए) स्टेडियम तक के रास्ते पर तैनात किया जाएगा।

अधिकारी ने कहा कि नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकें की। अधिकारी ने कहा, आठ पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), 10 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), 35 पुलिस निरीक्षक, 138 सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) और पुलिस उप-निरीक्षक (पीएसआई) सहित 2000 पुलिसकर्मियों को इस दौरान स्टेडियम में तैनात किया जाएगा।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को हराया

**भाषा।** स्टेलनबोश (दक्षिण अफ्रीका)

**ऋषा** घोष के आक्रामक अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को यहां आईसीसी महिला टी20 विश्व कप अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 52 रन से हरा दिया।

भारत के 184 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम आठ विकेट पर 131 रन ही बना सकी। देविका वैद्य (21 रन पर दो विकेट) भारत की सबसे सफल गेंदबाज रहीं जबकि राजेश्वरी गायकवाड़, अंजलि सरवानी, दीप्ति शर्मा, राधा यादव और शेफाली वर्मा ने एक-एक विकेट चटकाए। बांग्लादेश की ओर से कप्तान निगार सुल्ताना (40) और सलामी बल्लेबाज मुर्शीदा खातून (32) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए।

भारत ने इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पावर प्ले में 35 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद ऋषा (नाबाद 91) और जेमिमा रोड्रिग्ज (41) ने चौथे विकेट के लिए 92 रन की तेजतर्रार साझेदारी टीम का स्कोर पांच विकेट पर 183 रन तक पहुंचाया।

ऋषा ने 56 गेंद की अपनी पारी के दौरान नौ छक्के और तीन चौके मारे जबकि जेमिमा ने 27 गेंद का सामना करते हुए छह चौके और एक छक्का जड़ा। पूजा वस्त्रकार ने अंत में चार गेंद में दो छक्कों से नाबाद 13 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से नाहिदा अख्तर ने 24 रन देकर दो विकेट चटकाए।

### रीयल कश्मीर ने सुदेवा दिल्ली को हराया

**श्रीनगर।** रीयल कश्मीर एफसी ने आईलीग में आठ मैच के जीत के इंतजार को खत्म करते हुए बुधवार को यहां सुदेवा दिल्ली एफसी को 4-2 से हराया।

रीयल कश्मीर की ओर से रिचर्ड ओसेई आग्एमांग (20वें और 71वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि लालनुंतलुआंगा बावितलुंग (17वें मिनट) और जस्टिन जॉर्ज (83वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। सुदेवा दिल्ली की ओर से फारवर्ड एलेक्सिस गोमेज (22वें मिनट) और एस खोतम (55वें मिनट) ने गोल किए। दिन के एक अन्य मैच में इम्फाल में नेरोका एफसी ने जोर्डन फ्लेचर के 60वें मिनट में दागे गोल की मदद से केंक्रे एफसी को।-0 से शिकस्त दी।

## भारत में मोटरस्पोर्ट के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे की जरूरत : कार्तिकेयन

**हैदराबाद।** भारत के पहले एफवन ड्राइवर नरेन कार्तिकेयन का मानना है कि हैदराबाद में फॉर्मूला ई रेस होने से देश में मोटरस्पोर्ट की लोकप्रियता बढेगी लेकिन इसके विकास के लिए अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है। भारत में आखिरी बार मोटरस्पोर्ट का बड़ा आयोजन 2013 में तीसरी इंडियन ग्रां प्री फॉर्मूला वन रेस के रूप में हुआ था। इस सप्ताह यहां पूरी इलेक्ट्रिक फॉर्मूला ई चैम्पियनशिप रेस हो रही है जबकि सितंबर में मोटो जीपी रेस होनी है। कार्तिकेयन ने पीटीआई से बातचीत में कहा , भारत में एक दशक बाद विश्व चैम्पियनशिप रेस हो रही है। नया प्रारूप होने के बावजूद भारत में यह खेल के लिए अच्छा है और इससे मोटरस्पोर्ट की लोकप्रियता बढेगी। उन्होंने कहा , रेस हैदराबाद शहर में होगी लिहाजा इसे काफी दर्शक मिलेंगे। पहली रेस होने के कारण सभी इसे देखने को लालायित होंगे। लेकिन सड़क के किनारे से देखने वाले दर्शक किसी ड्राइवर को पहचान नहीं सकेंगे। वैसे कुछ बड़े ब्रांड और निर्माता प्रमोशन के लिए जरूर कुछ करेंगे।

इस रेस में भारत का कोई ड्राइवर भाग नहीं ले रहा लेकिन महिंद्रा रेसिंग इसमें जरूर नजर आएगी। कार्तिकेयन ने कहा , भारत में मोटो जीपी रेस भी होनी है और दो विश्व चैम्पियनशिप से खेल पर सभी का ध्यान जाएगा। देश में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन मोटरस्पोर्ट को बुनियादी ढांचे और वित्तीय सहायता की जरूरत है जो इतने साल से नहीं मिला।